ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 34, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 15

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 16

ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ध्यान साधना के दूसरे दिन तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्षी 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। एजेंसी

देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।

दुनिया को पछाड़ तेजी से दौड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।

इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। 4 जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होंगे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है।

- देश की जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे ऊपर

भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है। एनएसओ के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी वित्त वर्ष 2023-24 में 295.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 में यह 269.50 लाख करोड़ रुपये थी। यह 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है। बीती मार्च तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी 47.24 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 43.84 लाख करोड़ रुपये थी। यह 7.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं मार्च तिमाही में देश की मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 9.9 प्रतिशत बढ़कर 78.28 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले यह 71.23 लाख करोड़ थी।

एक नजर

निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

नई दिल्ली। डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। डीजीसीए ने उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

15 मतदान कर्मी समेत 78 की मौत

प्रचंड गर्मी का कहर : जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों समेत अलग-अलग जिलों में 78 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

मिर्जापुर में लोस चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है।

वहीं, हमीरपुर में 12, बांदा में सात, महोबा में सात, चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को नौ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, बाराबंकी में दो, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक, प्रतापगढ़ में दस मौतें हुई है।

वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

- मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए इयूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों की मौत

इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

- हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।

मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।

- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

यौन उत्पीड़न मामला

- जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

अमृत विचारः नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

लखीमपुर के थाना निघासन के गांव दरेरी निवासी घनश्याम गिरि पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वह गुरुवार देर शाम वापस घर जा रहे थे। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में तूफान के दौरान उनकी कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कार चला रहे घनश्याम गिरि की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबकर इंद्रपाल (60) की मौत हुई है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव इमलिया में ट्रक पर नीम का पेड़ गिर गया, जिससे उसके नीचे दबने से गांव निवासी विनोद कुमार (35) की मौत हो गई। कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के गांव विलासपुर में तूफान के दौरान पक्की दीवार भरभराकर ढह गई, जिसके उसके नीचे दबकर फूलमती (75) पत्नी शिवराम की मौत हो गई। हैदराबाद क्षेत्र के गांव बेलवा में दीवार में दबकर 36 वर्षीय विकास कुमार की जान चली गई। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रोशन नगर में एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर फखरुद्दीन (35), उनकी पत्नी नसीम बानो (30), पुत्र सलमान (5) और छह माह का अरमान गंभीर रूप से घायल हो दया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- लखीमपुर में पांच की मौत तो शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि ए ++ ग्रेड पाने वाला देश का पहला कृषि विवि

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए ++ ग्रेड पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया। ग्रेड मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। ग्रेड के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए ++ ग्रेड मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विवि के कुलपति को बधाई दी। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अफसरों को दिया है। कहा कि नैक की तैयारी में प्रदेश की कुलाधिपति के मार्गदर्शन से यह अवसर आया है। सफलता में पूरे विश्वविद्यालय परिवार की परिश्रम और मेहनत शामिल है।

- ग्रेड की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल

अब ऑनलाइन गवाही, न्यायालय जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह किसी भी शहर, जिले, प्रदेश में हो, वह वहीं से वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू हो चुकी है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। इसके अलावा बयान देने के लिए लोग काम-धंधा छोड़ कर एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था की गई है कि आप अपने शहर में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ में बैठकर ही गवाही दे सकते हैं। प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इसे विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया

एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही

इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।

कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। - **कुंवर विक्रम सिंह**, संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

एक नजर

संस्कृत विवि में प्रवेश काउंसिलिंग 3 से

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ कैंपस में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 3 जून से शुरू होगी। ये काउंसिलिंग 7 जून तक चलेगी। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून है। इस संबंध में अधिष्ठाता शैक्षणिक की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान की ओर से वायु सेना स्टेशन गोरखपुर में वार्षिक एयरोस्पेस सुरक्षा परिषद बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर एयर मार्शल आर जीके कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान ने इस परिषदीय बैठक की अध्यक्षता की।

योगी ने 61 दिनों में लगाया दोहरा शतक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजग प्रत्याशियों के लिए 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो किए

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मात्र 61 दिन के भीतर 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 27 मार्च को मथुरा से प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करने वाले योगी ने 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए पसीना बहाया।

योगी अपने राज्य की वाराणसी संसदीय सीट से सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा लखनऊ से सांसद-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए। यही नहीं, योगी आदित्यनाथ ने उप्र. के सभी 80 लोकसभा सीटों के साथ ही 12 राज्य व दो केंद्रशासित प्रदेशों में भी एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ से लेकर मऊ तक कुल 29 चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की और उन्होंने कमोबेश हर कहीं योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। मोदी ने यहां तक कहा कि वाराणसी से सांसद होने के नाते योगी उनके भी मुख्यमंत्री हैं और योगी जैसा साथी मिलना उनके लिए गर्व की बात है।

अंतिम चरण : 144 में केवल 10 महिला प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर सीट पर सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के समर्थन में बेटी नुसरत
- केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल अपनी ही नहीं, पूरी पार्टी की प्रतिष्ठा के लिए लड़ रहीं चुनाव

अनुप्रिया पटेल | नुसरत अंसारी | काजल निषाद | रिंकी कौल | लीलावती राजभर

अमृत विचार: सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए 144 प्रत्याशियों में केवल 10 महिला प्रत्याशी मैदान हैं। हालांकि इनमें से कई ऐसी हैं जो अन्य महिलाओं के लिए मिसाल भी हैं और वे अपने घर-परिवार की प्रतिष्ठा के लिए चुनाव मैदान में उतरी हैं। सबसे ज्यादा घोसी सीट पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं।

इन महिला प्रत्याशियों में गाजीपुर सीट की प्रत्याशी नुसरत अंसारी सपा के लिए मददगार साबित हो रही हैं, उनके पिता व सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी स्पष्ट कर चुके हैं कि न्यायालय द्वारा उन्हें दंडित होने पर उनके चुनाव लड़ने पर संशय था, इसलिए बेटी नुसरत का नामांकन कराया था।

वहीं, राबर्ट्सगंज में एनडीए प्रत्याशी अपना दल (एस) की रिंकी कोल के साथ मौजूदा सांसद व उनके ससुर पकौड़ी लाल की प्रतिष्ठा दांव पर है। यही प्रत्याशी है, जिन्होंने अपने ससुर के साथ अनबन न हो जाए चुनाव लड़ने से ही इंकार कर दिया था।

इसके अलावा मिर्जापुर में एनडीए प्रत्याशी अपना दल की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, अपनी ही नहीं अपनी पूरी पार्टी की प्रतिष्ठा के लिए लड़ रही हैं। यह, राजा भैया के खिलाफ बयान देकर अपने लिए चुनौती खड़ी कर चुकी है।

घोसी सीट पर अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से रोली गुप्ता और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लीलावती राजभर व ज्योतिर्मा पाठक, एनडीए प्रत्याशी की मुश्किलें खड़ी करने का प्रयास कर रही हैं। गोरखपुर में काजल निषाद के साथ सपा की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। वह मुकाबला जीतने के लिए पूरे जतन से जुटी है। वह चुनाव प्रचार के दौरान बेहोश होकर गिर पड़ी थी जिसके बाद क्षेत्र ही नहीं प्रदेश भर में सहानुभूति मिल चुकी है।

निर्दलीय महिला प्रत्याशी भी दे रहीं चुनौती

बलिया में निर्दलीय नामांकन करने वालों में रंजना है, जिनका मुकाबला एनडीए प्रत्याशी नीरज शेखर व सपा के सनातन पाण्डेय से है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी के गृह जनपद गोरखपुर सीट पर अमिता भारती ने निर्दलीय नामांकन कर प्रमुख दलों के दिग्गज उम्मीदवारों को चुनौती दे रहीं है। वहीं, राबर्ट्गंज में जनहित संकल्प पार्टी से शुभांगी भी राजनीति में पैर जमाने को प्रयासरत हैं।

7वां चरण: मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

अंतिम चरण की निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

2 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

अमृत विचार, लखनऊ: अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी एफआईआर दर्ज करने का नहीं दे सकता आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- थाना प्रभारी के खिलाफ डीएम बलरामपुर ने दिया था आदेश

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा गैदास बुजुर्ग थाने के तत्कालीन प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिए जाने के मामले में इस बात से प्रथम दृष्टया असहमति जतायी है कि जिलाधिकारी को एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने का अधिकार है। इसी के साथ न्यायालय ने तत्कालीन थाना प्रभारी के खिलाफ पारित जिलाधिकारी के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की खंडपीठ ने पवन कुमार कन्नौजिया की सेवा सम्बंधी याचिका पर पारित किया है। याची ने जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा 30 अप्रैल को उसके खिलाफ पारित आदेश को चुनौती दी है। इस आदेश में जिलाधिकारी ने याची के खिलाफ एफआईआर लिखने, विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि करने व अन्य सेवा सम्बंधी प्रतिकूल आदेश दिये थे। आदेश को चुनौती देते हुए याची की ओर से दलील दी गई कि जिलाधिकारी को इस प्रकार के आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार नहीं है लिहाजा उक्त आदेश निरस्त किए जाने योग्य है। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने यूपी पुलिस रेग्युलेशन्स के प्रावधानों का हवाला देते हुए दलील दी कि जिलाधिकारी का आदेश रेग्युलेशन 484 और 486 के प्रावधानों के अनुरूप है। हालांकि न्यायालय ने इससे प्रथम दृष्टया असहमति जताते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने नमन सिंह मामले में स्पष्ट किया है कि दंड प्रक्रिया संहिता में कार्यकारी मजिस्ट्रेट को ऐसी कोई शक्ति नहीं दी गई है।

आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का बनेगा आधार

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। योगी ने शुक्रवार को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। योगी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के निर्माण और रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। इसलिए, पहले मतदान, फिर जलपान। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा देश की राजनीति के प्रति भी बहुत सजग है इस लिए वह अब जाति और धर्म की राजनीति का हिस्सा न बनकर देश हित में मतदान करता है।

अपने भविष्य को लेकर युवाओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इस बार बड़ी संख्या में नए बने मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सपा प्रमुख के अनुसार जिन लाखों युवाओं ने पहली बार मत डाला, उनके अपने भविष्य को लेकर चिंता वाजिब है। शुक्रवार को जारी एक संदेश में अखिलेश यादव ने भी युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा, वैसे इस बार के लोकसभा चुनाव में जहां कई युवा चेहरे लड़ाई में हैं, वहीं कई आकर्षण के केन्द्र में है वे जो विदेश से पढ़कर अपनों के चुनाव प्रचार में उतरे है। वहीं अंतिम चरण के मतदान से पहले अखिलेश ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों और पदाधिकारियों को एक खास संदेश दिया। अखिलेश यादव ने भाजपा के झूठ और उसके एग्जिट पोल के खिलाफ सतर्क रहने को कहा है।

भीषण गर्मी चुनाव कर्मियों के लिए बन गई काल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भीषण गर्मी चुनाव कर्मियों के लिए काल बन गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने कहा कि मिर्जापुर में मतदान स्थल पहुंचने से पूर्व ही चुनाव कर्मियों की मौत से राज्य सरकार की लापरवाही सामने आ गई है। राय शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। घटना पर रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते चुनाव कर्मियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर न तो चुनाव कर्मियों के रहने-खाने और न ही उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई उचित प्रबंध किया गया है। उनके आवगमन के लिए कोई भीषण गर्मी में कोई अनुकूल व्यवस्था नहीं की गई है। डॉ राय ने कहा कि भाजपा सरकार मृत कर्मियों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देकर उन्हें तत्काल राहत व उनके परिवार में किसी एक सदस्य को नौकरी देने का कार्य करे।

अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की मांग

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।

नोटिफिकेशन जारी करने के बाद बदले जीएनएम प्रवेश प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र.प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन ने की मांग

अमृत विचार: उप्र.प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज एसोसिएशन ने शासन द्वारा जीएनएम (डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) में दाखिले के लिए एकीकृत परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ आवाज बुलंद की है। एसोसिएशन ने उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी को विरोध में पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि बिना किसी सूचना के प्रक्रिया शुरू होने के मध्य में निर्णय लिया जाना अनुचित है। इसे तत्काल वापस लिया जाये और पूर्व की भांति दाखिले की प्रक्रिया जारी रखी जाये।

एसोसिएशन अध्यक्ष आर के बाजपेई ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों द्वारा जीएनएम में अचानक नियम बदलने से छात्रों का वर्ष व्यर्थ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि दाखिले की प्रक्रिया बदलनी है तो समय रहते नोटिफिकेशन जारी करें ।वहीं स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार का कहना है कि शिकायतों को शासन में भेजा जा रहा है, शासन के निर्देश मिलने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र. समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित
- ऊंचाहार की इकाई में शुक्रवार की सुबह आई खराबी

अमृत विचार: भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

29,129 मेगावाट की मांग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 29,129 मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड की गई। लगातार बिजली की मांग बढ़ने से एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है। पर स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं।

एमडी मध्यांचल ने किया 1912 का औचक निरीक्षण

अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने शुक्रवार को कस्टमर केयर सेंटर 1912 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें अधिशासी अभियंता को कॉल आपरेटर्स की बायोमैट्रिक हाजिरी लगाने का निर्देश दिया। इस बीच उन्होनें फील्ड के अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायत का समय और निस्तारण में लगने वाले समय को नोट करायें जाने के लिए निर्देशित किया। वही अधिशासी अभियंता परीक्षण ने चौक के मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया।

जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

पुलिस की छानबीन में सामने आया सच, अपराधियों पर लगातार हो रही है कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

अमृत विचार: लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

658 गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

911 करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

दो एसीएस और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

सेवानिवृत्त आईपीएस राम यज्ञ को मोमेंटो देते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है।

नरेंद्र को अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

तीन आईपीएस सेवानिवृत, डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

एनटीपीसी : तकनीकी खराबी के कारण बड़ी यूनिट बंद

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 500 मेगावाट की बड़ी यूनिट तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। जिसके कारण उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

परियोजना में 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या 6 में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। यूनिट के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था किंतु शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि यूनिट को बंद करना पड़ा। ऊंचाहार परियोजना की यह सबसे बड़ी यूनिट है। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से विद्युत आपूर्ति की जाती है।

यूनिट बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके। ज्ञात हो कि ऊंचाहार परियोजना में कुल 6 इकाइयां स्थापित है। जिसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक यूनिट की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि 6वीं की उत्पादन क्षमता 500 मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को विद्युत आपूर्ति की जाती है।

आईटीडी सीमेंटेशन की साख पर कालिख पोत रहे खनन ठेकेदार

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। देश की निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनी आईटीडी सीमेंटेशन की साख उसके ठेकेदारों द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करके मिट्टी में मिला रहे हैं। इतनी बड़ी कंपनी का खनन का खेल नियम कानून को धता बताकर किया जा रहा है।

आईटीडी सीमेंटेशन देश की निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनी है। यह कंपनी गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में अदानी ग्रुप की सहयोगी है। यह कंपनी भू-तकनीकी जांच, पाइलिंग, मरम्मत और पुनर्वास, डायाफ्राम दीवारिंग, रॉक एंकर, ढलान स्थिरीकरण और पुनर्वास कार्य, रेत

▸▸ थोड़ी जमीन के खनन का आवेदन करते ही बिना अनुमति खोद डालते है दर्जनों बीघे जमीन

विक्स और बैंड नालियां, ड्रिलिंग और ग्राउटिंग, कंक्रीट और ग्राउटेड गद्दे सहित इंजीनियरिंग सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। देश में इतनी बड़ी साख वाली कंपनी अपने ठेकेदारों के कारण आज पूरे क्षेत्र में आलोचना और जीविका तथा जीवन दोनो के लिए खतरा पैदा करने वाली कंपनी के रूप में जानी जाने लगी हैं।

एक्सप्रेस वे निर्माण में कंपनी के लिए खनन करने वाले ठेकेदारों ने सारे नियम कानून को अपनी जेब में रख लिया है।

बिना अनुमति हो रहा खनन

खनन के ठेकेदार प्रशासन से बिना अनुमति लिए रात दिन खनन कर रहे हैं। इस खनन के कारण पूरे क्षेत्र में तीस फिट गहरे कुएं जैसा बड़ा नाला बना दिया गया है। खनन के लिए थोड़ी जमीन का आवेदन करने के साथ ही बिना अनुमति लिए खनन का काम शुरू हो जाता है और जब तक फाइल अधिकारियों के पास पहुंचती है, तब तक दर्जनों बीघे जमीन को छलनी करके कुआं बना दिया जाता है। क्षेत्र के लक्ष्मीगंज, हटवा, सवैया हसन आदि गांवों के आसपास के इलाके में इन ठेकेदारों ने ऐसी तबाही मचाई है कि लोग कंपनी के नाम पर लोग अक्रोशित हो जाते हैं।

सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक खुलेंगे मदरसे

रायबरेली। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने सभी प्रबंधक, प्रधानाचार्य राज्यानुदानित व सिद्धांत प्राप्तकर्ता मदरसा से कहा है कि उपर्युक्त विषयक रजिस्ट्रार, यूपी मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ के आदेशानुसार सम्पूर्ण उत्तर भारत में तापमान में वृद्धि एवं हीट वेव के कारण मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए जनपद के समस्त अनुदानित व मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों का शैक्षणिक कार्य एक जून से 15 जून तक सुबह 6:30 बजे से 10:30 तक किया जाएगा। इस दौरान मध्यावकाश स्थगित रहेगा और मदरसे के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह 11:30 बजे तक मदरसे में उपस्थित रहेंगे।

एनटीपीसी के इंजीनियर ने ठेकेदार को ऑफिस में पीटा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनटीपीसी परियोजना संयंत्र क्षेत्र में डीजीएम ऑफिस में एक इंजीनियर की गुंडई सामने आई है। मजदूरों के भुगतान के लिए डीजीएम से बात करने गए ठेकेदार को इंजीनियर ने बुरी तरह पीट दिया। जिससे संयंत्र क्षेत्र में अराजकता फैल गई और ठेकेदारों ने संगठन में बड़ा आक्रोश है।

घटना शुक्रवार दोपहर बाद एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक परिचालन के कार्यालय में हुई है। एनटीपीसी के ठेकेदार मक्खनलाल परियोजना की यूनिट संख्या एक से लेकर पांच तक हाउस कीपिंग का काम करते हैं।जिसमें वह श्रमिकों की आपूर्ति करते हैं। उनका कहना है कि एनटीपीसी से दो माह से भुगतान नहीं मिला है। उनके विभाग के इंजीनियर लक्ष्मी नारायन ने उनका बिल रोक रखा है। उधर, भुगतान न मिलने से श्रमिक परेशा है। शुक्रवार की दोपहर वह इसी सिलसिले में डीजीएम परिचालन से बात करने गए थे। उसी समय इंजीनियर लक्ष्मी नारायन भी वहां पहुंचे और ठेकेदार इंजीनियर में विवाद इतना बढ़ गया कि इंजीनियर ने ठेकेदार को पीट दिया। पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि उसके साथ मारपीट की घटना हुई है। उधर एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि इंजीनियर और ठेकेदार के मध्य मामूली बातचीत हुई थी। उसके बाद उनमें समझौता हो गया।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात दरोगा की हार्ट अटैक से मौत

अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र गोरा बाजार में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात दरोगा को दिल का दौरा पड़ गया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार शुरू होने से पहले ही दरोगा की मौत हो गई।

दरोगा की मौत के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार व सीओ सिटी अमित सिंह सहित कोतवाली प्रभारी जिला अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मूल रूप से भदोही जनपद के रहने वाले दरोगा हरिशंकर जिले के मिल एरिया थाने में लगभग एक वर्ष पहले तैनात हुए थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी गोरा बाजार स्थित स्ट्रांग रूम में लगी

दरोगा हरिशंकर (फाइल फोटो)

हुई थी। शुक्रवार दोपहर वह अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया है। और घटना की जानकारी मृतक दरोगा के परिजनों को दी। चिकित्सक डॉ. सलीम ने बताया कि गंभीर हालत में दरोगा को जिला अस्पताल लाया गया था, मृतक दरोगा दिल की बीमारी के मरीज थे। शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी दरोगा के घर वालों को दे दी गई है।

हेड कांस्टेबल जसकरन की बिगड़ी हालत

शहर कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल जसकरन सिंह की भी हालत शुक्रवार को खराब हो गई। जिन्हें उपचार के लिए साथी पुलिस कर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर चिकित्सकों की टीम उनका उपचार कर रही है। वहीं,पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में चलीं लाठियां, चार घायल

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सलोन कोतवाली अंतर्गत पूरे मंशा शुक्ल मजरे दुबहन निवासी धनीलाल और शिवराम के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। धनीलाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार को उसकी जमीन पर शिवराम और उसके परिवार के लोग निर्माण करने जा रहे है। तहरीर में धनीराम ने निर्माण कार्य का विरोध किया तो विपक्षियों ने लाठी डंडों से पीट कर अधेड़ घायल कर दिया। बीच बचाव के दौरान अधेड़ के बेटे सुनील, बहु सीमा व शीला पहुंची तो उन्हें भी पीट दिया। घटना में घायल सभी लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं,अधेड़ की हालत गम्भीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायल अधेड़ की तहरीर पर विपक्षी रितेश, शिवराम, रेनू बैलवाइन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल, भर्ती

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के बाईपास रोड बरदाही मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने साइकिल सवार विमल बाजपेई को टक्कर मार दिया। टक्कर से विमल के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घसियारी मंडी के रहन वाले विमल नगर पंचायत तिराहे की तरफ साइकिल से जा रहे थे, तभी ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर दी, जिससे वह साइकिल समेत ट्रक के पहिए के नीचे चले गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने बाहर निकाला और पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस ने ट्रक और ड्राइबर को कब्जे में लेकर घायल विमल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। गदागंज-डलमऊ मार्ग पर शुक्रवार को दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क के किनारे पैदल जा रहे युवक को पीछे से ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

हादसा ऊंचाहार-कानपुर मार्ग पर गदागंज थाना क्षेत्र के अलीपुर चकराई गांव के सामने हुआ है। मृतक युवक रिंकू (35) पुत्र ईश्वरदीन गांव मुरेठी का बताया जा रहा है। वहीं,दोपहर को युवक पैदल सड़क किनारे डलमऊ की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिसके बाद वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। आसपास के लोग दौड़े तो ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने घायल को देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

हत्यारोपी वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। दहेज हत्या के मामले में जिला जेल में निरुद्ध बुजुर्ग महिला की बीमारी से जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं उसकी मौत को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। जगतपुर थाना क्षेत्र के पूरे घासी जमींदार गांव निवासी सूरजवती (78) पत्नी स्वामी प्रसाद बीती पांच वर्षों से जिला जेल में निरुद्ध थीं। मृतक दहेज हत्या के मामले में जिला कारागार में सजा काट रही थी। मृतक पर सन 1992 में दहेज हत्या का आरोप लगा था जब से उसका जेल के अंदर आना जाना बना रहा। वह जमानत पर अधिकतर बाहर रही। वर्ष 2017 में हाईकोर्ट ने उसे सजा सुनाई थी। जिसके तहत 11 मार्च 2022 को वह जिला कारागार में दोबारा निरुद्ध हुई। जब से वह सजा काट रही थी। उसे सात वर्ष की सजा हुई थी। उसने जेल में सजा के पांच वर्ष पूरे कर लिए थे। गुरूवार देर रात जिला कारागार में उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई जिसके बाद कारागार प्रशासन के हाथ पाच फूल गए। आनन-फानन में उसे जिला कारागार के अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर गंभीर दशा में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां पर उसकी मौत हो गई। जेलर हिमांशु रौतेला ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में महिला सजा काट रही थी। तबियत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में दिखवाया गया था, जहां पर मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

यूआरएमयू के विरोध प्रदर्शन को ट्रेड यूनियन ने दी धार

रेलवे स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी व अन्य।

संवाददाता,रायबरेली

अमृत विचार। लोको लॉबी क्र्यू लिंक को समाप्त करने को लेकर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) ने दूसरे दिन भी रेलवे स्टेशन पर अपना विरोध प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों से मांग की है कि उनकी मांगों को सुनकर समस्या का समाधान किया जाए।

लोको लॉबी के क्र्यू लिंक बहाल करने व रायबरेली मुख्यालय को दी गई रेलगाड़ियों को वापस करने के लिए लोको लॉबी के लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट व स्टेशन के अन्य कर्मचारियों ने अपना विरोध तेज कर दिया है। विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन संगठन के पदाधिकारी लवकुश सोनकर ने कहा कि यदि क्र्यू लिंक बहाल नहीं किया गया तो मंडल प्रशासन के खिलाफ पोस्टरवार एवं मशाल जुलूस निकाला जाएगा। प्रदर्शन को धार देने के लिए ट्रेड यूनियन के सहसंयोजक अरविंद सिंह एवं आईएनपीयूसी के जिला संयोजक डीएस मिश्रा ने भी मुख्यालय बहाल करने एवं लोको पायलट का सम्मान बचाने के लिए अपना समर्थन उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन को दिया है। विरोध प्रदर्शन में भूपेंद्र सिंह, आईबी सिंह, संजय सिंह, रविकिशन शुक्ला, सौरभ, मदन, दिनेश, अभिनंदन आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

महराजगंज, रायबरेली। ढाबे से खाना खाकर घर जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना मे घायल हो जाने पर ट्रामा सेंटर में हुई मौत के मामले में मोन गांव निवासी मृतक युवक महेश के पुत्र मनीष कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट का केस दर्ज

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव नुनैरा निवासी अर्चना पत्नी गुड्डू ने पुलिस को एक शिकायती पत्र दिया है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि बलिया जिले के थाना क्षेत्र दोनती के गांव दलन छपरा के रहने वाले युवक ने उन्हें गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

बढ़ीं चोरी की वारदातें, अंकुश नहीं लगा पा रही पुलिस

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बना लाखों के जेवरात सहित कीमती सामान पार कर दिया। पुलिस हमेशा की तरह इन चोरियों की जानकारी होने पर खुलासे के आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के सराय मुगला गांव में चोरों ने दो घरों सोनू गुप्ता और शत्रोहन के घर को गुरुवार को निशाना बनाया और दोनों घरों से लाखों का माल पार कर दिया। शुक्रवार सुबह जब घरवालों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। पुलिस को

चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

घटना की जानकारी दी गई लेकिन हर घटनाओ की तरह इस बार भी पुलिस लकीर पीटती नजर आई। वही शहर कोतवाली क्षेत्र के साकेत नगर मोहल्ला निवासी लवलेश साहू के घर का ताला तोड़ बक्से और अलमारी में रखा जेवर व कीमती सामान पार कर दिया। पुलिस अब जांच पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि इन दिनों जिले में पुलिसिंग व्यवस्था बेपटरी है, थानों पर जहां पीड़ितों को न्याय नही मिल रहा जिसके लिए उन्हें एसपी आफिस आकर कप्तान से मिलकर न्याय मांगना पड़ रहा है।वही ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्त न होने से चोरी की वारदातों में भी इजाफा हुआ है। अज्ञात चोर लगातार अलग अलग जगहों पर निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। पुलिस किसी तरीके से एक मामले का खुलासा कर पाती है लेकिन तब तक कई वारदातें खुलासे का इन्तजार करने लगती है। इन दिनों चोरों ने मिल एरिया पुलिस की नाक में दम कर रखा है। चोर आये दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। अब तक हुई कई चोरियां आज भी खुलासे के इंतजार कर रही है। लम्बे समय से कोतवाली में कई पुलिसकर्मी जमे है लेकिन इसके बावजूद भी बढ़ी घटनाओं में अंकुश नही लग पा रहा है। सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

अधेड़ को पेड़ से बांधकर पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली। घर पर बैठे हुए अधेड़ को दबंग युवक ने जबरन उठाकर पेड़ से बांध दिया और उसकी जमकर पिटाई की। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गणेशगंज मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी राजकुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार को अपने दरवाजे पर वह बैठा हुआ था तभी जगतपुर थाना क्षेत्र के गुरुबख्श का पुरवा निवासी एक युवक आया उसे जबरन गाड़ी में बिठाकर नहर के किनारे एक पेड़ में बांधकर उसकी बेल्ट, डंडे से जमकर पिटाई की। जिसके कारण उसे गम्भीर चोटें भी आई हैं। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली में तहरीर दी है।कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

युवक की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। गोंदरिहा मजरे खैरा गांव की रहने वाली छबिनाथा पत्नी रामस्वरूप ने कोतवाली में तहरीर देकर चौबीस वर्षीय पुत्र अरुण कुमार के लापता हो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उसने बताया कि बुधवार को वह साइकिल से चांदपुर बाजार गया था, किंतु शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई पर उसका कहीं अता पता नहीं चल सका है, उसने पुलिस को यह भी बताया की बेटे का मानसिक संतुलन भी पूरी तरह से ठीक नहीं है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

जुआ खेलते चार धरे गये

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। थाना खीरों के अन्तर्गत स्थित पुलिस चौकी लल्लाखेड़ा प्रभारी ने गुरुवार शाम चार जुआडियों को जुआ खेलते पकड़ा है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी उपनिरीक्षक हिमांशु मलिक ने सहयोगी के साथ प्राथमिक विद्यालय डण्डनपुर के पीछे खेतों में दृगपालगंज निवासी राजकुमार, रवि तिवारी, जुबेर, रामसुमेर को जुआ खेलते पकड़ा। चारों आरोपियों के पास से 2850 रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

एसबीआई ने ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर लगाया प्याऊ

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। आसमान से बरसती आग और तवा जैसी जल रही धरा के कारण बेहाल मानव जीवन के लिए स्टेट बैंक ने मालवीय मिशन की पहल पर राजगीरों के लिए प्याऊ लगाया है।

ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर एनटीपीसी गेट नंबर दो के सामने लगाए गए इस प्याऊ से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी। एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक

एसबीआई द्वारा लगाए गए प्याऊ में पानी पीते लोग। अमृत विचार

सुदेश कुमार ने प्याऊ का उद्घाटन करते हुए कहा कि ऊंचाहार-सलोन मार्ग पर सफर करने वाले राजगीरों के अलावा एनटीपीसी में काम करने वाले श्रमिक इस प्याऊ से लाभान्वित होंगे।

साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वर्तमान हालात को देखते हुए यदि बहुत अवश्य हो तभी घर से बाहर निकले। सिर को ढके रहे और लगातार पानी पीते रहे। बाहर निकल रहे लोगों को पानी पीने में दिक्कत न हो, इसी उद्देश्य से यह प्याऊ लगाया गया है। इस मौके पर मालवीय मिशन ने दयानंद मिश्र भी मौजूद थे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस | विशेष विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

कैदियों को तंबाकू न खाने की दिलाई शपथ

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश तरुण सक्सेना ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला कारागार में विशेष विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान तंबाकू के सेवन न करने के लिए कैदियों को शपथ दिलायी गयी।

अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने बताया गया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य तम्बाकू के खतरे के बारे में जागरुकता फैलाना है। इस वर्ष विश्व तम्बाकू दिवस की थीम काफी

कैदियों को जागरुकता शिविर में तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाते अधिकारी।

खास है। मतलब बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम 'वी नीड फूड-नॉट टोबैको' थी। अपर जिला जज व सचिव ने उपस्थित बन्दियों को इसका सेवन न करने की सलाह दी गयी। शिविर में जेल के डॉ. सुनील अग्रवाल ने मानक शरीर पर तम्बाकू के कुप्रभाव एवं चिकित्सीय पहलुओं पर विशेष तथ्यों से अवगत कराया। उक्त शिविर में ही जेल चिकित्सक से तम्बाकू निषेध के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिसमें अहम बिन्दु जिला कारागार में ही भविष्य में तम्बाकू निषेध जोन बनाने पर भी चर्चा की गयी। चीफ लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। शिविर के पूर्व जिला कारागार ने कारागार में निरुद्धि के पूर्व जिन बन्दियों को तम्बाकू, गुटखा खाने की आदत थी। सभी काउन्सिल व चिकित्सीय उपचार से छुड़वाने के प्रयास किये गये। इस अवसर अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने कैदियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गयी। जेलर हिमाशुं रौतेला, चीफ लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह व स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

गर्मी से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के दौलतपुर में भीषण गर्मी की वजह से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। शुक्रवार को जगतपुर के दौलतपुर में अत्यधिक गर्मी की वजह से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई है। सूचना पुलिस व वन विभाग को दिए प्रधान प्रतिनिधि दीपू सिंह चौहान ने बताया कि मोर की मौत की सूचना विभाग को दी गई। इस बाबत वन दरोगा प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की सूचना मिली है।

मृत पड़ा मोर।

अधिकारियों की मनमानी व शोषण से पीआरडी जवानों में आक्रोश

संवाददाता,सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। अधिकारियों के मनमाने रवैये व शोषण से पीआरडी जवानों में आक्रोश है। जवानों ने सरेनी बाजार में बैठक कर शोषण व उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए हरिश्चंद्र ने कहा कि बीओपीआरडी भास्कर सिंह कभी ब्लाक में नहीं आते व अपने घर से ही सारे सरकारी कामकाज निपटा रहे हैं। पीआरडी जवानों को दूरदराज के थानों में डयूटी पर लगाते हैं और सभी जवानों से सुबिधा शुल्क भी मांगते हैं। हालात

बैठक के दौरान मौजूद पीआरडी के जवान। अमृत विचार

इतने बदतर हो चुके हैं कि पीआरडी जवान को मिलने वाला मानदेय आवाजाही में ही खर्च हो जाता है। अमर बहादुर सिंह ने कहा कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और इससे सरेनी के अलावा खीरों आदि ब्लाकों के पीआरडी जवान भी मनमानी रवैये व शोषण का शिकार हो रहे हैं। पीआरडी जवानों ने चेतावनी दी कि अगर उनके शोषण करने वाले अधिकारी को नहीं हटाया गया तो सब मिलकर कार्य बहिष्कार करने का फैसला लेने को विवश होंगें। बैठक में शिवबहादुर सिंह,कृष्णकुमार सिंह, राम सिंह,रामकरन,शिवमोहन, संतोष कुमार, रज्जन लाल, कृष्णभान सिंह,अजमेर सिंह, योगेन्द्र यादव, रमेश कुमार,बिंदाप्रसाद,रामेश्वर, विजयराज, धर्मेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, रजोले आदि मौजूद रहे।

लू लगने से दो लोगों की मौत

मछली पकड़ने गये युवकों को लगी गर्मी से खराब हुई थी तबीयत

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र में शाम राजामऊ निवासी अवधेश तथा सांपों निवासी अजय दोनों मछली पकड़ने सई नदी किनारे गये हुए थे। मछली पकड़ते समय दोनों की गर्मी की वजह से तबीयत बिगड़ने लगी। तबीयत बिगड़ने पर दोनों युवक अपने-अपने घर चले गए।

घर पहुंचने पर आराम करने के लिए घर में बात कर वह चारपाई पर लेट गए। रात 8 बजे अचानक दोनों की हालत गंभीर हो गई। जब तक परिजन अस्पताल ले जाते की दोनों ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि गर्मी लगने के कारण मौत हुई है। जांच कर कार्रवाई कि जायेगी।

रिटायर्ड दरोगा की ट्रेन में बिगड़ी हालत, मौत

रायबरेली। त्रिवेणी एक्सप्रेस में सफर कर रहे रिटायर्ड पुलिसकर्मी की ट्रेन में तबियत बिगड़ने के बाद ट्रेन रोक कर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। यात्री के पास मिले मोबाइल से परिजनो से सम्पर्क कर घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतक की पहचान श्याम नारायण उपाध्याय पुत्र भगवती प्रसाद उपाध्याय निवासी 551क/146 क एसबीआई रोड विलावा चन्दन नगर आलमबाग (लखनऊ) मूल पता ग्राम किशुनपुर उर्फ बगही थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर है। मृतक रिटार्यड उपनिरीक्षक है। आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य ने बताया कि दरोगा के घरवालों को घटना की सूचना दे दी गई है शव को मर्चरी में रखवा दिया है।

ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर एक युवक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, बछरावां रायबरेली

अमृत विचार। गुरुवार देर रात बांदा बहराइच हाइवे पर बन्नावां गांव के पास गांव के ही रहने वाले अखिलेश पुत्र छीटू व अरुण कुमार पुत्र राजकुमार बछरावां से बन्नावा गांव की तरफ जा रहे थे। गांव के निकट पहुंचते ही लालगंज मार्ग की तरफ से आ रहे एक अज्ञात अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरी । घटना में घायल इलाज के दौरान अरुण की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई जबकि अखिलेश की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों के द्वारा घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। मृतक अरुण अविवाहित था और प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक अरुण की मां बिंदेश्वरी तथा भाई अंकित का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

डीएम -एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के बाद अब मतगणना को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम दे रहा है।

इसी के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने आईटीआई कालेज गोरा बाजार में बनाए गए स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन एवं मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल त्रिपाठी, ईओ नगरपालिका स्वर्ण सिंह समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे।

मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम हर्षिता माथुर व एसपी अभिषेक अग्रवाल।

एआईकेएम ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अखिल भारतीय किसान महासभा(एआईकेएम) ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पानी के संकट से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को दूर करने की मांग की।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे जिले के सभी तालाब, पोखर, नइया नाले पूरी तरह से सूखे पड़े हुए हैं। जंगली जीव जंतुओं, पक्षियों, छुट्टा जानवरों को एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। इस कारण पिछले कई दिनों से जीव जंतुओं, पक्षियों के प्यास से मरने की खबरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही हैं। वन्य जीवो की जीवन रक्षा में वन विभाग और जिला प्रशासन की यह अनदेखी बहुत घातक साबित हो रही है। पालतू जानवरों को भी बचा पाना पशुपालको के लिए कठिन हो गया है। जिले के अधिकांश इंडिया मार्का नल खराब पड़े हैं और यदा कदा चल भी रहे हैं तो बेहद गंदा और दूषित पानी निकल रहा है। वर्षों से चल रही पेय जल की तमाम परियोजनाएं हाथी का पांव ही साबित हो रही हैं। इस गम्भीर संकट के समय में जिले की सभी नहरों को चलाकर तालाबो, नालो, पोखरों को भरने के बजाय उन्हें कथित तौर पर 15 जून तक बन्द कर दिया गया है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। महासभा के जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या, भाकपा (माले) जिला सचिव उदय पटेल, राही ब्लॉक सचिव हरी लाल और वरिष्ठ माले नेता अरुण कुमार आदि ने डीएम से पानी की समस्या को दूर कराने की मांग की है।

लू के थपेड़ों और गर्मी से हर कोई बेहाल

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। बीते दिनों से पड़ रही गर्मी अब कहर बनकर टूट रही है, हालत यह है कि दिन और रात एक जैसा हो चला है।

दिन का तापमान जहां 46 डिग्री के आसपास रहता है तो वहीं रात का तापमान भी 32 से 34 डिग्री के आसपास पहुंच जाता है। ऐसे में लोगों के सामने बहुत सारी समस्या आ गई है। गुरुवार को तापमान में जहां धूप डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई थी वहीं शुक्रवार को एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी हो गई और पर 46 डिग्री पहुंच गया जिससे लोग बेहाल रहे।

भीषण गर्मी के चलते लोग बड़ी संख्या में बीमार भी हो रहे हैं और अस्पताल पहुंच रहे हैं। सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवर के बीच लोग घरों में दुबकने को मजबूर रहते हैं। आलम यह है कि घर की एसी और ककूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। सड़कों में सन्नाटा रहता है, सड़क पर चलने वाला हर आदमी अब छाया जरूर ढूंढता नजर आता है। गर्मी के चलते पानी की भी खूब बिक्री हो रही है। यही आलम रेलवे स्टेशन का भी रहता है, जहां पर पहले लोगों की खूब भीड़ हुआ करती थी वहीं अब स्टेशन पर भी लोगों की कम भीड़ देखी जा सकती जा रही है। गर्मी की वजह से जिला अस्पताल और ग्रामीण अंचल के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में खूब मरीज आ रहे है।

भीषण गर्मी व लू से बचने के लिए गमझे से ढककर जाते युवा। अमृत विचार

हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता, शिवगढ़ ,रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के चितवनियां गांव में 2 पक्षों में हुई मारपीट में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज़ कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुधवार को चितवनियां गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश में मारपीट हो गई थी जिसमे एक पक्ष के सुधीर कुमार 35 वर्ष की इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ मौत हो गई थी। मृतक के पिता प्रेम चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक विशाल पुत्र सतीश के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मृतक के पिता प्रेम चंद्र वर्मा की तहरीर पर आरोपी युवक विशाल पुत्र सतीश कुमार के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725645 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच**

सूचना

मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725615 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **लक्ष्मी यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा बीएड वर्ष 2006 रोल नं0 6311089 का अंकपत्र कहीं गिर गया है। **सुनीता पुत्री मुलायम सिंह पता– नगला विहारी, पोस्ट सलेमपुर सौरिख, कन्नौज**

शीघ्र चाहिए

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद पाठक निवासी गायत्रीपुरम सिविल लाइन्स, गोंडा, उत्तरप्रदेश 271001 है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र आकर्ष कुमार के विद्यालय दस्तावेजों में उसका नाम त्रुविश आकर्ष कुमार मौर्या एवं मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आकर्ष कुमार तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसका व मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे माता जी शशिबाला यादव पत्नी स्व. श्याम नारायण यादव के नाम एक प्लाट के बैनामा स्टाम्प जो की सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर बलरामपुर मे बही संख्या 1 जिल्द संख्या 810 पृष्ठ संख्या 130 से 131 पर क्रमांक 1285 दिनांक 26.07.1971 पर दर्ज है, जो कि कहीं खो गया है। **अनुराग यादव पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव, मो. तुलसीपार्क, तहसील व जनपद बलरामपुर**

प्रेम, समर्पण और करूणा की मूर्ति थीं अहिल्या बाई होल्कर : इं. वीरेन्द्र यादव

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। सुपर मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को वीरांगना रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी आयोजित गई। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर प्रेम, समर्पण एवं करूणा की मूर्ति थी। उन्होंने विधवा महिलाओं के कल्याण, जनसरोकार से जुडे.सड़क, पेयजल के लिए कुओं, घाटों, मंदिरों का निर्माण कराया। उन्होनें अपने शासनकाल में देश का सबसे सुंदर शहर इन्दौर बनवाया वह अन्याय की विरोधी थी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शिवनारायण सोनकर, वरिष्ठ नेता ओपी यादव, सौरभ सिंह, मो अरशद खान, दिनेश यादव, सुरजीत सिंह, राजेन्द्र यादव, सुरेश पटेल, शुभम लोहिया, रामनेवाज यादव, राजेश मौर्या, प्रदीप तिवारी, राम किशोर पुजारी, राम बरन लोधी, संदीप शुक्ला, लक्ष्मीशंकर यादव, राम खेलावन प्रजापति, बृजेश, राजेश , सतगुरू पासी, विनोद यादव, योगेश्वर पटेल आदि ने वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर याद किया।

वीरांगना रानी अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता।

मजबूत लोकतंत्र के लिए मीडिया की निष्पक्षता आज की आवश्यकता

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन यूपी की रायबरेली इकाई के तत्वाधान में लालगंज के एक होटल में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवर्षि नारद और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन से शुरू हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, मुख्य अतिथि सीएमपीएस कालेज के एमडी दीप प्रकाश शुक्ला, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीओ लालगंज अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह, बैसवारा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ निरंजन राय, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, पूरे पांडे इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता और नामचीन कवि डॉ. अशोक त्रिवेदी, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने मीडिया जगत की मजबूती पर विचार व्यक्त किया और कहा कि लोकतंत्र के लिए मीडिया की निष्पक्षता बहुत ही आवश्यक है। निर्भीक और स्वच्छ पत्रकारिता ही राष्ट्र को मजबूत बना सकती है। साथ ही जब लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया मजबूत रहेगा तभी गांव-शहर की जनता को न्याय मिलने में आसानी रहेगी। जनता की समस्याओं को मीडिया ही प्रकाशित कर सरकार के सामने अच्छे ढंग से रखता है। लोग आज भी अपनी समस्याओं को दूर कराने के लिए मीडिया जगत का सहारा ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मीडिया जगत के अलावा समाज के वरिष्ठ लोग शामिल रहे। खासतौर से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, मृत्युंजय वाजपेई, अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रधान जितेंद्र पटेल, शिशु मंदिर के प्रबंधक कैलाश बाजपेई, भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह, सर्राफा व्यापारी सुरेंद्र गुप्ता सहित मीडिया जगत की दिग्गज हस्तियां भी मौजूद रहीं।

अखबार वितरित करते समय हाकर की हुई मौत

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय कस्बा निवासी अखबार वितरण करते समय हाकर की शुक्रवार को 12 बजे दिन साइकिल से अखबार वितरण कर हथेड़ा से हलिया कस्बा में वितरण करते हुए घर वापस जा रहे थे कि अदवा नदी में बने पुल के पास पुराने थाने के सामने चक्कर आया और जमीन पर लेट गए यह देख परिजनों को सूचना देते हुए राहगीरों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हाकर को पांच बेटा तथा दो बेटियां हैं एक बेटा तथा दो बेटी अविवाहित हैं। मृतक की पत्नी समसु निशा का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है अखबार का हाकर अखबार वितरित कर परिवार का जीवन यापन करता था दो बीघा जमीन भी है।

तंबाकू सेवन से हो रहीं जानलेवा बीमारियां : डॉ. सुयश

संवाददाता, राही, रायबरेली

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में नशीले पदार्थों जैसे तंबाकू, बीड़ी आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरुकता संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एम्स के चिकित्सा विशेषज्ञों ने तंबाकू, बीड़ी तथा अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के जनित होने पर चिंता जताई और अपने विचार साझा किए।

अपर चिकित्सा अधीक्षक मेडिसिन डा सुयश सिंह ने कहा कि तंबाकू, बीड़ी आदि नशीले पदार्थों के सेवन से लोगों के फेफड़े में कैंसर, मूत्राशय में कैंसर हृदय की बीमारी जैसे दिल का दौरा, ब्लड प्रेशर की बीमारी सहित अनेक जानलेवा बीमारियों को जन्म देती हैं जिससे मरीजों की मौते हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद लोगों में अभी जागरुकता का अभाव दिखाई देता है। अधीक्षक ने बताया कि गत दिनों में एम्स में आने वाले तीमारदारों से 460 किग्रा. तंबाकू, बीड़ी आदि नशीला पदार्थ तलाशी के दौरान कब्जे में लिया गया है।

डॉ. श्रुति ने बताया कि एम्स में नशा मुक्ति के लिए एक नोडल सेंटर बनाया गया है जो नशे की लत को दूर करने में लोगों की मदद करता है। कैंसर सर्जन डा अरिजीत ने बताया कि लोगों को तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए, जिससे उनका जीवन सुरक्षित रहे। डा अमित गुप्ता, डा सौरभ, डा अमित शुक्ला, डा अरुण प्रीति कौर ने एम्स आने वाले लोगों को तंबाकू आदि के सेवन से होने वाले संभावित खतरों के संबंध में जागरूक किया।

एमबीबीएस छात्र दिव्यांशु मोहन और उनकी टीम ने नाट्य कला का प्रदर्शन करते हुए लोगों को तंबाकू आदि सेवन को छोड़ने की बात बताया। अधिशाषी निदेशक प्रोफेसर डा अरविंद कुमार राजवंशी ने लोगों को सलाह दी कि वह अपनी इम्युनिटी को बरकरार रखें और तंबाकू आदि के सेवन से बचें और स्वास्थ्य जीवन का लाभ लें।

नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले संभावित खतरे से जागरूक करती एम्स के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम। अमृत विचार

5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

जौनपुर। नगर के मुरादगंज स्थित मधुरम न्यूरो हॉस्पिटल में योग गुरू जगदीश के सानिध्य में आम जनमास के हितार्थ आयोजित 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को समापन हो गया। योग प्रशिक्षक जगदीश ने आम जनमास एवं हॉस्पिटल के समस्त डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न प्रकार के योगासनों, पद्मासन, वृक्षासन, ताड़ासन, गरुड़ासन, सिंहासन, सुखासन, सिद्ध आसन के साथ मानसिक बीमारियों में कारगर प्राणायाम भ्रस्थिका, कपाल भाति, अनुलोम-विलोम सहित सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सम्पूर्ण प्रकार के व्याधियों यथा शारिरिक, मानसिक इत्यादि के समूल समाधान का एकमात्र उपाय योग है। नियमित योग करते रहने से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है तथा मष्तिष्क, हृदय समेत सभी अंग प्रत्यंग सदैव स्वस्थ व मजबूत रहते हैं।

ग्रेजुएशन शो | फैशन डिजाइन विभाग की ओर से आयोजित फैशन शो बना मुख्य आकर्षण

फैशन शो में निफ्ट की छात्राओं ने रैंप पर बिखेरा जलवा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट) रायबरेली के चार अलग-अलग विभागों का ग्रेजुएशन शो का आयोजन किया गया। मुख्य आकर्षण का केंद्र फैशन शो रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने बेहतर पोशाक में रैंप पर जलवा बिखेरा।

इस कार्यक्रम में जहां एक्सेसरी डिजाइन विभाग के 26 विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट की डिजाइन की गई वस्तुओं को प्रदर्शित किया। वहीं लेदर डिजाइन विभाग के कुल 25 विद्यार्थियों ने अपने डिज़ाइन्स एवं वस्तुओं को प्रस्तुत किया। फैशन कम्युनिकेशन के 30 विद्यार्थियों ने ग्राफ़िक्स के से अपने कार्य की प्रस्तुत किए। फैशन डिजाइन विभाग के 36 छात्र-छात्राओं ने खुद के द्वारा डिजाइन की गई वस्त्रों को प्रदर्शित करने के लिए फैशन शो का आयोजन किया जो पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

ग्रेजुएशन शो का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवीन कुमार कनौजिया, क्षेत्रीय प्रोविडेंट फंड आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। आशीष बंसल, मेसर्स पूजा ग्लास वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश और रेजिथ राधाकृष्णन, क्षेत्रीय निदेशक, लुलु इंडिया, शॉपिंग मॉल, शोभित नाहर, निदेशक, यूपी संगीत नाटक अकादमी, दिलीप कुमार चौबे, अध्यक्ष एवं मुख्य रचनात्मक अधिकारी, देसी क्रिएटिव ग्रुप, शिशिर कपूर, निदेशक, एमएलके एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, सागरिका मेहरोत्रा, संस्थापक, तिलिस्म बाय सागरिका, डॉ भारत साह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

ग्रेजुएशन शो में रैंप वॉक करतीं निफ्ट की छात्राएं। अमृत विचार

संस्थान के निदेशक नंदन सिंह बोरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी विद्यार्थियों को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए उन्हे बधाई दी। मुख्य अतिथि नवीन कुमार कनौजिया ने कहा कि निफ़्ट के विद्यार्थियों की प्रस्तुत देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है इस संस्थान के छात्र-छात्राओं को कैसे सृजनशीलता से भरे वातावरण में उन्हे शिक्षित-प्रशिक्षित किया जाता है। शो के दौरान निम्न विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

वहीं, बेस्ट ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट अवॉर्ड विष्णु गुप्ता, मोस्ट कॉमर्शियली-वाइएबल डिजाइन इनोवैशन आराध्या सुमन, मोस्ट इग्ज़ेम्प्लरी अप्लीकेशन ऑफ डिजाइन मेथडालजी अदिति शर्मा, लेदर डिजाइन विभाग से बेस्ट ग्रेजुएशन डिजाइन प्रोजेक्ट (प्रथम) श्रेया वत्स, बेस्ट ग्रेजुएशन डिजाइन प्रोजेक्ट (द्वितीय) वैष्णवी धनवंत, मोस्ट इनोवेटिव यूस ऑफ मटीरीअल श्रेया वत्स, फैशन डिजाइन डिपार्ट्मन्ट से बेस्ट डिजाईन कलेक्शन देवयानी सेठ, मोस्ट क्रिएटिव एण्ड इनोवेटिव डिजाइन कलेक्शन देवयानी सेठ, बेस्ट यूस ऑफ ट्रेडिशनल स्किल्स इन कॉनटेम्परारी स्टाइलिंग कुसुम सोनी, फैशन कम्यूनिकेशन विभाग से बेस्ट ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट अवॉर्ड (प्रथम) से सानिया खान, बेस्ट ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट अवॉर्ड (द्वितीय) नैना गुप्ता, मोस्ट इनोवेटिव ग्रेजुएशन प्रोजेक्ट अवॉर्ड मीनल जोशी, इसके अलावा उषा तथा काष्ठदोजी द्वारा प्रायोजित विशेष पुरस्कार-बेस्ट गारमेंट कन्स्ट्रक्शन पुरुस्कार एडजिस शेरिंग व उत्कृष्ट शिल्पी (एक्सक्यूजिट क्राफ्टमैनशिप) का पुरस्कार एफडी विभाग की छात्रा अंकिता चौधरी को प्रदान किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

टप्पेबाज ने व्यापारी को लगाया 25 हजार का चूना

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद ब्लॉक के पास शुक्रवार को टप्पेबाज ने एक व्यापारीको 25 हजार का चूना लगा दिया। पीड़ित ने दरियाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। दरियाबाद कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी महफूज आलम का आरोप है कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके दरियाबाद-मियागंज मार्ग पर स्थित कोल्हू पर आया और ब्लॉक परिसर में सरसों होने की बात बताकर महफूज आलम को अपना साधन लेकर ब्लॉक आने की बात कही। उसने महफूज आलम से 25 हजार रुपए ब्लॉक के गेट पर यह कहकर ले लिये कि ब्लॉक में रुपये देने हैं। उसके बाद टप्पेबाज रफूचक्कर हो गया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

डीपीआरओ ने अन्त्येष्टि स्थलों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : मधनापुर एवं शहर में अधूरे अन्त्येष्टि स्थलों का डीपीआरओ ने निरीक्षण किया। डीपीआरओ नीतेश भोंडले ने ग्राम शहरी व मधनापुर के अधूरे पड़े अन्त्येष्टि स्थलों का निरीक्षण कर कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह, पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, कुलदीप वर्मा धर्मेन्द्र कुमार वर्मा व सतीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

एक माह बाद दर्ज हुआ केस

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : मालिनपुर गांव निवासी एक युवक की पिटाई का पुलिस ने एक माह बाद मुकदमा दर्ज किया है। सरिता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती दो मई को दबंगों ने उसके पुत्र को पीटा था।

भीषण गर्मी से दरोगा समेत चार की मौत

खेत में लगी आग की सूचना पर सिपाहियों के साथ पहुंचे थे, लौटते समय बिगड़ गयी हालत

तीखी धूप से बचने के लिए बच्चों को कपड़े से ढककर जाता व्यक्ति व महिला। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : भीषण गर्मी और लू के कारण शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दरोगा समेत चार लोगों की मौत हो गयी। अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आलम यह रहा कि सड़क, बाजार, चौक और चौराहों पर सन्नाटा पसर गया। सुबह बजे के बाद से सड़कें सूनी हो जा रही हैं। भीषण गर्मी के चलते दिहाड़ी मजदूर मजदूरी करने को तैयार नहीं हैं।

शहर के रेलवे स्टेशन पर मामू चाय वाले की दुकान के सामने दोपहर बाद एक व्यक्ति पैदल चलते हुए अचेत होकर सड़क पर गिर पड़ा। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंडित पुरवा मजरे कुम्हरवा निवासी पप्पू सिंह के गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई। इसकी जानकारी उसने 112 पीआरवी व अग्निशमन दल को दी। 112 पीआरवी के दरोगा अनिल कुमार शुक्ला (55), सिपाही कमलेश मौर्य व चालक संतोष कुमार मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों लोग करीब एक किमी पैदल तीखी धूप में खेत तक पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। तेज धूप के कारण लौटते समय दरोगा अनिल कुमार शुक्ला की हालत बिगड़ गयी। उन्हें उल्टी होने लगी और वह अचेत हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। तबीयत बिगड़ती देख उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। देवा कोतवाली क्षेत्र के बिशुनपुर कस्बे में दोपहर के समय हीट वेव की चपेट में आकर पैदल जा रहा एक व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की शिनाख्त को सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत बछरावां मार्ग पर शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे एक अधेड़ कंधे पर बैग टांगकर पैदल आ रहा था। कर्म गांव के मोड़ के पास उसे चक्कर आया तो वह सोनू पांडे के घर के बाहर पहुंचा और जमीन पर ही लेट गया। दो-तीन बार हिचकी आने के बाद बेहोश हो गया। पानी के छींटे मारने पर भी उसे होश नहीं आया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसकी जेब से निकली पर्ची में दर्ज मोबाइल नंबर पर परिजनों को सूचना दी। रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत कोडर गांव से आए परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को लेकर चले गए।

भीषण गर्मी में कूलर भी हुए फेल

दिन और रात में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण कूलर भी फेल हो गए हैं। एसी तक ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। गर्मी के चलते लोगों की रात की नींद भी छिन गई है। चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा के मुताबिक जिला अस्पताल में उल्टी दस्त एवं डायरिया के मरीज ज्यादातर आ रहे हैं।

दिनभर हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : सूरतगंज उपकेंद्र में हेतमापुर, जिगनी, सुढियामऊ, रानीगंज और मोहम्मदपुर खाला पांच फीडर संचालित है। यहां विद्युत कटौती का कोई निश्चित रोस्टर नहीं है। इमरजेंसी कटौती नाम पर यहां तीन से चार घंटे विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। दिन में यह प्रक्रिया तीन से चार बार में तो रात्रि को भी दो से तीन बार होती है। जिससे लोग परेशान हैं। इमरजेंसी रोस्टिग के नाम पर धड़ल्ले से हो रही विद्युत कटौती का कोई समय निश्चित नहीं है। विगत एक सप्ताह से बिजली की बेइंतहा कटौती से जनता त्रस्त हो चुकी है। इस संबंध में जेई एसपी मिश्रा ने बताया की ओवर लोडिंग और अत्यधिक गर्मी बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर हीट हो जा रहे है तो उनका तापमान मेंटेन रखने के लिए कटौती की जा रही है समस्या दूर करने के प्रयास किये जा रहे है

ट्रांसफार्मरों पर की जा रही पानी की बौछार

ट्रांसफार्मर ठंडा करने के लिए उस पर पानी डालता विद्युतकर्मी। अमृत विचार

रामनगर, अमृत विचार : इस भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों का भी पसीना छूट गया है। भयंकर गर्मी में ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे हैं। बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए अनोखा फार्मूला निकाला है। विद्युत वितरण खंड रामनगर के सूरतगंज पावर हाउस में ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए पानी डाला जा रहा है।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्ति पर प्लाटून कमांडर को दी गयी विदाई

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार : होमगार्ड विभाग में प्लाटून कमांडर के पद पर तैनात रामप्रताप सिंह को सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को अंगवस्त्र एव प्रतीक चिह्न देकर विदाई दी गयी। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्लाटून कमांडर के कार्यों की सराहना की गयी। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, रमेशचन्द्र, विभूति द्विवेदी, मनोज कुमार, अमन गुप्ता, हेड कांस्टेबल भरतलाल, रामदास, नरेंद्र यादव, दिलीप मौर्य, पप्पू यादव, प्रिंस सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

मारपीट के सात दोषियों को 3 साल की कैद

बाराबंकी : अमृत विचार : लाठीडंडे से पीटकर युवक को घायल करने के सात अभियुक्तों को न्यायालय ने 3 साल के कारावास व दो हजार रुपये जुमाने की सजा सुनाई। मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। यहां के निवासी उदल ने नारेपुर निवासी राममिलन, छबीले, रामपाल, गयादीन, ठाकुर रामनिवास, बलगर, कैलाश के खिलाफ साल 2013 में लाठी-डंडे से हमला कर घायल करने का मुकदमा दर्ज कराया था। साक्ष्यों व सबूत के आधार पर न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को 3 साल का कारावास व दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

अधिवक्ता की पत्नी को सौंपा दो लाख का चेक

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को हैदरगढ़ तहसील पहुंचकर अधिवक्ता स्व. राम शंकर सिंह की पत्नी निर्मला देवी को दो लाख रुपए का चेक सौंपा। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता कल्याण परिषद द्वारा कई अन्य मृत वकीलों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई है। तहसील बार अध्यक्ष राम प्रताप सिंह की अगुवाई में वकीलों ने बार कौंसिल के सदस्य का स्वागत किया।

बालू के अवैध खनन पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

टिकैतनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत सरयू नदी के किनारे बालू का अवैध खनन जारी है। इसके कारण बाढ़ के दौरान बंधा टूटने का भी खतरा गहरा गया है। सहायक अभियंता बाढ़ की तहरीर पर टिकैतनगर थाने में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत लोढ़ेमऊ घाट पर सरयू नदी किनारे बालू खनन करते हुए करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए बंधे को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सहायक अभियंता द्वितीय बाढ़ कार्यक्रम ने सहायक अभियंता द्वितीय बाढ़ कार्यक्रम बीएन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि अलीपुर रानीमऊ तट बंध का निर्माण कराया गया था। तटबंध निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम सभा लोढ़ेमऊ तटबंध पर स्थित साइट ऑफिस के निकट पर तटबंध का टॉप क्षतिग्रस्त है। उक्त स्थल पर वर्षा काल में या सरयू नदी में बाढ़ आने के दौरान तटबंध टूटने की स्थिति में विकट आपदा उत्पन्न हो सकती है। पुलिस ने अवैध बालू खनन करने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कूड़ाघरों का शुरू कराया संचालन

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार : सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 में चयनित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर कूड़ाघरों का संचालन शुरू कराया। एडीओ पंचायत जानकीराम, कंसल्टिंग इंजीनियर प्रदीप कुमार, ब्लाक समन्वयक रमाकांत ने भयारा, बड़ागाव, बांसा, रहरामऊ मे स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत कराये गये कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बड़ागाव नूर मोहम्मद, बांसा प्रधान रामसिंह, रहरामऊ प्रधान प्रतिनिधि अनिल वर्मा, सचिव जैसराम, संजीव कुमार व सियाराम मौजूद रहे।

डंपर ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, दो घायल

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जलालपुर के निकट शुक्रवार को डंपर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। चालक की हालत चिंताजनक होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दरियावगंज मजरे मौलाबाद निवासी तेजनरायण मिश्रा चालक अखिलेश वर्मा के साथ ट्रैक्टर से हाइवे पर स्थित लक्षबर बजहा बाड़े पर सरसों बेचने जा रहे थे। ग्राम जलालपुर के निकट पीछे से आ रहे डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी जिससे चालक अखिलेश सहित तेजनरायण उछल कर दूर जा गिरे। अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनो वाहनो को अपने कब्जे मे ले लिया है।

पेट्रोल पंप पर नक्शे के विपरीत हो रहा टैंक का निर्माण

बाराबंकी : अमृत विचार : नक्शे के विपरीत हिंदुस्तान पेट्रोलियंम कॉरपोरेशन लिमिटेड के पेट्रोप पंप पर बनाए जा रहे भूमिगत टैंक व डिस्पेंसिंग यूनिट के निर्माण को लेकर जांच के लिये पहुंची टीम ने मामला सही पाया। जांच के दौरान पेट्रोल पंप संचालक द्वारा यह कह कर पल्ला झाड़ लिया गया कि यह निर्माण ऑयल कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। कानूनी प्रक्रिया की उन्हें जानकारी नहीं हैं। हमारा पंप खजूर गांव के नाम संचालित पेट्रोल पंप पर भूमिगत टैंक व डिस्पेंसिंग यूनिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसे लेकर आपूर्ति कार्यालय में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी कि टैंक व डिस्पेंसिंग का निर्माण अनुमति नक्शे के विपरीत कराया जा रहा है। डीएसओ डॉ. राकेश तिवारी ने बताया कि जांच के बाद इस प्रकरण के बारे में संबंधित ऑयल कंपनी से पत्राचार कर जवाब तलब किया गया है। लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में एसआई आरएन मिश्रा, इमरान मंजूर, गरिमा वर्मा और एसआई अनुभव कुमार शामिल रहे।

हीट वेव से बचाव को बनाएं अलग से वार्ड

सीएमएस डा. नीलम गुप्ता से जानकारी लेते एडी। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: अमृत विचार: अपर निदेशक स्वास्थ्य (अयोध्या मंडल) एसपी सिंह ने शुक्रवार को संयुक्त चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर निर्देश दिए। एडी ने अस्पताल की इमरजेंसी, ओपीडी तथा सीएचसी के प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए वार्ड तैयार करने के निर्देश सीएमएस डॉ. नीलम गुप्ता को दिया उन्होंने निर्देश दिया कि दो दिन में एसीयुक्त वार्ड तैयार करवाकर चालू कराएं। सीएमएस डा. नीलम गुप्ता ने अस्पताल में स्टाफ नर्सों की कमी की जानकारी दी।

भाजपा के मतगणना एजेंटों को दी गयी ट्रेनिंग

बैठक

- पाटी ने अनुभवी व समपिर्तत कार्यकर्ताओं को बनाया है एजेंट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

बैठक को संबोधित करते एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकर्ताओं को मतगणना एजेंट बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर उन्हें ट्रेनिंग दी गई। सभी को मतगणना की बारीकियों से रूबरू कराया गया। मतगणना एजेंट को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराते हुए वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने टिप्स भी दिए। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने मतगणना के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन को बिंदुवार समझाया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना है। जिसके लिए विधानसभावार मतगणना एजेंट नामित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि मतगणना शुरू होने से करीब दो घंटे पूर्व मतगणना स्थल पहुंचना होगा और मतगणना संपन्न हो जाने के उपरांत ही मतगणना स्थल को छोड़ना है। मोबाइल या कैलकुलेटर ले जाना वर्जित होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं को काउंटिंग एजेंट बनाया है। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि पार्टी ने विधानसभावार काउंटिंग एजेंट नामित किए है। संचालन महामंत्री गुरु शरण लोधी ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, विधायक दिनेश रावत, प्रत्याशी राजरानी रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, अमरीश रावत, शील रत्न मिहिर, रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी, रोहित सिंह, करुणेश वर्मा, शेखर हयारण, मनोज वर्मा, प्रमोद तिवारी, सुशील जायसवाल, राजकरण रावत, सीता शरण वर्मा, डॉक्टर श्रवण शुक्ल, प्रवीण सिंह सिसौदिया, रंगनाथ त्रिपाठी, अंशुमान मिश्रा और सरोज वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वास्थ्यकर्मियों ने सीखा आग बुझाने का तरीका

मसौली, बाराबंकी

अग्निशमन विभाग की जागरूकता कार्यशाला में मौजूद सीएचसी स्टाफ।

अमृत विचार : सीएचसी बड़ागांव में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गयी। अग्निशमन प्रभारी फूलचंद्र ने कहा कि अगर सावधानी नहीं बरती गई तो अग्निकांड भारी पड़ सकता है। थोड़ी से सावधानी बरतकर अग्निकांड को रोका जा सकता है।

उन्होंने बिजली के जर्जर तार बदलने एवं गैस पाइप प्रति छह महीने में बदलने की नसीहत दी। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को अग्निशमन यंत्रों को प्रयोग करने का तरीका भी बताया। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आग लगे घर में फंस जाता है तो घबराएं नहीं बल्कि लेट जाएं और नीचे से दरवाजे की ओर देखें और वहां से निकलने का उपाय सोचें क्योंकि जमीन से 6 इंच तक ऊपर धुआं रहता है। जिससे नीचे से सुरक्षित स्थान या दरवाजे की ओर देखा जा सकता है।

कार्यशाला मे सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार, डॉ. बीके मौर्य, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. आरके वर्मा, रोहित राय, अशोक कुमार, आरपी सिंह, कपिल देव सिंह, उमंग आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

घर से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

देवा, बाराबंकी: अमृत विचार : देवा क्षेत्र में गुरुवारकी रात चोर एक घर को निशाना बनाकर नकदी-जेवर लाखों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने देवा पुलिस को सूचना दी।

देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालेहनगर निवासी सिद्धू रावत के घर में गैलरी के रास्ते घुसे अज्ञात चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर दो लाख रुपये की नकदी और करीब तीन लाख के जेवर उठा ले गए। सुबह जब घर मालिक को जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। एक झोला और कुछ कपड़े गांव के बाहर एक बाग में पड़े मिले। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा अस्पताल

लापरवाही

- सिरौलीगौसपुर के अस्पताल में मरीजों के बैठने की व्यवस्था नहीं

सिरौली गौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : सिरौलीगौसपुर में सौ शैय्या के जिले के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। 16 चिकित्सकों वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से मरीजों को जिला मुख्यालय की ओर रुख करना पड़ता है। चिकित्सालय में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। इस चिकित्सालय के तीन चिकित्सकों को किसी अन्य अस्पताल में अटैच किया गया है।

यहां प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या औसत 400 से अधिक होती है। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के सापेक्ष महज पांच स्टाफ नर्स की तैनाती है। परिसर में साफ सफाई का उचित प्रबंध न होने की वजह से गंदगी की भरमार है। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ओपीडी में आने वाले मरीजों व भर्ती रोगियो को इस भीषण गर्मी में पंखे की हवा का सहारा है। कूलर शोपीस बनकर रखे हैं। भीषण गर्मी में ओपीडी में आने वाले मरीज के दबाव के हिसाब से यहां ओपीडी में महज एक वाटर कूलर लगा हुआ है। इसकी वजह से मरीजों को शीतल पेयजल के लिए भटकना पड़ता है।

पैथालॉजी में जमीन पर बैठे मरीज। अमृत विचार

शौचालय के टैंक की सफाई के लिए नगर पंचायत रामनगर एवं टिकैतनगर नगर को पहले ही पत्र लिखा जा चुका है। टैंक की सफाई के लिए यहां कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी को देखते हुए तीसरे तल पर बने हुए वार्ड में मरीज को भर्ती नहीं किया जाता। जल्दी ही जो भी कमियां हैं, दूर की जाएंगी।

-नीलम गुप्ता, सीएमएस

पहल | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयोजित की गई गोष्ठी

नयी पीढ़ी को तंबाकू सेवन से बचाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

गोष्ठी में मौजूद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कृष्ण चंद्र। अमृत विचार

अमृत विचार : तंबाकू का सेवन हानिकारक है, समाज के प्रतिष्ठित लोगों को नई पीढ़ी को तंबाकू के सेवन से बचाना चाहिए। ये बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दी गयी थीम 'बच्चों को नशे के कारोबार से बचाना चाहिए' विषय पर आयोजित गोष्ठी में सीएमओ ने कहीं।

सीएमओ ने कहा कि तंबाकू से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए विभाग की तरफ से नुक्कड़ नाटक, गोष्टी एवं कार्यशाला का आयोजन कर जागरूकता फैलाई जा रही है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कृष्ण चंद्र ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को बताया कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि परिवार का मुखिया अगर तंबाकू सेवन कर रहा है, तो उसे पहले खुद तंबाकू सेवन से बचना चाहिए, तभी वह आने वाली पीढ़ी को तंबाकू सेवन करने से होने वाली बीमारियों से बचा सकते हैं। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने उपस्थित लोगों को तंबाकू छोड़ने व युवा वर्ग को तंबाकू से बचाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. डीके श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

लापरवाही

बेगमगंज स्थित नगर पालिका मार्केट में लगी जलापूर्ति की टोंटी खराब है। इसके चलते इससे सैकड़ों लीटर पानी बहकर बर्बाद होजाता है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। अमृत विचार

एक नजर

सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी गयी विदाई

बाराबंकी : अमृत विचार : सेवानिवृत्ति पर नागरिक पुलिस में उपनिरीक्षक रामनरेश मिश्रा को पुलिस लाइंस के सभागार में विदाई दी गयी। कार्यक्रम में एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने रामनरेश मिश्रा को स्मृति चिह्न दिया। डॉइस अवसर पर विदाई देने वालों में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी व प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

दो दिन तक नहीं होंगे डीएल संबंधी कार्य

बाराबंकी : अमृत विचार : तीन और चार जून को डीएल सम्बन्धी कार्य नहीं हो सकेंगे। सम्भागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया कि सारथी पोर्टल में तकनीकी खराबी की वजह से लाइसेंस सम्बन्धी कार्य बाधित रहेंगे। सारथी टू अपग्रेड किया जा रहा है।

45 लोगों के खिलाफ शान्तिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 45 लोगों पर शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। दूसरी ओर, 13 अलग-अलग मामलों में वांछितों को गिरफ्तार किया गया।

तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बदोसराय पुलिस ने कोटवाधाम निवासी विष्णु कश्यप को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। कुर्सी पुलिस ने ग्राम सिवागांव लखनऊ निवासी रूद्र सिंह के पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की।

चाकू के साथ पकड़ा गया

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम कूढा सुखीपुर निवासी जितेंद्र को चाकू के साथ दबोच लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

किसानों को अनुदान पर मिलेंगे बीज

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : राजकीय कृषि बीज भंडार में अनुदानित बीज उपलब्ध हैं। किसानों को अनुदान का लाभ तत्काल मिलेगा। किसानों को आधार कार्ड केंद्र पर अपने साथ लाना होगा।

मतगणना के लिए विधानसभावार बनाए गए पंडाल

तैयारी

- जाली के अंदर होगी मतगणना, बाहर बैठेंगे दलों के एजेंट
- एक पंडाल पर लगायी जाएंगी 14 टेबल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

मतगणना का सांकेतिक चित्र।

अमृत विचार : बाराबंकी संसदीय सीट के पांच और अयोध्या के तहत जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 4 जून को नवीन मंडी परिसर में होगी।

मतगणना विधानसभावार होगी। ऐसे में विधानसभावार पंडाल भी बनाए गए हैं। एक पंडाल में एआरओ के अलावा 14 टेबल लगाई जाएंगी। ये सभी चारों तरफ से बंद होंगी। प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के लिए हर टेबल के सामने बैठने का स्थान होगा, लेकिन बीच में जाली होगी। इतना ही नहीं, अभिकर्ता तय स्थान के अलावा दूसरे विधानसभा के पंडाल में भी नहीं जा सकेंगे। अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक को बिना पास के को भी नवीनमंडी परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा। सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

चार जून का सभी को बेसब्री से इंतजार है। वहीं जिला प्रशासन भी मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। आयोग के दिशा-निर्देश पर मतगणना कक्ष का शेड तैयार किया जा रहा है। इसके तहत मतों की गिनती जालीदार बनाए गए हाल के अंदर होगी। इसके बाद प्रत्याशी या उनके एजेंट रहेंगे। चेकिंग के लिए ड्यूटी प्वॉइंट पर जिम्मेदार अधिकारियों को तैयात किया जाएगा। मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

उधर भाजपा, बसपा और गठबंधन प्रत्याशियों द्वारा विधानसभावार अधिकतम 75-75 लगाए गए मतगणना अभिकर्ताओं की सूची भी जिला प्रशासन को सौंप दी गयी है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि मतगणना हाल को जालीदार बनाया गया है। संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों को इसके अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। जाली के बाहर प्रत्याशी या उनके एजेंट रहेंगे।

फोटोस्टेट मशीन देंगे एक दर्जन शिक्षण संस्थान

गणनाशीट तैयार कर फोटोकॉपी निकाली जानी हैं। इस कार्य में प्रत्येक विधानसभा के लिए दो-दो फोटोकॉपी मशीनों की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने कुर्सी विधानसभा के लिए मेयो और सागर मेडिकल कॉलेज, रामनगर के लिए सेठ विशंभरनाथ व शेरवुड कॉलेज, बाराबंकी के लिए जयपुरिया और गंगा मेमोरियल, जैदपुर के लिए साईं और आरएलबी इंटर कॉलेज, दरियाबाद के लिए सेंट्रल एकेडमी व इरम इंटर कॉलेज तथा हैदरगढ़ की मतगणना के लिए पायनियर मांटेसरी स्कूल और पीएमएस डिग्री कॉलेज की फोटो स्टेट मशीनों को लिया गया है।

एसपी ने परेड की ली सलामी पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

बाराबंकी: अमृत विचार: एसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस के जवानों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की नसीहत देते हुए कहा कि फिट रहने के लिए नियमित दौड़ लगाना बहुत जरूरी है। उसके बाद एसपी ने पुलिस लाइंस स्थित 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मानक के हिसाब से जरूरी उपकरणों को अपने पास रखने व समय से रिस्पांस देने का निर्देश दिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस परिसर के बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय व भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

बिना पंजीकरण संचालित निजी अस्पताल सील

एक सप्ताह में इलाज के दौरान दो मरीजों की हो चुकी है मौत

सूरतगंज, बाराबंकी

अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

अमृत विचार : बिना रजिस्ट्रेशन संचालित निजी अस्पताल में एक सप्ताह में दो मरीजों की मौत हो गयी। परिजनों ने गलत उपचार का आरोप लगाया है। गुरुवार रात स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया। टीम ने अस्पताल पर नोटिस चस्पा कर अभिलेखों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वहीं घटना के बाद से संचालक अस्पताल बंद कर फरार है।

रामनगर थाना के मुरारीपुरवा मजरा चैनपुरवा गांव निवासी बसंती देवी ने बुधवार की देर शाम उल्टी-दस्त से जूझ रहे पति को सूरतगंज के बेल चौराहे स्थित अवध हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। बसंती का आरोप है कि गलत इंजेक्शन दिए जाने से उनके पति की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल संचालक खुद को बचाने के लिए उनके पति को ई-रिक्शा से सीएचसी सूरतगंज में छोड़कर फरार हो गया। ऐसा ही मामला मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के रिछला निवासी 65 वर्षीय उमर के साथ भी हुआ था। वह गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। बेटों ने उन्हें बुधवार तीन बजे अवध अस्पताल में भर्ती कराया। 24 घण्टे के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। अस्पताल संचालक ने परिजनों को कहीं और ले जाने की सलाह दी। परिजन उन्हें हिन्द अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। पुत्र कल्लू का आरोप है कि हालत में सुधार न होने के बाद भी के डाक्चर ने उनके पिता को जबरदस्ती भर्ती रखा। दो मरीजों की मौत के बाद सीएचसी अधीक्षक डा. संजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर टीम के साथ पहुंचे डा. वरुण पाल सिंह ने अवध हॉस्पिटल सील कराया। वहीं नोटिस चस्पा कर तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। घटना के बाद से संचालक अस्पताल बंद कर फरार है।

> अस्पताल सील करा दिया गया है। समय-समय पर इस तरह के प्राइवेट अस्पतालों की जांच कराई जाती है। जिस भी प्राइवेट अस्पताल के खिलाफ आगे भी शिकायत आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आशा बहुओं की अगर किसी भी तरह की मिलीभगत सामने आएगी तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। **-डा. संजय पांडे**, अधीक्षक, सीएचसी सूरतगंज

बिजली चोरी का खामियाजा भुगत रहे उपभोक्ता

निंदूरा, बाराबंकी

ट्रांसफार्मर में लगा केबिल।

अमृत विचार। बिजली चोरी का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। लोग कटिया डालने और मीटर को बायपास करने के साथ डायरेक्ट ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी कर रहे हैं। गर्मी में बिजली गुल होने का असर व्यापारियों के व्यापार और लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है। कस्बे में दिन में कई बार बिजली बाधित होने से लोगों में आक्रोश है।

लोग मकान के बगल से निकले तारों में कटिया लगाकर बिजली चोरी कर रहे हैं। वहीं कई लोग तो खंभे से सीधे तार डालकर बिजली विभाग को चूना लगा रहे हैं। यही नहीं, कई स्थानों पर लोग सीधे ट्रांसफार्मर से कटिया लगाकर कर सबमर्सिबल पंप व मोटर चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। कुर्सी कस्बे के नहर स्थित सरकारी पंपिंग हाउस के लिए रखे ट्रांसफार्मर से सीधे कटिया लगाकर तालाब में पानी भरा जा रहा है। बहरौली व उमरा, मातन पुरवा आदि गांवों में लोग पोल से सीधे कटिया लगाकर पंपिंग मोटर चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्रीय संविदा कर्मी व लाइनमैन को मामले की जानकारी होने के चलते जैसे ही कोई टीम जांच के लिए पहुंचती है उससे पहले ही केबल हटा दिए जाते हैं।कुर्सी विद्युत उपकेंद्र अवर अभियंता विकास शुक्ला ने बताया कि । जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पांच की जगह दे दिये 50 कनेक्शन

खंभे में फैला कनेक्शन का मकड़जाल।

बाराबंकी : अमृत विचार : बिजली विभाग की लापरवाही शिव विहार कॉलोनी के उपभोक्ताओं को भुगतनी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार ने वर्ष 2016 में मकान बनवाया और बिजली कनेक्शन लेने को आवेदन किया तो जेई ने बताया कि आपके घर से 260 मीटर दूरी पर ट्रांसफार्मर है। आपके खर्च से लाइन खिंचेगी। उन्होंने 17 हजार रुपये जमा कर कनेक्शन लिया। जेई ने लगभग 50 मकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इसी एबीसी लाइन से कनेक्शन दे दिया जबकि इसकी क्षमता चार या पांच की है। अधिशासी अभियंता अंशुमान यादव ने बताया कि जल्द ही समाधान करवा दिया जाएगा।

सेवानिवृत्ति पर न्यायाधीश सूर्य प्रकाश शर्मा को दी विदाई

न्यायाधीश को विदाई देते अधिवक्ता। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : न्यायाधीश सूर्य प्रकाश शर्मा शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गये। उन्हें अधिवक्ताओं ने ढोल नगाड़ों से साथ व्य विदाई दी। साल 2022 में पदोन्नति के बाद से वह जिले में बतौर जिला जज/मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के रूप में सेवारत रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अलग-अलग गरिमापूर्ण पदों पर न्यायिक अधिकारी के रूप में अपनी सेवांए दीं। सेवानिवृत्त होने पर अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश सूर्य प्रकाश वर्मा को विदाई दी। इस दौरान मोटर दुर्घटना दावा स्टाफ राकेश कुमार मिश्रा, शकील अहमद, शशिकांत व अधिवक्ता हरिमोहन तिवारी, मो. एखलाक, ओमप्रकाश विश्कर्मा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, भोलानाथ रावत, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

जेल परिसर में खुली पारिजात प्रेरणा कैंटीन

बाराबंकी : अमृत विचार : डीएम सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। मुख्य गेट के बाहर परिसर में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जेल प्रशासन द्वारा बनी पारिजात प्रेरणा कैंटीन का जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने उद्घाटन किया। कैंटीन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी। डीएम-एसपी जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई। उसके बाद कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होने साफ-सफाई आवश्यक उपचार, के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को-निर्देश दिए। जेल अस्पताल में बन्दियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गयी कलश यात्रा

कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत से पूर्व शुक्रवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। नगर के कैलाश आश्रम में पूजा अर्चना कर निकाली गई कलश यात्रा छाया चौराहा, नगर पालिका, सत्यप्रेमीनगर रामसेवक पार्क होते हुए रसूलपुर स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। कलश यात्रा पर लोगों ने पुष्प वर्षा भी की। शाम को श्री वैष्णवी शक्ति पीठ वृंदावन से पधारे पं. नारायण शास्त्री ने प्रवचन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु का नाम जपने से मनुष्य की हर बाधा खत्म होती है। आयोजक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि सात जून को श्रीमद्भागवत के समापन व स्थापना दिवस पर पूर्णाहुति के साथ भंडारा का आयोजन दूधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होगा। इस अवसर पर गणेश प्रसाद जायसवाल, अशोक कुमारी तिवारी, निधि तिवारी, रुचि शुक्ला, विष्णु तिवारी, किरन, कंचन, अंजू, ज्योति, भावना, अंकिता द्विवेदी, संतोष कुमार तिवारी और प्रिया तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

आरइपीएल क्रूसेडर्स ने 10 विकेट से जीता मैच

क्रिकेट मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप का आठवां मुकाबला पेस बॉलर एकेडमी और आरइपीएल क्रूसेडर्स के बीच में खेला गया। आरइपीएल क्रूसेडर्स की टीम ने 10 विकेट से मैच जीत लिया। पेस बॉलर एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बोलिंग करने का फैसला किया। पेस बॉलर एकेडमी ने मात्र 38 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बना सकी। पेस बॉलर एकेडमी की तरफ से सर्वाधिक 35 रन विकास यादव ने, 21 रन समर्थ दीक्षित ने और 17 रन सार्थक दीक्षित ने बनाए। आरइपीएल क्रूसेडर्स की तरफ से शाश्वत पांडेय ने 7 ओवर में 15 रन 4 विकेट लिए। सजल ने 3 विकेट प्राप्त किये। जवाब ने उतरी आरइपीएल क्रूसेडर्स की तरफ से आदित्य यादव ने नाबाद 57 और हिमांशु सिंह ने नाबाद 68 रन बनाकर मात्र 16 ओवर्स में 128 रन बनाकर टीम को 10 विकेट मैच जिता दिया। शाश्वत पांडेय को शानदर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस अवसर पर बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव डॉ जावेद, योगेंद्र पल सिंह, अफाक अली, परवेज अहमद, राजेश अरोरा बब्बू,आदि मौजूद थे।

प्रेम विवाह के छह वर्ष बाद युवक ने पत्नी को छोड़ा

बभनजोत, अमृत विचार : एसपी के आदेश पर खोड़ारे पुलिस ने पति समेत ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। ज्योति ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह महाराष्ट्र की रहने वाली है। उसकी मुलाकात कृष्ण यादव निवासी इस्लामपुर थाना खोडारे से जो महाराष्ट्र में टाइल लगाने का काम करते हैं, उनसे हुई थी। वर्ष 2018 में अपने झांसे में लेकर लव मैरिज विवाह कर लिया। विवाह के बाद महिला को लेकर अपने घर इस्लामपुर आये जहां दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। कुछ दिन रहने के बाद पति-पत्नी दोनों वापस महाराष्ट्र चले गए। इसके बाद पति ने उसे छोड़ दिया।

भागवत कथा सुनने से मनुष्य के विकार होते हैं नष्ट

सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन कथा वाचक दीपक शुक्ला ने कहा कि कथा सुनने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मनुष्य का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते थे, वहीं कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय और मंगलमय बनाकर आत्म कल्याण करें। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। कथावाचक ने प्रह्लाद और ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। कथा के अंत में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का बखान किया।

बदमाशों ने बेहोश कर 54 हजार रुपये छीने

सूरतगंज बराबंकी

अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज चौकी के अंतर्गत दो बदमाशों ने एक व्यक्ति का डंडा मारकर बेहोश कर दिया और जेब से 54 हजार छीनकर भाग गए।

लल्लन पुत्र मौला बक्स ने दी गई तहरीर में बताया है कि बुधवार देर शाम करीब नौ बजे सुढ़ियामऊ में दूसरा व्यापारी शकील पिकअप पर खरबूजा लदवा रहा था। तो उसका फोन आया, पैसे ले कर आ जाओ। तभी बाइक से वहां जा रहे थे कि सुढ़ियामऊ गांव जाने वाले मार्ग पर स्थित टेढ़ी पुलिया से पचास मीटर की दूरी में निकले थे। तभी बिबियापुर जंगल के पास सड़क पर पहले से खड़े दो लोगों ने डंडा फेंका। तो बाइक सहित गिर गए। तभी दोनों युवकों ने पिटाई कर, हमें बेहोश कर दिया। जेब में रखे 54 हजार रुपए छीन लिए। तो किसी परिचित ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने हमें सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरूवार की शाम वापस आए। तो शुक्रवार की शाम सूरतगंज चौकी पर तहरीर दी है।

जलसखियों को बांटी गयी वाटर टेस्टिंग किट

मसौली, बाराबंकी

जलसखियों को टेस्टिंग किट वितरित करते प्रधान प्रतिनिधि। अमृत विचार

अमृत विचार : जो जल हम पी रहे हैं, उसकी शुद्धता की जांच अब लोग खुद कर सकेंगे। इसके लिए शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में जलसखियों को वाटर टेस्टिंग किट वितरित की गयी।

मास्टर ट्रेनर शिवानी शुक्ला ने बताया कि शुद्ध पेयजल से ही बीमारियों से बचा जा सकता है। नल का पानी अच्छी तरह से उबाल लें। जिससे जीवाणु नष्ट हो जाएंगे। पानी को छान व ढककर ठंडा कर लें। इसके बाद जल का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि वाटर टेस्टिंग किट में नौ प्रकार के टेस्ट किए जाने से गांवों में गंदे पानी की समस्या व अन्य बीमारियों से भी छुटकारा मिल सकता है। अगर वाटर टेस्टिंग किट का इस्तेमाल पंचायत प्रतिनिधि समय-समय पर करें तो जलजनित रोगों से छुटकारा मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि किट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा। किट में डालने के बाद पानी काला हो गया तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे मे 10 लीटर पानी मे 5 सौ ग्राम ब्लीचिंग पाउडर मिला दें। खूब हिलाने के बाद आधे घण्टे के लिए रख दें। कपड़े से छान लें। इस तरह से क्लोरीन घोल तैयार हो जाता है। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने जल सखी रामज्योति एव आरती देवी को वाटर टेस्टिंग किट दी।

लापरवाही इस बार 57 लाख पौधे लगाने की तैयारी, मानसून आने के साथ चिह्नित स्थानों पर रोपे जाएंगे पौधे

चार साल में लगे 2.15 करोड़ पौधे, फिर भी नहीं दिखी हरियाली

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : चार साल के अंदर जिले में अभियान चलाकर 2 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए। ये पौधे देखरेख के अभाव में सूख गए। चौंकाने वाली बात तो यह है कि मुख्यमंत्री व राज्यपाल द्वारा अभियान में रोपे गए पौधों को जिम्मेदार विभाग सहेज नहीं सका। इस बार भी जिले में 57 लाख पौधे लगाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए वन विभाग अपनी नर्सरियों में 88 लाख पौधे तैयार कर रहा है। मानसून आते ही पौधरोपण शुरू होगा। लक्ष्य पाने के लिए 27 विभागों को पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। पौधों की जियो टैंगिंग होती है। मगर असलियत यह है कि जिले में मुख्यमंत्री, मंत्री व अफसरों की ओर से लगाए गए पौधे भी पेड़ नहीं बन पा रहे हैं न ग्रामीणों ने ध्यान दिया और न पौध लगवाने वाले विभाग ने। ऐसी हालत में आधे से अधिक पौधे सूख गए। बीते चार साल की बात करें तो पौधरोपण महाभियान, आयोजनों, समाजसेवियों व अन्य लोगों की ओर से करीब दो करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। शायद ही किसी गांव में पौधे न भेजे गए हों। चार साल पहले तालाबों के किनारे से लेकर सीएचसी, पीएचसी, सरकारी दफ्तरों के कार्यालयों व जमीन में पौधे लगाए गए। चार साल से इसी जमीन पर फिर पौधे लगाए जाएंगे।

4 साल में पौधरोपण का हाल

वर्ष	रोपे गए पौधों की संख्या
2020	45.79 लाख
2021	54.95 लाख
2022	64.11 लाख
2023	51.27 लाख

सीएम व राज्यपाल के लगाए पौधे भी गायब

2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगर के महादेव वाटिका में छह पौधे रोपे थे। उ आज अधिकतर का नामोनिशान नहीं बचा है। वहीं फतेहपुर तहसील क्षेत्र के होली का पुरवा मजरे मवैया गांव में कल्याणी नदी के किनारे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व तत्कालीन वन मंत्री ने पौधे रोपित किए थे। इनमें से अधिकतर नष्ट हो गए। मौसंडी में 1800 पौधे लगाए गए थे। अमौके पर एक भी नहीं है

ग्राम्य विकास विभाग को सर्वाधिक लक्ष्य

मानसून की शुरुआत होते ही जिले में पौधे लगाने का अभियान शुरू होगा। इस बार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर पौधरोपण की तैयारी है। 27 विभागों को 57 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। ग्राम्य विकास विभाग को सबसे अधिक 21 लाख छह हजार तो नोडल वन विभाग 20 लाख पौधे लगाएगा। सबसे कम 1600 पौधे लगाने की जिम्मेदारी एआरटीओ विभाग को मिली है।

इन पौधों का होगा रोपण

अभियान के दौरान लगने वाले पौधों में फलदार, औषधीय व छायादार पौधे शामिल हैं। इनमें आम, शीशम, नीम, कटहल, जामुन, पाकड़, सागौन, अमरुद, पीपल, बरगद समेत करीब दर्जन अलग-अलग प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।

पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार: दहेज में कार की मांग पूरी होने का आरोप लगा विवाहिता ने मार पीट कर घर से निकालने की प्राथमिकी थाने पर दर्ज कराई है। पीड़िता पारुल उर्फ कोमल वर्मा ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि उसकी शादी फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के ही नेवाजगंज निवासी विनोद कुमार के साथ हुई थी। 28 मई की शाम पति विनोद कुमार,जेठ लवकुश, जेठानी पल्लवी,सास कलावती व जौरास निवासी मोहित, नंदकिशोर व नेवल कुमार के साथ मिलकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एक नजर

राजकपूर बने कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल संघ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की बैठक में न्याय सहायक राज कपूर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संगठन की शुक्रवार को हुई आम सभा की बैठक में कई बिदुंओ पर मंथन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष अरुण मोहन वर्तमान में तहसील मिल्कीपुरमें प्रशासिनक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। वह संघ की गतिविधियों में पयार्प्त रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे में उनके स्थान पर सर्व सम्मति से अध्यक्ष के पद पर राजकपूर श्रीवास्तव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संघ से जुडे पदाधकारी व सदस्य मौजूद रहे।

अस्सी के दशक में शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया

10 अक्टूबर 1975 में हुई थी नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्थापना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : धान, गेंहू, फल और सब्जियों की नई प्रजाति देने वाले नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी उतकृष्टता साबित कर दी। उसे नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिली। यह ग्रेड पाने वाला वह देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया।

कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 10 अक्टूबर 1975 में हुई थी। अस्सी के दशक में विवि ने शोध के क्षेत्र में इतिहास बनाया। जानकार बताते हैं कि इस दौरान धान, गेंहू, बेल, आंवला, आम के साथ ही सब्जियों के क्षेत्र में कई नई प्रजातियों को जन्म दिया। जो किसानों को ज्यादा उपज देती हैं। आज भी यह चर्चित है। लेकिन नैक की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को नहीं मिली थी। विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, प्रसार, संसाधन एवं समन्वय के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, नैक टीम और मौजूद स्टाफ। अमृत विचार

कुलाधिपति ने आठ और वीसी ने 120 बार की बैठक

आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. डीके दिवेदी कहते हैं कि नैक की तैयारी को लेकर कुलाधिपति ने आठ बार और कुलपति ने 120 बार बैठकें की। तैयारी की समीक्षा की। इसके बाद यह बड़ी सफलता मिली। विवि के को-आर्डिनेटर डॉ. सुशांत श्रीवास्तव ने कुलपति के कुशल मार्गदर्शन और सभी सातों क्राइटेरिया के चेयरमैन और सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

क्या है ग्रेडिंग प्रक्रिया

नैक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का हिस्सा है। इसका काम देशभर के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, निजी संस्थानों में गुणवत्ता को परखना और उनको रेटिंग देना है।

विवि के खाते में दर्ज है कई उपलब्धियां

विश्वविद्यालय के खाते में कई उपलब्धियां दर्ज है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने साल 2020 में पदभार ग्रहण किया। तब से राष्ट्रीय कृषि शिक्षा बोर्ड से मूल्यांकन, आईसीएआर एवं एनआईआरएफ रैंकिग में सफलता, आईक्यूएसी, शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली एवं ई-गवर्नेंस प्रणाली की स्थापना की गई। विवि में नए पाठ्यक्रमों और गोंडा में कृषि महाविद्यालय की शुरुआत, 579 नए विषयों का संचालन और 52 फीसदी पाठ्यक्रमों में स्थानीय एवं वैश्विक जरूरत के अनुसार संशोधन, नई शिक्षा नीति 51 मूल्य-वर्धित पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई। 52 आईसीटी आधारित कक्षाओं की स्थापना की गई। 19 .84 फीसदी ज्यादा छात्रों का प्रवेश, विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ने के साथ कई काम हुए। इसके अलावा 50 करोड़ रुपये से ज्यादा धनराशि से कृषि विज्ञान केंद्रों का सुदृणीकरण, हजार किलोवाट सोलर पैनल की स्थापना, श्रीअन्न जैसी उपलब्धियां हैं।

दो बुजुर्ग जायरीनों व सुरक्षा कर्मी की मौत

गर्मी और लू से जान जाने की जताई जा रही आशंका

रुदौली (अयोध्या) कार्यालय

अमृत विचार : नौतपा के कहर के बीच अयोध्या में भी दो बुजुर्ग जायरीनों व सुरक्षा सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। तीनों की मौत अत्यधिक गर्मी और लू की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है। प्रतापगढ़ व कानपुर से आए दोनों जायरीन बहराइच में चल रहे सैयद सालार गाजी के उर्स में शामिल होने के लिए जाते समय रुदौली की प्रख्यात दरगाह जोहरा बीबी की मजार पर जियारत के लिए आए थे। स्थानीय प्रशासन ने दोनों जायरीनों की गर्मी से मौत की अधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन दरगाह के मुतवल्ली ने दोनों की मौत भीषण गर्मी से होना बताया है। परिवार के लोगों ने भी अन्य किसी बीमारी से मौत होने की बात से इंकार किया है।

बहराइच में उर्स में जाने के लिए यहां जोहरा बीबी की मजार पर आने की मान्यता है। जिसके कारण गुरुवार देर शाम पैदल लग्गी लिए हुए जायरीनों के जत्था के साथ यहां प्रतापगढ़ के तहसील कुंडा, थाना नबाब गंज अधाई हुसैनपुर निवासी बंसीलाल सोनी बसंत लाल (60) यहां पैदल अपनी टोली के साथ पहुंचे। यहां पहुंचते ही उनकी तबियत बिगड़ गई और कुछ देर में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं कानपुर निवासी बाबा साबिर अली (70) निवासी बेगमपुरवा कानपुर एक बस से रात आठ बजे यहां पहुंचे। कुछ समय में उनकी तबीयत भी बिगड़ गई। जब तक अस्पताल ले जाया जाता उनकी मौत हो गई।

मेला के मुतवल्ली मो. राशिद ने बताया कि दोनों के परिवार वालों को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण दोनों की मौत हुई है। मीराबाई वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मीरापुर निवासी प्रदीप यादव ने भी मौत का कारण अत्यधिक गर्मी से होने की संभवाना जताई। उन्होंने बताया कि परिवार वालों के मुताबिक दोनों अन्य किसी बीमारी से ग्रसित नहीं थे। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि मजार के जिम्मेदार से जानकारी की जा रही है। यदि गर्मी से मौत हुई है तो गंभीर बात है।

भीषण गर्मी में चेहरे को ढककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

▸▸ **रूदौली के जोहरा बीबी दरगाह प्रतापगढ़ व कानपुर से आए थे जायरीन, बहराइच मेले में जा रहे थे**

▸▸ **मेला के मुतवल्ली मो. राशिद ने दोनों के परिवार वालों को किया सूचित**

जायरीनों के मौत की जानकारी गुरुवार को नहीं मिली थी। उर्स की भी अनुमति का कोई पत्र अभी तक नहीं मिला है। सूचना मिलने पर शुक्रवार को लेखपाल को मौके पर भेजा गया, तो दो लोगों के मौत की जानकारी मिली है। मृत्यु का कोई कारण स्पष्ट नहीं है। मृतकों के परिवारीजन शव रात में ही लेकर चले गए। **-अंशिका दीक्षित, एसडीएम, रुदौली**

अधिक उम्र में यात्रा के दौरान हीट स्ट्रोक से मौत हो सकती है। संभव है दोनों पहले से बीमार भी रहे हो और यात्रा के दौरान दिक्कत आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट किया जा सकता है। **– डॉ. मदन बरनवाल, अधीक्षक, सीएचसी रुदौली**

लू का शिकार हुए सुरक्षा सुरक्षाकर्मी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

मिल्कीपुर, (अयोध्या)। अमृत विचार : अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 330-ए बना रही पीएनसी कंपनी की एटीपीएल शाखा हलियापुर में सिक्योरिटी गार्ड पद पर तैनात संदीप कुमार पाल की गर्मी व लू की चपेट में आने से शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथी सुरक्षा गार्डों ने उसे कुमारगंज के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. दुर्ग विजय ने हीट स्ट्रोक का लक्षण बताते हुए उसे गंभीरावस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। संदीप की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पीएनसी कंपनी के कर्मचारी अंकित सिंह का आरोप है कि तबीयत बिगड़ने पर संदीप को जब सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया तो डॉक्टरों ने उपचार नहीं किया। सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज शुरू होते ही कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। पीएनसी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात ग्राम आंजनपारा, परूइया, मालीपुर जिला अम्बेडकर नगर निवासी संदीप कुमार पाल इससे पहले बक्सर बिहार में तैनात थे। एक वर्ष पहले स्थानांतरित होकर एटीपीएल हलियापुर आए थे। मृतक के भाई हौंसला पाल ने बताया कि संदीप उनके चार भाइयों में सबसे छोटा था। अभी चार साल पहले उसकी शादी हुई थी।

संदीप (फाइल फोटो)

जिले में गर्मी से तीन मौतों की अधिकृत जानकारी अभी जिला प्रशासन को नहीं मिली है। मिल्कीपुर और रूदौली एसडीएम से पूछा जा रहा है। यदि गर्मी से मौत है तो आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। **- महेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला अधिकारी, वित्त एवं राजस्व**

जिले में हीट स्ट्रोक से किसी के मरने की सूचना नहीं है। मैंने रुदौली और मिल्कीपुर दोनों जगह जानकारी की। यदि किसी बाहर के व्यक्ति के साथ घटना हुई है तो जानकारी नहीं है। **– डॉ. संजय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

पांच साल का टूटा रिकॉर्ड, पारा 45 डिग्री के पार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में भी गर्मी ने शुक्रवार को पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। आग बरसाती धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। सड़कों पर अधिकतर सन्नाटा पसरा दिख रहा है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्याल के मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 2018 में 26 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जबकि 2019 में 10 मई को 44 डिग्री सेल्सियस था। वहीं 25 मई 2020 को 43 .5, 2 मई 2021 को 39 .0, 17 मई 2022 को 42 .0 और 31 मई 2023 को 41 .0 तापमान दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 .0 डिग्री सेल्सियस के साथ उच्चतम रहा। न्यूनतम तापमान 30 .5 रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 72 और न्यूनतम, 36 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। हवा की गति 2 .7 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से दक्षिणी पश्चिमी चली। आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने एवं हवा सामान्य गति से पूर्वी/ पश्चिमी चलने व औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जिससे अभी भी तेज गर्मी (लू) से राहत के आसार नहीं हैं।

प्रशासनिक अधिकारी समेत छह लोग हत्या में दोषी करार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ। गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था। गोगा ने यह बात अपने घर बताई। इसके बाद श्रीकृष्ण तिवारी(भाजपा नेता), रामकृष्ण तिवारी (वर्तमान में कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी),राजन उर्फ़ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय कुमार गुप्ता और उनके पिता श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारीजनों ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया, पिता का कई दिन तक इलाज चला। इसकी रिपोर्ट घायल श्याम सुंदर के पिता अयोध्या कुमार गुप्ता ने सभी के खिलाफ जानलेवा हमला, हत्या ,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। प्रशासन ने भी सभी आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी छह अभियुक्तों को जानलेवा हमला ,हत्या व गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

▸▸ **सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को**

रामलला का दर्शन कर धन्य हो गया

रामलला का दर्शन करने के बाद चिराग पासवान व उनका परिवार। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकजन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैं यहां मौजूद था। मैं भाग्यशाली हूं। उसी दिन से थी मन में पूरे परिवार के साथ प्रभु राम का दर्शन करने की जो इच्छा थी वह आज पूरी हो गई। दर्शन कर मैं धन्य हो गया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश की आबादी प्रधानमंत्री पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। कहा कि 400 पार का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग प्राप्त करेंगे। बिहार की सभी 40 सीटें हमें मिल रहीं हैं। प्रधानमंत्री के कन्या कुमारी में ध्यान साधना पर बोले कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आध्यात्मिक सनातन को विश्वास दिला रहे हैं। जो लोग सनातन के विनाश के बारे में सोचते हैं उनको वह ऊर्जा प्राप्त नहीं होगी।

हादसे में झारखंड के श्रद्धालु की मौत

अयोध्या। लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को अयोध्या कोतवाली के बूथ नंबर चार निकट एक सड़क हादसे में झारखंड निवासी एक श्रद्धालु की मौत हो गई। झारखंड के रांची जिले के थाना सुखदेव नगर के देवी मंडप निवासी एक परिवार गुरुवार को दर्श-पूजन के लिए अयोध्या आया था। सभी श्रद्धालु हाइवे बाईपास पर बूथ नंबर चार के निकट एक आश्रम में रुके थे। सभी शुक्रवार को हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे कि इसी दौरान एक बाइक ने डिवाइडर पार कर रहे वीरेंद्र शर्मा (48) पुत्र सूर्यनाथ शर्मा को टक्कर मार दी। पत्नी सीमा शर्मा ने उनको गंभीर घायल हालत में श्रीराम अस्पताल पहुँचाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने वीरेंद्र शर्मा को मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी रायगंज वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि दुर्घटना में गोंडा निवासी बाइक सवार युवक को मामूली चोट आई थी। श्रद्धालु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। मामले की तहकीकात कराई जा रही है।

साधुवेशधारी समेत छह लोगों के मिले शव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पातल में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग जगहों से एक साधुवेशधारी समेत छह को लाया गया है। परीक्षण के बाद डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित किया है।

रेलवे पुलिस को अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर पांच पर पैदल पुल के नीचे शुक्रवार सुबह एक 60 वर्षीय साधुवेशधारी पड़ा मिला। जिसको आरपीएफ ने प्रयागराज पैसेंजर से बेहोशी की हालत में उतारा था। रेलवे के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। उसके शरीर पर पीले रंग की कमीज (कुर्ता) व सफेद रंग की धोती तथा गले में कंठी मिली है। वहीं कार्यालय कोचिंग डिपो अधिकारी के पश्चिम रेल पटरी के किनारे एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। जिसके शरीर पर नीली बनियान, मटमैले रंग की पैंट है, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। आरपीएफ के सिपाही ज्ञान प्रकाश ने एक 48 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसे मृत घोषित किया गया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है मृतकों की पहचान संबंधी सूचना थाना पुलिस को दी जा सकती है।

जिला अस्पताल प्रशासन के मुताबिक इसके अतिरिक्त एंबुलेंस के ईएमटी अवधेश ने कैंट थाना क्षेत्र के पूरे काशीनाथ से एक 30 वर्षीय अज्ञात महिला, ईएमटी कृष्णचन्द्र ने अज्ञात 50 वर्षीय पुरुष और ईएमटी आशीष ने एक 48 वर्षीय अज्ञात पुरुष को मृत हाल में जिला अस्पताल पहुंचाया है। मृतकों की शिनाख्त और पोस्टमार्टम आदि विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली को भेजा गया है।

सार-संक्षेप

शक्ति विहार कॉलोनी में बिजली संकट जारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शक्ति विहार कॉलोनी नियावां में शुक्रवार को तीसरे दिन भी विभागीय लापरवाही के चलते विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। 29 मई को रात 10 बजे के आसपास एक ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जिसके चलते रात से ही आधी कॉलोनी में लाइट गुल गई। पूरी रात पूरा दिन लाइट नहीं आई। 30 मई की शाम ट्रांसफार्मर ठीक होने के बाद लाइट आई। 31 मई की सुबह फिर ट्रांसफार्मर खराब हो गया और सुबह से रात करीब आठ बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। कॉलोनीवासी भयंकर गर्मी में परेशानियों का सामना कर रहे हैं। विभाग का दावा है कि ट्रांसफार्मर बन रहा है, जल्द आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

अधेड़ की हुई मौत

अयोध्या, अमृत विचार। नगर कोतवाली के फतेहगंज चौकी क्षेत्र स्थित गुरुदेव मेडिकल दुकान के पास मिले अधेड़ की शुक्रवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। अंबेडकरनगर के थाना जैतपुर स्थित दामोदर पट्टी निवासी उदयनरायण उपाध्याय (40) यहां नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर काम करता था। वह फतेहगंज चौकी पुलिस को गुरुदेव मेडिकल दुकान के पास बेहोशी की हालत में मिला था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजवाया था। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी अक्षय पटेल ने बताया कि मृतक नशे का आदी बताया गया है। पीएम करवा शव को परिवार के हवाले किया गया है।

सरयू की रेत पर बेहोश मिली युवती, अस्पताल में भर्ती

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में सरयू की रेत पर शुक्रवार सुबह एक 26 वर्षीय युवती बेहोशी की हालत में मिली है। पुलिस ने उसे श्रीराम अस्पताल पहुँचाया। वहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय लोग दुष्कर्म की आशंका जता रहे हैं, हालांकि अभी मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं पुलिस मामले में अभी कुछ भी बोलने से कतरा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके शरीर के निचले हिस्से से रक्तस्राव हो रहा था। वह केसरिया रंग का टी शर्ट पहने हुई थी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई तो पुलिस ने उसको श्रीराम अस्पताल पहुँचाया।

अपर आयुक्त को दी गई भावभीनी विदाई

सेवानिवृत्ति पर अपर आयुक्त को स्मृति चंह्न देकर सम्मानित करते कमिश्नर।

अयोध्या, अमृत विचार : मंडल के अपर आयुक्त जितेंद्र कुशवाहा शुक्रवार को सेवा निवृत्त हो गये। इस मौके पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें स्मृति चिंह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में मंडलायुक्त गौरव दयाल ने उनके कार्य व्यवहार की प्रशंसा की। कुशवाहा यहां अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के पद पर रहे। बाद में यहीं पर उन्होंने अपर आयुक्त के पद की जिम्मेदारी निभाई। विदाई समारोह में अपर आयुक्त अजय कांत सैनी, अविनाश पांडेय, सच्चिदानंद, पवन कुमार सहित आयुक्त कार्यालय परिवार के लोग मौजूद थे।

गंदा पानी गिराने वालों पर दर्ज हो केस

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली जागृति मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने रुदौली भेलसर मार्ग के शेख शफी कब्रिस्तान के पास व्यावसायिक और आवासीय भवन का गंदा पानी सड़क पर गिरने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की है। उप जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने बताया की सार्वजनिक मार्ग पर गंदा पानी गिरने की शिकायत मिली है।धारा 133 सीआरपीसी के तहत कोतवाल प्रभारी रुदौली और नायब तहसीलदार रुदौली से आख्या मांगी गई है।

हालात बिजली की आवाजाही जारी, पांच उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों पर लगे कूलर

नहीं थमा बिजली संकट, कटौती-ट्रिपिंग जारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में बिजली संकट बरकरार है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को भी बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सिलसिला जारी रहा। वहीं ट्रांसफार्मरों की क्षमता बरकरार लगने के लिए पांच उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों को कूलर लगा कर ठंडा किया जा रहा है। इतना ही नहीं गुरुवार शाम पॉवर कॉर्पोरेशन ने खुद सूचना जारी कर लोगों से सहयोग की अपील की है।

भीषण गर्मी के चलते जिले में बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सिलसिला जारी है। नियावां और चौक उपकेन्द्र के अधीन मोहल्लों में गुरुवार रात जहां तीन घंटे से अधिक कटौती रही। वहीं लालबाग क्षेत्र में आधी रात तक ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे। हालांकि पॉवर कॉर्पोरेशन का दावा है स्टाफ लगातार युद्धस्तर पर आपूर्ति सामान्य करने पर जुटा है लेकिन मांग और आपूर्ति में अंतर के कारण दुर्गति झेल रहा है। वर्तमान में 350 के स्थान पर मात्र 270 मेगावाट बिजली मिल रही है। इसलिए ट्रिपिंग और कटौती कर करके आपूर्ति की जा रही है।

साकेत प्रिंटिंग प्रेस के निकट ट्रांसफार्मर खराब होने पर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से की जा रही आपूर्ति।

▸▸ **पॉवर कॉर्पोरेशन ने की लोगों से सहयोग की अपील**

सिविल लाइन उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए लगाए गए कूलर।

पांच उपकेंद्रों पर लगाए गए कूलर

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर को बचाने के लिए नगर के 34 उपकेन्द्रों में से देवकाली, फतेहगंज, नाका, सिविल लाइंस व अमानीगंज फीडर के ट्रांसफार्मर के सामने कूलर लगाए गए हैं। अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि इस समय गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। सामान्य तापमान इस समय 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। ट्रांसफार्मर के 75 डिग्री सेल्सियस तापमान को मेनटेन रखने के लिए ट्रांसफार्मर के सामने दो-दो कूलर लगाए गए हैं। 75 डिग्री के ऊपर तापमान जाने पर ट्रांसफार्मर की क्षमता घट जाती है।

गर्मी के साथ बढ़ी बिजली की खपत

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की खपत बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मर ओवर लोड हो गए है। अधिशासी अभियंता आरएस मौर्य के निर्देश पर अवर अभियंता विद्युत वितरण रुदौली के सभी छह 33/11 विद्युत केंद्रों के ट्रांसफार्मर पास कूलर लगावा रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र रुदौली शहर के अवर अभियंता विकास पाल ने बताया की विद्युत केंद्र उपकेंद्र के सभी फीडर ओवरलोड हो गए हैं। जिससे उपकेंद्र के 10 एमबी ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो रहे हैं। इस वजह से बीच-बीच में आपात कटौती करनी पड़ रही है। रुदौली ग्रामीण के अवर अभियंता श्रवण कुमार ने बताया कि चार फीडर के अधिकांश ट्रांसफार्मर ओवर हिटिंग में है। ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के लिए कूलर लगवाए गए हैं। रुदौली ग्रामीण फीडर के मुजफ्फरपुर अंजनी पांडे व विजय शुक्ला ने बताया कि यहां पर 10 केवीए के ट्रांसफार्मर से 40 कनेक्शन हैं। तार भी जर्जर हैं। जिससे लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। विद्युत वितरण खंड रुदौली के अधिशासी अभियंता आर एस मौर्य ने बताया कि रुदौली टाउन व ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध विद्युत सप्लाई के लिए अवर अभियंता व फीडर इंचार्ज को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

▸▸ **ओवरलोड हो रहे ट्रांसफार्मर, लगाए जा रहे कूलर**

एक नजर

अस्पताल के गार्ड को पीटने वालों पर केस दर्ज

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बीमार का इलाज कराने आए तीमारदारों ने अस्पताल के गार्ड की पिटाई कर दी। गार्ड की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के टाटिया नगर स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार की शाम चार बजे मरीज का इलाज कराने फरीदीपुर निवासी बुल्लू साथियों संग आया था। गार्ड राम कुमार यादव का आरोप है कि मरीज की गाडी इमरजेंसी तक गई। अन्य गाड़ियों को एमरजेंसी तक जाने से रोकने पर उक्त लोग उसे पीटने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि गार्ड की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

हीट वेव की चपेट में आया बैंक कर्मी, पहुंचा अस्पताल

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत कर्मचारी की हीट वेब की चपेट में आने गुरुवार की रात से उल्टी, दस्त के साथ बुखार हुआ। परिजन रात को ही सीएचसी दोस्तपुर ले गये। जहां डाक्टर ने दवा दिया व घर पर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाया जा रहा है।

किशोरी को भगाने का मामला हुआ दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को उसी की गांव की एक महिला एवं पुरुष ने बहला फुसला कर बृहस्पतिवार को भगा ले गए। किशोरी के पिता ने गांव के ही रेहाना खातून एवं गुलजार के विरुद्ध किशोरी को भगाने का नामजद केस दर्ज कराया है।

शार्ट सर्किट से सीएचसी में लगी आग

22 वर्षों के रिकॉर्ड के साथ पैथोलॉजी व दवा स्टोर हुए खाक, बेपटरी हुई स्वास्थ्य सेवा

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः शार्ट सर्किट से लगी आग न सीएचसी में तबाही मचाई। फायर ब्रिगेड की मदद से जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पैथोलॉजी, दवा स्टोर व रिकॉर्ड रूम जलकर राख हो चुका था। आग इतनी तेजी से फैली की सीएचसी में लगे अग्निशमन यंत्र तक कोई कर्मी नहीं पहुंच सका।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज में रात्रि लगभग एक बजे शार्ट सर्किट से दूसरे तल पर स्थित स्टोर रूम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सीएचसी पर मौजूद चिकित्सक डा. रविन्द्र ने आग की सूचना धनपतगंज थानाध्यक्ष को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी हमराहियों के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। तब तक आग स्टोर रूम से होते हुए पैथालाजी व रिकॉर्ड रूम को आगोश में ले लिया। आग का कहर इतना तेज़ था कि सीएचसी में लगे अग्नि शमन यंत्र तक कोई भी नहीं पहुंच पाया। फायर बिग्रेड ने कड़ी मेहनत करते हुए आग पर काबू पाया। तब तक आग से पैथालाजी, दवा स्टोर व रिकॉर्ड रूम जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि इस दौरान सीएचसी पर कोई भी मरीज भर्ती नहीं था। जिससे जनहानि होने से तो बच गई, लेकिन आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अंदाजा लगाया जा रहा हैं। वहीं मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवा भी बाधित हो गई।

आग लगने से जला सीएचसी धनपतगंज की पैथोलॉजी। आग लगने जली ऊपरी तल की वायरिंग। अमृत विचार

> शार्ट सर्किट से आग लगी थी। अस्पताल के कर्मियों व स्थानीय पुलिस ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया था, लेकिन असफल रहे। फायर बिग्रेड टीम आग पर काबू पाने में सफल रही, आग से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। उच्च अधिकारियों को आग की घटना से अवगत कराया गया है।– **डॉ. अरुणेश सिंह,** सीएचसी अधीक्षक धनपतगंज

बाधित हुई खून की जांच व स्वास्थ्य सेवा

बीती रात सीएचसी में लगी आग से पिछले 22 वर्षों की मरीजों व सीएचसी का रिकार्ड जलकर खाक हो गया है। वही खून जांच की पैथोलॉजी में लगी सीबीसी मशीन, कंप्यूटर, जांच उपकरण, माइक्रो स्कोप, फर्नीचर व केमिकल आग के प्रभाव से खराब हो गए हैं। लैब टेक्नीशियन आयुष पांडेय ने बताया की आग के प्रभाव में आने से सभी जांच उपकरण और केमिकल खराब हो गये है। फिर से व्यवस्था बनने में समय लगेगा, जिससे खून जांच प्रभावित होगी।

अस्पताल में लगा फायर सिस्टम जिसका कर्मचारी नहीं कर सके प्रयोग।

वैक्सीन को सुरक्षित रखने की खड़ी हुई समस्या

वैक्सीन रूम के फ्रीजर भी स्टोर रूम के ऊपरी तल की सारी वायरिंग जल जाने के कारण निष्क्रीय हो गये है। जिसमें इनमें रखी विभिन्न बीमारियों से बचाव की रखी वैक्सीन को सुरक्षित तापमान मे रखने की समस्या खड़ी हो गयी है। वैक्सीन को कैसे सुरक्षित रखा जाए यह सीएचसी के जिम्मेदारों के लिए मुसीबत बन गया है।

स्वास्थ्यकर्मियों को नहीं मिला था आग बुझाने का प्रशिक्षण

सीएचसी के कुछ कर्मियों का मानना है कि आपातकाल में आग बुझाने के लिए अग्निशमन उपकरण लगाए गए थे। लेकिन प्रशिक्षण के अभाव में स्वास्थ्य कर्मी चिकित्सालय में लगे अग्निशमन यंत्र को चलाने में नाकाम रहे। अगर प्रशिक्षण मिला होता तो शायद आग पर काबू पाया जा सकता था।

चिटका प्लास्टर, जल गए विद्युत उपकरण

सीएचसी के दूसरे तल पर शार्ट सर्किट से लगी आग से अस्पताल के द्वितीय तल के सभी कमरों की वायरिंग, केबिल और 20 ट्यूबलाईट, 50 एलईडी, दर्जनों स्विच बोर्ड जल और पिघल कर बर्बाद हो गये। वहीं स्टोर रुम में लोहे की आधा दर्जन अलमारी पिघल गयी है। साथ ही कमरे का प्लास्टर भी आग से चिटक कर खराब हो गये हैं।

रिश्तेदार ही भगा ले गया बेटी, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः गांव का युवक या पड़ोस के गांव का युवक लड़कियों को लेकर भाग रहे थे। एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें रिश्तेदार ही किशोरी को भगा ले गया है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

करौंदीकला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि उसका रिश्तेदार ही उसकी बेटी को मार्च में भगा ले गया था। लोकलाज के डर से बिना किसी को बताएं खोजबीन कर रहे थे। लेकिन उनकी बेटी उन्हें कही भी नहीं मिली। अनहोनी की डर से पुलिस से शिकायत करने पर मजबूर हुए हैं। करौंदीकला थाना प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सोशल मीडिया पर सीएम को दी गाली, मामला दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः सोशल मीडिया पर यूपी के सीएम को गाली देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करना महंगर पड़ गया है। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

जिले की चांदा थाना क्षेत्र के सफीपुर निवासी संजीव कुमार सिंह ने थाने पर तहरीर दी है। युवक ने बताया कि 10 मई को तातो मुरैना निवासी यासीन खान ने अपना स्टेटस अपडेट किया था। जिसमें उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गाली देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की फोटो भी लगा रखा था। उसके इस कृत्य से आम जनमानस की भावनाएं आहत हुई है। उक्त विडियो को संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष से कारवाई की मांग की है। जिससे अच्छी सोच रखने वाले माननीयों को सामाज में सम्मान मिले। चांदा थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने आरोपी के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

महिला को पीटा, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर : कोतवाली के तवक्कलपुर नगरा गांव की गीता पाल का आरोप है कि विपक्षियों ने एक मई को पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा। जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़िता की बृहस्पतिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आशा एवं राम जन्म के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर की निगरानी पर हुई सुनवाई

- महिला आरक्षी से दुष्कर्म का है आरोप, फैसला पांच जून को

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः महिला आरक्षी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी इंस्पेक्टर नीशू तोमर की निगरानी अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने नीशू तोमर के वकील बृजेश पांडेय व महिला आरक्षी के वकील संतोष पांडेय की बहस सुनने के बाद फैसले के लिए पांच जून की तारीख नियत की है।

हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन एसओ नीशू तोमर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए 14 जुलाई 2022 को कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने दुष्कर्म का मामला हटाकर केवल गाली व धमकी देने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी। पीड़ित आरक्षी ने पुलिस की क्लीन चिट रिपोर्ट पर विरोध दर्ज कराया जिस पर आठ अप्रैल को तत्कालीन सीजेएम बटेश्वर कुमार ने इंस्पेक्टर को दुष्कर्म के अभियोग में तलब किया था। इसे इंस्पेक्टर ने जिला जज की अदालत में चुनौती दी है।

चिकित्सक हत्याकांड में सुनवाई 12 को

सुलतानपुर : शहर के शास्त्री नगर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सेशन जज जेपी पांडेय की कोर्ट मे शुक्रवार को भी गवाही शुरू नहीं हो सकी। वादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया अदालत ने साक्ष्य के लिए 12 जून की तारीख नियत की है। हत्याकांड में आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय हो चुके है। केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है। केस में मृतक डॉक्टर की पत्नी वादिनी निशा तिवारी की गवाही होनी है।

विरोध के बावजूद महाविद्यालयों में शुरू हुई परीक्षाएं

- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः शिक्षक संगठनों और छात्र संगठनों के विरोध के बावजूद शुक्रवार से जिले के महाविद्यालयों में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू हुई। महाविद्यालयों की ओर से परीक्षार्थियों की पेयजल सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल का इंतजाम कराया गया था। इसके अलावा ओआरएस घोल, इलेक्ट्रॉल के अलावा दवाओं का भी इंतजाम किया गया था। यह परीक्षा नौ जुलाई तक संचालित रहेगी। परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले केन्द्र में प्रवेश के दौरान आंतरिक सचल दल की ओर से परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई।

राम बरन महाविद्यालय में परीक्षा देते विद्यार्थी।। अमृत विचार

केएनआई में बीए, बीएससी व बीकॉम चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के 1100 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। गनपत सहाय पीजी कॉलेज में तीन पालियों में करीब एक हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्राध्यक्ष प्रो. अंग्रेज सिंह राणा ने बताया कि छात्र/छात्राएं धैर्य से पेपर को पढ़कर शान्त भाव से परीक्षा दें। छात्र/छात्राओं को गर्मी से बचने के लिए सभी परीक्षा कक्ष में पर्याप्त पंखें लगाये गये हैं व शीतल जल की व्यवस्था महाविद्यालय की तरफ से की गई है। गेट पर ही परीक्षार्थियों की विधिवत चेकिंग करने के बाद उन्हें परीक्षा कक्षा में जाने की अनुमति दी जाती है। वहीं, रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय विभारपुर में कुशल रूप से संपन्न हुई। महाविद्यालय में हरिश्चंद्र रामचंद्र शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान (688) और रामराज वर्मा स्मारक महाविद्यालय (370) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रथम पाली प्रथम पाली में चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में भौतिक विज्ञान विषय एवं शिक्षा शास्त्र विषय की परीक्षा एवं द्वितीय पाली में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में भौतिक विज्ञान और संस्कृत विषय की परीक्षा संचालित हुई।

पहले दिन नहीं मिला कोई नकलची

कादीपुर, सुलतानपुर : शिक्षकों के विरोध के बावजूद डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से प्रारंभ हो गयीं। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में प्रथम द्वितीय और तृतीय पाली में स्नातक की परीक्षाएं संपन्न हुई। तीन पालियों 7 से 9, 10 से 12 और 2 से 4 में आयोजित होने वाली परीक्षा के प्रथम पाली में 6जी सेमेस्टर, द्वितीय पाली में 4जी सेमेस्टर और तृतीय पाली में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं कुशलता पूर्वक संपन्न हुईं। प्रथम पाली में एक कमरे में 50 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में दो कमरों में 98 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं था। तीसरी पाली में भी तीन कमरों में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के अनुदानित महाविद्यालयों के स्थाई और अनुमोदित शिक्षक संघ परीक्षा के बहिष्कार और प्रबल विरोध के निर्णय पर अडिग बने हुए हैं। प्राचार्य द्वारा इन परीक्षाओं को शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और अंशकालिक शिक्षकों के सहयोग से संपन्न कराया।

पुरानी रंजिश में पड़ोसी को पीटा, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः करौंदीकला थाना क्षेत्र के कम्मरपुर निवासी सुभान अली ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार की शाम वह अपने घर के सामने बैठा था। आरोप है कि शाम करीब साढ़े छह बजे पड़ोसी अजीत, दीपक, प्रदीप व उसके कुछ अन्य साथी उसे गाली गलौज देने लगे। गाली देने से मना करने पर उक्त लोग उसे लाठी डंडे से पीटने लगे। बीच बचाव के लिए उसके घर पर कोई नहीं था। उक्त लोगों की पिटाई से गंभीर रूप से घायल हो बेहोश हो गया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लोग चले गए। करौंदीकला थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर तीन नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी को दी गई विदाई। अमृत विचार

नियुक्ति और सेवानिवृत्ति सतत प्रक्रियाः सत्य नारायण

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय खंड विकास कार्यालय सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह को उनके सहकर्मियों व ग्राम प्रधानों ने भावपूर्ण विदाई दी। बीडीओ को अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिन्ह आदि वस्तुएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बीडीओ सत्य नारायण सिंह ने कहा कि बल्दीराय का कार्यकाल काफी यादगार रहा। नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति सतत प्रक्रिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न अनुभवों को भी लोगों के बीच साझा किया। एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम प्रीत, लेखाकार सत्य नारायण गौतम, जेई शेष कुमार पांडेय, रवि कुमार राणा, घनश्याम यादव, अरविंद सिंह, रोहित चंद्रा, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक गिरी, प्रिंस सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, एपीओ स्मिता सिंह, मनोज यादव, प्रमोद कुमार यादव, राहुल यादव आदि रहे।

व्यापार मंडल की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक नगर अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कस्बे में स्थित मंडल के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं विस्तार करने पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव में व्यापारियों के बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए जाने पर उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में विजय गिरी, शिवमंगल सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, मनोज यादव, सुभाष दुबे सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

स्पीड पोस्ट व पार्सल वितरण में जिला अव्वल

सुलतानपुर, अमृत विचार : पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्पीड पोस्ट व पार्सल वितरण में उत्कृष्टता के लिए सुलतानपुर मंडल के डाक अधीक्षक एमएम हुसैन को सम्मानित किया है। इसके साथ ही उपमंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें ज्ञान प्रकाश, उप डाकपाल जगदीशपुर, सुलतानपुर मंडल में उत्कृष्ट कार्य के लिए रश्मी मिश्र डाक सहायक प्रधान डाकघर, सीपीसी में दुर्गेश कुमार शाखा पोस्टमास्टर मंगरौली को भी सम्मानित किया गया है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही है।

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे मतगणना कार्मिक

- डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दी जानकारी

सुलतानपुर अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने चार जून को होने वाली मतगणना की प्रगति जानते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान मतगणना कार्मिकों के पार्किंग स्थल, अभिकर्ताओं के परिचय पत्र के साथ विधुत आपूर्ति, छाया के लिए टेंट, पेयजल, बैठने के स्थल की जानकारी ली। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिको को निर्देश दिया कि मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं लें जा सकते। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होने बताया कि मतगणना अभिकर्ता बनाये जाने हेतु आवेदन एसडीएम सदर के कार्यालय में किया जा सकता है। एक हाल में 14 टेबल पर मतगणना होगी, एक हाल में 15 अभिकर्ता एक दल के हो सकते हैं। साथ ही अभिकर्ताओं को वाहन पार्किंग स्थल की भी जानकारी दी।

ऐमीपुल के नीचे मिला अज्ञात युवक का शव

तारुन/अयोध्या, अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र की सीमा पर ऐमीघाट पुल के नीचे एक सूखी तमसा नदी में शुक्रवार को एक युवक का शव मिला है। मृतक के चेहरा खून से लथपथ था और चेहरे व शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। हत्या का युवक का शव पुल से नीचे फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाकर शिनाख्त और जाँच-पड़ताल में जुट गई है। क्षेत्रीय लोगों ने शुक्रवार सुबह ऐमीघाट पुल के नीचे एक तमसा नदी में एक लगभग 36 वर्षीय युवक का शव देखा। मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल तारुन और महराजगंज थाने की सीमा होने के चलते दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दी। इसके बाद प्रभारी एसपी देहात/एसपी ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल अयोध्या प्रसाद सिंह, सीओ बीकापुर सुरेन्द्र सिंह विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम के साथ पहुंचे। सीओ बीकापुर सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान में मदद मिल सके।

15 मिनट विद्युत आपूर्ति और घंटे भर की रोस्टिंग

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति भी लोगों को रुला रही है। हालत यह हो गई है कि 15 मिनट विद्युत आपूर्ति होती है तो घंटे भर की रोस्टिंग हो जाती है। आलम यह है कि जिन लोगों ने इनवर्टर लगा रखा है, वह भी चार्ज नहीं हो पा रहा है।

शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति तो धराशाई हो ही गई, ग्रामीण क्षेत्र भी अब अछूते नहीं रहे। नगरीय क्षेत्रों में जहां 20 से 22 घंटे आपूर्ति तो ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही थी। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटमई में स्थित 33/11 विद्युत उपकेंद्र ग्रामीणों को रुला रहा है। गौरतलब हो कि अभी हाल ही में लाखों रुपए खर्च कर इस उपकेंद्र की छमता वृद्धि की गई थी। लेकिन उपकेन्द्र से आपूर्ति के लिए लगाए गए जर्जर तारों ने आपूर्ति बाधित कर रखी है। बुधवार को आई हल्की आंधी से रात भर बिजली नहीं रही। अब आलम यह है कि 15 मिनट के लिए बिजली आती है तो एक घंटे की रोस्टिंग होती है। आपूर्ति न होने से इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं।

> पुराने तारों के बदलने का कार्य चल रहा है। भीषण गर्मी व ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मर गर्म हो जा रहे, जिसके चलते रोस्टिंग करना पड़ रहा है। –**रवींद्र तिवारी,** अवर अभियंता भटमई उपकेंद्र

अश्लील हरकत करना युवक को पड़ा भारी

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः पुलिस के गश्त के दौरान एक युवक को अश्लील हरकत करना भारी पड़ गया। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। स्थानीय थाने के हेड कांस्टेबल शिव मूरत यादव हमराहियों के साथ एंटी रोमियो चेकिंग अभियान पर थे। इसी दौरान सीएचसी मोड़ पर खड़ा एक युवक महिलाओं को देख अश्लील हरकत कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़कर थाने लाए। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम रोशनलाल निवासी चकरूपुर पीरो सरैया थाना धनपतगंज बताया। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर परिजनों को सूचित किया गया है।

सुबह निरीक्षण, रात में गूंजी किलकारी

- एडी हेल्थ ने किया सौ शैय्या के अस्पताल का निरीक्षण
- 27 करोड़ की लागत से बने अस्पताल में पहली बार किसी प्रसूता ने जना शिशु

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बिरसिंहपुर में 27 करोड़ की लागत से शौ शैय्या के अस्पताल का निर्माण हुआ था। अस्पताल में प्रसव की व्यवस्था के बावजूद भी प्रसव पीड़ित महिलाओं को भटकना पड़ रहा था।

गुरुवार की सुबह अपर महानिदेशक स्वास्थ्य अयोध्या डॉ. सुशील प्रकाश चौधरी ने सीएमओ डॉ. ओपी चौधरी के साथ निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. राज कमल चौरसिया को प्रसव कराने के निर्देश दिया था। गुरुवार की रात प्रसव पीड़ा से पीड़ित पिपरा भवानीपुर निवासी प्रभात शर्मा की पत्नी रंगीता शर्मा (24) पहुंची। गुरुवार की रात्रि करीब 11 बजे चिकित्सक की न मौजूदगी में स्टाफ नर्स संजू पटेल, खुशबू पाल व वार्ड व्वाय अमनदीप मिश्रा की देखरेख में रंगीता शर्मा के पहले बच्चे की किलकारी गूंजी। साल भर बाद अस्पताल में प्रसव होने से अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बिरसिंहपुर अस्पताल में पहली बार गूंजी किलकारी। अमृत विचार

छाया शोक शादी की खुशियां मातम में बदलीं, शादी में शरीक होने नागपुर से आए थे बच्चे, अमेठी के कमरौली में क्रासिंग पर खड़ी कार में कंटेनर ने मारी थी ठोकर

तीन मौतों से नटौली में मातम, देवा शरीफ से लौटे थे परिजन

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचारः अमेठी जिले के कमरौली में हुई तीन मौतों से थाना क्षेत्र के नटौली गांव में मातम छा गया है। बच्चों की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के नटौली गांव निवासी मंजूर गुरुवार की दोपहर चार गाड़ियों से देवा शरीफ गए थे। देर रात जब सभी लोग वापस लौट रहे थे तो अमेठी जिले के कमरौली थाने के समीप की क्रासिंग फाटक बंद था। चालक गाड़ी खड़ी कर दिया तो लोग उतर गए। बच्चे बैठे थे। तभी एक कंटेनर ने ठोकर मार दी। जिससे तीनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई वहीं चार बच्चे भी चोटिल हो गए। घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने आफ़रीन (14) पुत्री मंजूर, अदनान (11) पुत्र जुल्फिकार व फातिमा (13) पुत्री शकील को मृत घोषित करते हुए फारिज (8) पुत्र बबलू का इलाज शुरु कर दिया। शुक्रवार की शाम पोस्टमॉर्टम के बाद जब तीनों बच्चों का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।

मंजूर व शकील नागपुर में परिवार सहित रहकर अपना व्यवसाय करते थे। परिवार में ही चार जून को शादी थी जिसके लिए यह लोग गांव आए थे। वहीं मृतक अदनान अपने मामा के घर आया था। उसके पिता जुल्फीकार की बंधुआकला में दुकान है। जुल्फीकार कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजपुर निवासी हैं। अदनान का अन्तिम संस्कार कुड़वार तो अन्य दो मृतकों का अंतिम संस्कार नटौली में किया गया।

शव पहुंचने के बाद रोते-बिलखते परिजन। मृतक बच्चों के घर के सामने मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

अयोध्या में मिला सुलतानपुर के युवक का शव

संवाददाता, सुलतानपुर : शुक्रवार सुबह अयोध्या जिले के तारुन व महराजगंज थाना क्षेत्र के बीच से गुजरी तमसा नदी पुल के नीचे रक्त रंजित स्थिति में एक युवक शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले मोर्चरी भेजा दिया। शव की शिनाख्त के लिए युवक की फ़ोटो शोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिस पर युवक की शिनाख्त गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी शुभम यादव 25 बर्ष के रुप में हुई। युवक के शव की शिनाख्त होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनो से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक शुभम यादव पुत्र जग प्रसाद यादव दो भाईयो में सबसे बड़ा था। अधिकतर मृतक शुभम यादव जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के ढढसौली करमचंदपुर निवासी अपने मामा सुरेंद्र यादव के घर रहता था। कब कैसे वह अयोध्या पहुचा इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। मृतक अभी अविवाहित था, परिजनों की मौजूदगी में अयोध्या पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एक नजर

स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी को भेजा गया जेल

सिंहपुर, अमेठी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार थाना शिवरतनगंज ने बताया कि शुक्रवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्त सद्दाम (30) निवासी सातनपुरवा को छोटा कोलवा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उससे पास से 13 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। केस दर्जकर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

एनडीपीएस के तहत केस दर्जकर भेजा जेल

मुसाफिरखाना, अमेठी। क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस ने रामशाहपुर तिराहे के पास से सत्यम सिंह उर्फ अखिलेश सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज को हिरासत में लेकर तलाशी ली। उसके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। उसे गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इनामी बदमाश है।

जनपद में 30 जून तक लागू रहेगी धारा-144

अमेठी, अमृत विचार। अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0/रा0 अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चलते वर्तमान में प्रभावी आदर्श चुनाव आचार संहिता धारा (–144) 30 जून तक लागू रहेगी। बताया कि 4 जून को मतगणना एवं 17 जून को ईदुज्जुहा बकरीद पर्व के चलते जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निषेधाज्ञा की समय सीमा बढ़ा दी गई है।

क्रिकेट खेल रहे युवाओं को दबंग ने धमकाया

अमेठी, अमृत विचार। जामो थाना क्षेत्र में दबंग ने क्रिकेट खेल रहे युवाओं को पिस्टल दिखाकर धमकाया। भीड़ बढ़ता देख दबंग बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने एक युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाइक को कब्जे में लिया है। इसके साथ ही आरोपी दबंग मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के करपिया गांव निवासी बादल सिंह की तलाश की जा रही है।

कंटेनर ने कार में मारी टक्कर, तीन की मौत

बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े थे वाहन, एक ही परिवार के हैं मरने वाले तीनों बच्चे, एक गंभीर

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

अमृत विचार। शुक्रवार को एक अनियंत्रित वाहन ने बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों में टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। एक घायल की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में थाना कमरौली के समीप (इंडोरामा) रेलवे क्रॉसिंग का फाटक शुक्रवार रात करीब 3 बजे ट्रेन आने के चलते बंद था। क्रॉसिंग के पास कई वाहन सवार फाटक खुलने का इंतजार कर रहे थे। तभी एक अनियंत्रित कंटेनर ने वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लाइन में खड़े आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में देवा शरीफ, बाराबंकी से दर्शन कर लौट रहे कार सवार भी चपेट में आए गए। कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को सीएचसी जगदीशपुर भेजवाया। जहां चिकित्सको ने अदनान (11), फातिमा (13), आफरीन (14) निवासी ग्राम नटौली मजरे पारा बाजार बल्दीराय थाना, जनपद सुलतानपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतकों के परिवार के ही एक सदस्य की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे ले लिया है। चालक फरार हो गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हादसे के बाद जांच–पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

कार ने दो लोगों को मारी टक्कर, एक की मौत

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे पिकअप का टायर बदल रहे खलासी को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूरे प्रेमशाह गांव के हाईवे निकट गुरुवार–शुक्रवार की रात लगभग 3 बजे पिकअप का टायर बदल रहे खलासी रिंकेश शिल्पकार (28) को लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें रिंकेश शिल्पकार निवासी सफदरगंज पश्चिम जौनपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मैजिक का चालक कंतलाल निवासी ऐशबाग लखनऊ घायल हो गया। उसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मतगणना की तैयारियों का जायजा लेतीं डीएम व एसपी।

डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बनाए गए स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन का निरीक्षण किया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 4 जून को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में होनी है, निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मतगणना स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग, जाली, सीसीटीवी आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कथा सुनने से मिट जाते हैं कई पाप

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। सेमरा गांव में शुक्रवार को शुरू हुई संगीतमई श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन शुक्रवार को कथा व्यास ने भागवत कथा का माहात्म्य बताया। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रोताओं की मौजूदगी रही। कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का महत्व ऐसा है जिससे हर सुनने वाला लाभान्वित हुआ है। पल भर के भगवान नाम स्मरण से मानव जन्म धन्य हो जाता है। कथा सुनने से भगवान गोकर्ण और धुंधकारी के चरित्र में बदलाव हो गया। कथा के प्रभाव से जहां गोकर्ण में भगवत भक्ति प्रकट हुई, वहीं धुंधकारी में गलत वृत्तियां आ गई जिससे उसे प्रेत योनि में जाने को विवश होना पड़ा।

कहा कि मानव के अंत समय में भी केवल एक बार ही भगवान का नाम आ जाता है तो उसे मोक्ष मिल जाता है। बस मानव के अंतर्मन की बात है कि उसके मन में भगवान का नाम बसा है या नहीं। अगर भगवान का नाम मन में आ गया है तो जीवात्मा, परमात्मा में विलीन हो जाती है। मनुष्य का जब पाप और पुण्य दोनों बराबर हो जाता है तो मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। कथा यजमान पंडित बाबू लाल तिवारी ने श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। पंडित अवधेश तिवारी के साथ आचार्य अनिल पांडेय ने विधि विधान से पूजन कराया। संगीत टोली में अश्विनी कुमार, अविनाश ने भजनों से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर हरीराम पाण्डेय, जगत नारायण मिश्र, हरि शंकर मिश्र, उमेश पांडेय के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। आयोजक मंडल में राम मणि त्रिपाठी, कामता मणि त्रिपाठी, श्याम मणि त्रिपाठी, विष्णु मणि, दीपक तिवारी के साथ समस्त आयोजकों ने लोगों का स्वागत किया।

कथा सुनाते कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केन्द्रों में 15 जून तक अवकाश

अमेठी, अमृत विचार। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन बेसिक विद्यालयों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इस अवधि में प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल विद्यालय बन्द रहेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए यह अवकाश बच्चों के लिए काफी राहत भरा है। बताया कि अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी विद्यालयों में होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को राशन का वितरण, सामुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन सहित समस्त शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

हीट वेव से दो लोगों की मौत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जनपद में नौपता का कहर जारी है। गुरुवार को भीषण गर्मी के चलते आठ घंटे के अंदर दो लोगों की मौत हो गई। गुरुवार की शाम करीब 4 बजे बाजार से घर जा रहा बुजुर्ग गर्मी की वजह से गश खाकर खेत में गिर पड़ा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अस्पताल भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।

जानकारी के अनुसार अमेठी कोतवाली के पूरे राम प्रसाद पंडित का पुरवा रायपुर फुलवारी निवासी राजकुमार कोरी गुरुवार शाम करीब 4 बजे साइकिल से अमेठी बाजार से वापस घर जा रहा था। पंडित का पुरवा गांव के पास अचानक राजकुमार गश खाकर साइकिल से खेत में गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों की नजर जैसे ही बुजुर्ग पड़ी बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से शव को अस्पताल भिजवाकर परिजनों को सूचना दी। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके अलावा प्रयागराज से पैदल बहराइच के गाजी मियां दरगाह जा रहे युवक की सुबह करीब 11 बजे मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के समसेरियन गांव के पास हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने बताया कि एक बुजुर्ग अचेत अवस्था में खेत मे पड़ा मिला था। जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक का शव पड़ा मिला, लू लगने से मौत की आशंका

अमेठी, अमृत विचार। रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। हीट वेव से मौत की आशंका जाहिर की जा रही है। शव मिलने की सूचना देने के बाद काफी देर तक अमेठी कोतवाली पुलिस और रेलवे पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में अमेठी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के अमेठी रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन अधीक्षक ऑफिस के पीछे गुरुवार शाम करीब 8 बजे युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर अमेठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन घटनास्थल को रेलवे पुलिस का क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ लिया। काफी देर बाद स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उसके परिजनों को सूचना दी। युवक की जेब से बरामद आधार कार्ड से उसकी पहचान गौरीगंज थाना क्षेत्र के पंडरी गांव के रहने वाले कृपाशंकर पुत्र रमापत तिवारी पूरे लक्ष्मीधर पंडरी के रूप में हुई है। युवक की अचानक मौत से हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक अमेठी में रहकर मजदूरी करता था।

▸▸ भीषण गर्मी व तपन से इंसान के साथ पशु पक्षी भी बेहाल

पीछा करने पर पिकअप वाहन छोड़कर भाग निकले भैंस चोर

शुकुल बाजार, अमेठी। भैंस चोरी कर भाग रहे पिकअप सवार चोरों ने पीछा किए जाने पर बाइक सवार एक ग्रामीण पर वाहन चढ़ा दिया। हादसे में ग्रामीण बाल-बाल बच गया जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपी पिकअप को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है।

थाना क्षेत्र के नेवाज़ गढ़ कैथन गांव निवासी लल्लू पासी के दरवाजे पर भैंसें बंधी थीं। गुरुवार की सुबह तड़के तीन चोर भैंसों को पिकअप वाहन में लाद रहे थे। आवाज होने पर कल्लू और उसके परिजन जाग गए। परिजनों को आता देख चोर वाहन लेकर भागने लगे। परिजनों ने शोर मचाते हुए चोरों का पीछा किया। कल्लू और सुरजीत पासी ने बाइक से पिकअप वाहन के आगे आकर उसे रोकने का प्रयास किया। इस पर पिकअप वाहन बाइक में टक्कर मारते हुए पेड़ से टकराकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में सुरजीत बाल-बाल बच गया जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। इतनी देर में कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। हालाकि मौका पाकर चोर पिकअप को छोड़कर जंगल की तरफ भागने में सफल रहे। मौके पर पहुंची पुलिस में पिकअप को कब्जे में लेकर तलाश शुरू करते हैं। थानाध्यक्ष तनुज पाल ने कहा पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वाहन को कब्जे में लेकर चोरों की तलाश की जा रही है।

चोरी की घटना का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार। कस्बे के गंगागंज सरवनपुर में बीते 27 मई की देर शाम एक घर से चोरों ने लॉकर में रखे 1 लाख 60 हजार रुपये व सोने का झुमका चोरी कर लिया था। अमेठी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 81 हजार 900 रुपये बरामद किए। बताया गया कि अमेठी थाना पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के तीन अभियुक्त कस्बा गौरीगंज में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोचा लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम मो. साहिल निवासी गंगागंज कस्बा अमेठी, शिवपूजन चौरसिया उर्फ शेखू निवासी गंगागंज कस्बा अमेठी और सुधांशू तिवारी तिवारी निवासी गायत्री नगर धम्मौर रोड कस्बा अमेठी हैं। एक अभियुक्त अंशू मौर्या निवासी गंगागंज कस्बा अमेठी मौके से भागने में सफल रहा।

नशा न करना, मान लो कहना...

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार द्वारा जिला मुख्यालय गौरीगंज में नशामुक्ति रैली व नशा भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया। नशामुक्ति रैली गायत्री प्रज्ञापीठ गौरीगंज से शुरू होकर सब्ज़ी मंडी तिराहा, कोतवाली गौरीगंज, रणंजय इंटर कॉलेज, जामों मोड़ होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। महिलाओं, बच्चों, गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने चिलचिलाती धूप में नशा छोड़ो-परिवार जोड़ो के नारों के साथ गौरीगंज की सड़कों पर जन जागरण यात्रा निकाली। नशा न करना, मान लो कहना, प्यारे भाई बहना, होगी बड़ी खराबी... गीत गाकर महिलाओं की टोली ने लोगों को प्रेरित किया। नशामुक्ति रैली में सभी के हाथों में नशा छोड़ने की प्रेरणा देने वाले नारे की तख्तियां थी।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप ज़िलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से गायत्री परिवार ने नशा मुक्त भारत अभियान को अमेठी में गति देने की मांग की गई।

ज्ञापन पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह, मनीषी शैक्षिक समूह के अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी 'मनीषी', गायत्री परिवार के युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह, बेसिक शिक्षक संघ के ज़िला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक राधेश्याम त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्र के हस्ताक्षर थे। उप ज़िलाधिकारी ने गायत्री परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए ज्ञापन में अंकित सभी बिंदुओं पर उचित एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि शराब बिक्री के मामले में फ़रवरी माह के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अमेठी का नंबर एक पर होना दुर्भाग्य पूर्ण एवं चिंताजनक है। युवा समन्वयक डॉ प्रवीण सिंह ने बताया कि गायत्री परिवार अमेठी के गांवों में डोर टू डोर जन संपर्क कर नशा भिक्षाटन का कार्यक्रम चला रहा है। शैक्षणिक संस्थाओं में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा गायत्री परिवार के प्रत्येक कार्यक्रम कर्मकांड में नशामुक्ति का संकल्प कराया जा रहा है। कलक्ट्रेट परिसर में गायत्री परिवार के वरिष्ठ जनों अपनी झोली फैलाकर लोगों से अपना नशा दान करने के लिए अभियान चलाया। एक दर्जन से अधिक लोगों ने खैनी, तंबाकू, गुटका, बीड़ी आदि का दान कर नशामुक्त होने का संकल्प लिया।

कलेक्ट्रेट में उच्चाधिकारियों का ज्ञापन सौंपते गायत्री परिवार के लोग।

वर्ग पहेली-87

बाएं से दाएं

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार–ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

ऊपर से नीचे

1. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़–पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



वर्ग पहेली -86 का हल

■	■	1 अ	नि	य	मि	2 त
3 आ	जा	नु	■	■	■	र
■	■	बो	■	4 ता	■	फ़
5 सं	बं	ध	यो	ज	क	■
व	■	क	■	दा	■	■
ह	■	■	■	6 र	7 का	बी
न	■	8 छाँ	द	■	ठा	■

सुडोकू -166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1								
				3				
7								
		2		8				
						4		
		9						
					3			
								1
	5							

सुडोकू -165 का हल

1	6	5	7	8	2	3	9	4
2	7	8	9	3	4	5	1	6
3	4	9	5	1	6	7	8	2
6	8	7	4	9	3	1	2	5
5	9	3	6	2	1	8	4	7
4	2	1	8	5	7	9	6	3
9	5	2	3	6	8	4	7	1
8	1	4	2	7	5	6	3	9
7	3	6	1	4	9	2	5	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–नवमी 07.24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05.04 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पूर्व। **ऋतु**–ग्रीष्म।

चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–उत्तर भाद्रपद 2 जून 03.16 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष – आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच–विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

वृष – आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

मिथुन – आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

कर्क – आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

सिंह – आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक–झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

कन्या – आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन–देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

तुला – आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

वृश्चिक – आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

धनु – आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है, लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर – आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

कुंभ – आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

मीन – आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- खेल — शाम : 05.40

SONY MAX
- सैटेलाइट शंकर — सुबह : 10.10
- भूल भूलैया 2 — शाम : 06.15

SONY PIX
- द रैड 2 — सुबह : 12.34
- 65 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- थैंक गॉड — सुबह : 10.44
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- कल हो न हो — दोपहर : 02.02
- चैन्नई एक्सप्रेस — रात : 09.21

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस– कहां थे अब तक?
गप्पू– जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस– शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू–ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता– और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

संपादकीय

शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

प्रसंगवश

ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

सोशल फोरम

एक स्वस्थ्य समाज के लिए

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है

अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

हीट वेव से 24 घंटे में ग्राम पंचायत सदस्य समेत 10 लोगों की मौत

नौतपा में सातवें दिन 44 डिग्री पहुंचा पारा, उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे लोग

▸▸ विशेषकर दो दिन और बचकर रहने की जरूरत

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : नौतपा के सातवें दिन शुक्रवार को गर्मी एवं उमस से लोग बेहाल रहे। 24 घंटे के अंदर ग्राम पंचायत सदस्य समेत 10 लोगों मौत हो गई। आठ कुंडा क्षेत्र व रानीगंज क्षेत्र के दो लोग रहे। परिजनों के अनुसार इनकी मौतें हीट स्ट्रोक से हुईं। हालांकि किसी भी मृतक का पोस्टमार्टम न कराने से हीट स्ट्रोक से मौत की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। सातवें दिन पारा 44 डिग्री सेंटीग्रेड पर रहा।

जनपद में नौतपा में दिन ही नहीं रात में भी गर्मी से लोग बेहाल हैं। शुक्रवार को सुबह आसमान में बादल रहे फिर भी उमस से राहत नहीं मिली। कुंडा संवाददाता के अनुसार बीते 24 घंटे के अन्दर कुंडा तहसील क्षेत्र में महिला समेत आठ लोगों की मौत हो गई है। कुंडा के ताजपुर सरियांवा गांव की बिटानी देवी (80) पत्नी ननकू सरोज, करीमनगर चौसा निवासी निर्मला देवी (80) पत्नी प्रेमचंद, कोलाहल का पुरवा निवासी शांति देवी (75) पत्नी राम अवध यादव, भदरी के जानकी सिंह का पुरवा निवासी शिव प्रताप सिंह (45), कबरियागंज निवासी सुधा सिंह (45) पत्नी धर्मराज सिंह, मानिकपुर पूरे धनऊ चढ़ईया पार निवासी राम भारत (75), गोतनी निवासी मो. हनीफ (65) की 24 घंटे के भीतर मौत हो गई। कुंडा सीएचसी के इमरजेंसी के चिकित्सक डा.आनंद सिंह के अनुसार सभी को शरीर में जलन के साथ ही सांस फूलने में दिक्कत होने जैसी समस्या सामने आई थी। कुछ लोगों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया तो उनकी रास्ते में मौत हो गई, जबकि कुछ लोगों का इलाज के दौरान मौत हुई है। सभी लोग बगैर पुलिस को सूचना दिए शव लेकर अपने-अपने घर चले गए। नवाबगंज के हुसैनपुर अंधरीपुर गांव के रहने वाले बसंत लाल सोनी (50) राजस्थान में वाच मैन थे। 10 दिन पूर्व यह अपने घर आए थे। दो दिन पहले यह अपनी पत्नी गुड्डी देवी और रिश्तेदारों के साथ झंडा चढ़ाने पैदल बहराइच जा रहे थे। गुरुवार को रास्ते में उनको प्यास लगी तब उसने खरबूजा खाकर पानी पीया। अचानक पेट में दर्द होने लगा और वहीं तड़पने लगे। देखते ही देखते बसंत लाल की सांसे थम गई। घर वाले स्थानीय चिकित्सालय ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रानीगंज प्रतिनिधि के अनुसार नरायनपुर कला गांव में दीनानाथ पटेल (50) गुरुवार को दोपहर में खेत में किसी काम से गया था। वहां से वापस घर पहुंचा तो अचानक अचेत हो गया। परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। इस दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर ने बताया कि उन्हें हीटवेब की शिकायत हो गई थी। आसपुर देवसरा के अमापुर बाजार की कनकलता (50) पत्नी स्व. भारत भूषण शुक्रवार की दोपहर खेत की तरफ गई थी,इस दौरान अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़ी। आस-पास के लोग राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए, जहां पर इलाज के दौरान कनकलता की सांसे थम गईं। महिला की मौत से परिजन बिलखने लगे। अमापुर ग्राम प्रधान राम प्यारे वर्मा ने बताया कि कनकलता ग्राम पंचायत सदस्य थी। चक्कर आने के कारण बेहोश हो गई थी। इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देश राज मीना ने बताया कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 45.5 व न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस रहा।शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 व न्यूनतम 31.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पुरवा हवाएं चल रहीं थीं।

नाई की दुकान पर बैठा अधेड़ अचेत

रानीगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : संडीला बाजार में सैलून की दुकान पर शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे बाल कटवाने आया कसिहा निवासी 55 वर्षीय कमरुद्दीन गर्मी एवं उमस के कारण गश खाकर गिर पड़ा। इससे नाई के दुकान पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पानी का छींटा मारा और हाथ की बनी पंखी से हवा दी तो वह होश में आए। फिर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए रानीगंज ले गए।



भीषण गर्मी से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। हीट वेब (लू) के खतरे से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें। बीना प्यास के भी पानी पीयें। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी आदि का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा,हांथ और पैरों को गीले कपड़े से ढक कर रखें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोंछे अथवा नहलाएं और तुरंत कुशल चिकित्सक से संपर्क करें।

-अनुपम शेखर तिवारी, जिला आपदा विशेषज्ञ, प्रतापगढ़

रास्ते के विवाद में हुई मारपीट, कई घायल

रास्ते के विवाद में दो पक्षों में पथराव, जेसीबी में की तोड़फोड़। अमृत विचार

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज।

अमृत विचार: शुक्रवार नैनी के बोंगवा गली में रास्ते एक विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गये। विवाद बढ़ा तो मारपीट शुरु हो गयी। मौके पहुंचे जेसीबी पर आक्रोशित लोगों ने पथराव शुरु कर दिया। हलांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को खदेड दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नैनी के बोंगवा गली में दो पक्षों के बीच रास्ते को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले भी इसी रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद एक पक्ष ने एसडीएम करछना से निर्माण कार्य का आदेश ले लिया। निर्माण कार्य शुरु कराने ले लिए जब मौके पर जेसीबी पहुंची।तो बौखलाये लोगो ने हंगामा करते हुए कार्य को रोकवाने का प्रयास शुरु के दिया। वहीं, मौके पर रही जेसीबी पर जमकर पथराव भी किया। दोनो पक्षों से पथराव होने लगा। पथराव में कुछ लोग घायल भी हो गये। इस मामले में नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना हो कि रास्ते का विवाद है। लेकिन पथराव की जानकारी नही है।

सीएचसी अधीक्षक ने आशा को मीटिंग से भगाया,शिकायत

रानीगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज मे शुक्रवार को दोपहर में आशाओं की मीटिंग चल रही थी। इस दौरान मिसिद्दीपुर की आशा कार्यकर्ता सुनीता राय ने आरोप लगाया कि वह पूरा कार्य करती हैं। बावजूद इसके उन्हें स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया गया। उसके बाद कहासुनी के बाद हंगामा होने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आशा कार्यकर्ता सुनीता ने आरोप लगाया कि बैठक में सीएचसी अधीक्षक ने कहा इन्हें थप्पड़ मारकर बाहर भगाओ। कहा कि तुम्हे नौकरी से निकाल दूंगा।

ढाबे के टेबल पर पहुंचा ड्राइवर, लू से हुई मौत

संवाददाता, प्रयागराज।

अमृत विचार: भीषण गर्मी और तेज गर्म हवाएं बंद होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में एक ट्रक चालक लू की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी। धाबा मालिक के मुताबिक ट्रक चालक ने खाना खाने के लिए ढाबे में घुसा और वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गयी। मध्य प्रदेश के झिरिया गांव का रहने वाला अर्जुन कुमार ट्रक चालक था।

शुक्रवार को प्रयागराज के हंडिया इलाके में निकला था। वह हंडिया में बस अड्डे के पास एक ढाबे पर अपनी ट्रक को रोक दिया और खाना खाने के लिए ढाबे में बैठ गया। जिसके बाद उसे चक्कर आया और वह गिर पड़ा। ढाबे पर रहे लोगों ने पानी का छीटा मारा लेकिन बेहोश रहा। ढाबा में काम करने वाले कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस और 108 को सूचना दी। जिसे एसआरएन भेजा गया। जहां रास्ते मे उसका दम घुटने लगा। इसके बाद एम्बुलेंस कर्मियों ने आक्सीजन दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले अर्जुन ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पुलिस ने अर्जुन के साले शंकरगढ़ निवासी अनूप कुमार को दी।

सपा ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर महान वीरांगना महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 299 वी जयंती के मौके पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सपा के कार्यकर्ताओं को महारानी अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेकर पदचिन्हों पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी लोग हमेशा विषम परिस्थितियों में संघर्ष करते रहे है। ऐसे महापुरुषों की जीवनी से सीख लेकर समाजवादी लोग जीवन मे संघर्ष करते है। इस मौके पर शैलेष पटेल, अनुराग पटेल, आदर्श यादव, रामगोपाल बिन्द, जमाल अहमद, मेवालाल प्रजापति, नागेन्द्र तिवारी, अरशद, दीनानाथ प्रजापति, कमलेश पाठक, रामजी, विजय, बालकुमार, श्याम सुन्दर सोनकर आदि मौजूद रहे।

मतगणना कार्मिक के पास मोबाइल व इलेक्ट्रानिक डिवाइस प्रतिबंधित

संवादाता, प्रतापगढ़।

▸▸ ईटीपीबीएमएस मतपत्रों की गणना का दिया गया प्रशिक्षण

अमृत विचार : चार जून को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध एनआईसी सभागार में शुक्रवार को ईटीपीबीएमएस मतपत्रों की गणना का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि सभी मतपत्र के क्यूआर कोड को कैसे स्कैन किया जायेगा इस तरीके को विधिवत समझकर प्रैक्टिकल कर लीजिये। मतगणना में लगे किसी भी कार्मिक के पास मोबाइल या इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं होगी यह पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/ प्रभारी अधिकारी पोस्टल वैलेट राजेश कुमार देवरार ने कहा कि सभी को जो भी शंकायें है उसका समाधान यहीं पर कर लें। ईटीपीबीएमएस के बारे में विस्तारपूर्वक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एआरपी धर्मेन्द्र ओझा द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के दिन मतगणना प्रारम्भ होने से पहले जो भी ईटीपीबीएमएस मतपत्र प्राप्त होगें उनकी गणना की जायेगी। सर्वप्रथम प्राप्त मतपत्रों के क्यूआर कोड स्कैन कर वैलिड एवं अनवैलिड मतपत्र अलग अलग रखे जायेगें जो वैलिड मतपत्र पाये जायेगें उनकी गणना की जायेगी। यदि किसी मतपत्र के लिफाफे का क्यूआर कोड किसी कारण से स्कैन नहीं हो रहा है तो ऐसी दशा में मतदाता की आईडी डालकर उसकी मतपत्र की जांच की जायेगी और जांच करने पर यदि वैलिड पाया जाता है तो उसकी गणना की जायेगी। प्रवक्ता विशाल द्वारा मतपत्र का क्यूआर कोड कैसे स्कैन किया जायेगा इसकी जानकारी दी गई। इस अवसर डीआईओएस सरदार सिंह, श्रम आयुक्त मनोज तिवारी, एसीओ आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी

प्रयागराज। अमृत विचार : इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली- गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामाला शुक्रवार का है। नीरज त्रिपाठी की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के खिलाफ विभिन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि एक सपा कार्यकर्ता ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने फोन करके अपशब्दों का प्रयोग किया। जान का खतरा जताते हुए नीरज ने थाने में तहरीर दी। तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि एक सपा कार्यकर्ता ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी।

आत्महत्या कांड : अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ पांच जुलाई को आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्रपुरी से बहस करेंगे

अमृत विचार: बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरी आत्महत्या के मामले में शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट में अभियोजन पक्ष के गवाह और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी की गवाही पूरी हो गई। 5 जुलाई को आरोपी आनंद गिरि के वकील रविंद्रपुरी से बहस करेंगे।नरेंद्र गिरी के मामले में सुनवाई जिला अपर एव सत्र न्यायधीश अंजू कनौजिया की अदालत में चल रही है। रविंद्र पुरी ने आनंद गिरि और नरेंद्र गिरि के बीच फोन पर हुई बात की आडियो की पहचान भी कोर्ट में किया था।

मालूम हो कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरी 20 सितंबर 2021 बागमरी मठथ की अतिथि कक्ष में फंदे कोर्ट लटकते पाए ये थे। मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला था। जिसके आधार पर नरेंद्र गिरी कोआत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके सबसे चाहते शिष्य आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और सुशील तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। आनंद गिरि इन दिनों चित्रकूट जेल में बंद है। जबकि अमर गिरी के खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्री मठ बाघंबरी के महंत नरेंद्र गिरी की मौत केवादी मुकदमा और गवाह अमर गिरीवादी मुकदमा और गवाह अमरगिरी के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय ने फिर से गैर जमानती वारंट जारी किया है।

अपारसत्र न्यायाधीश आईपीएस राणा की अदालत ने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाबचंद अग्रहरि की ओर से दाखिल अर्जी को स्वीकार करते हुए आदेश जारी किया है। इससे पहले 11 दिसंबर 2023 को गैर जमानती वारंट होने पर गवाही पर ना आने वाली अमर गिरी को सीबीआई की हिरासत मे पेश किया गया था। उसे दौरान भी अंडरटेकिंग परगवाही में पहुंचने की बातकहींगई थी बावजूद इसके अमर गिरी गवाही में नहीं पहुंचे थे। अमर गिरी का पूरा बयान दर्ज करने के लिए 2 जनवरी को तारीख तय की गई थी।लेकिन बीते मंगलवार को फिर से अमरगिरी गैर हाजिर रहा।

शटरिंग करने गये युवक की संदिग्ध हालत में मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : शटरिंग करने गए युवक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। शव गांव के किनारे बने कमरे में चारपाई पर मिला। घर वाले बिजली की करंट से हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

नगर कोतवाली गड़ई चकदेईया गांव निवासी 26 वर्षीय अमर सिंह मजदूरी करने का काम करता था। शुक्रवार की सुबह वह गांव के एक व्यक्ति के साथ गायघाट की तरफ शटरिंग करने गया था। अमर सिंह के पिता कालिका सिंह ने घर से करीब 150 मीटर दूर गांव के किनारे एक कमरे का दूसरा घर भी बनवाया है। दोपहर करीब 12 बजे अमर सिंह को गांव के लोगों ने कमरे में चारपाई पर लेटा हुआ देखा। शाम चार बजे तक जब वह नहीं उठा तो घर वाले उसके पास गए और उसे उठाने का प्रयास किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। उसके हांथ, पैर और सीने में जलने का निशान था। अमर की मृत्यु की सूचना मिलते ही घर के सभी लोग बिलखते हुए पहुंचे। मृतक के भाई मंगल का आरोप है कि उसे कुछ लोग सुबह शटरिंग करने के लिए ले गए थे। वहीं पर बिजली की करंट से उसकी हत्या कर दी गई। सूचना पर नगर कोतवाल, सीओ सिटी पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी पहुंच कर जांच पड़ताल की। अमर के पिता कालिका सिंह खेती किसानी का काम करते हैं। अमर पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था,तीन वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। घटना के बाद पत्नी साधना बेहाल है। मेडिकल कॉलेज चौकी इंचार्ज शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सत्ता पक्ष के लोग चुनाव में अवरोध उत्पन्न कर रहे है: रमेश चन्द बिंद

संवाददाता, मिर्जापुर।

ज्ञापन सौंपते सपा प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द।

अमृत विचार : सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी व सांसद रमेश चन्द बिन्द ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती पुलिस के दम पर हड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे चुनाव में अवरोध उत्पन्न करने के लिए सत्ता पक्ष के सह पर ऐसी हरकत की जा रही है। प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द ने यह उद्गार पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में पत्रकारों से कही। जिलाध्यक्ष भाजपा के द्वारा एक पत्र जारी कर पैसा बांटने का आरोप लगाया जा रहा है कि जो कि सरासर गलत है। अपनी हार की बौखलाहट से सत्ता पक्ष हमारे व हमारे कार्यकर्ताओ के उपर झूठा और घृणित आरोप लगा रहे है। सांसद रमेश चन्द बिन्द ने पत्रकारों से कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं से उपर जुल्म, ज्यादतीत, अन्याय और अत्याचार सत्ता पक्ष कर रही है। यह उनके हार की बौखलाहट दिखाई पड़ रही है। जनता संविधान बचाने के लिए हमारे साथ है। झूठे जुमलों में इस बार जनता नहीं फसने वाली है। हम चुनाव आयोग से कार्यकर्ताओ के उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करायेंगे। पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, आदर्श यादव, रामगोपाल बिन्द आदि मौजूद रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

▸▸ तम्बाकू सेवन का व्यापक दुष्प्रभाव

संवाददाता, जौनपुर।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते अधिकारी।

अमृत विचार: विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता फैलायें जाने के लिए हस्ताक्षर अभियान का आयोजन डॉ. लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर कांशीराम इंटर कालेज, शीतला चौकिया में साक्षरता जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय सरोज सिंह एसओ महिला थाना एवं कालेज के शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

डॉ. राजीव कुमार नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि लोगों को जागरुक करने के लिये प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस दिवस मनाया जाता है। तम्बाकू के सेवन से गम्भीर बिमारियां जैसे-मुख, फेफड़े का कैन्सर, बीपी, शुगर, नपुंसकता इत्यादि बीमारियों हो सकती है। इस कारण कई लोग समय से पहले अपंग या मत्यु को प्राप्त करते है। इस अवसर पर विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम और शपथ अभियान, सभी सामु. व प्रा.स्वा. केंद्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों, उपकेन्द्रों पर निःशुल्क एनसीडी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में प्रतिदिन आने वालें मरीजों एवं तीमारदारों की काउन्सिलिग कर उन्हें तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर एफएलसी जय प्रकाश गुप्ता, विवेक कुमार एवं कुलदीप श्रीवास्तव एवं एनसीडी सेल के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

22 तक चलेगा अभियान

नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि 31 मई से 22 जून 2024 तक तम्बाकू निषेध के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अभियान के दौरान समस्त जनपद के विभागों का दायित्व होगा कि वे अपने-अपने कार्यालय में तम्बाकू निषेध जनजागरूकता पर चर्चा करायें तथा जनहित में प्रचार-प्रसार करायें, प्रति सप्ताह स्वास्थ्य, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि सार्वजनिक स्थलों पर छापेमारी करें। दोषी पायें जाने के विरूद्ध जुर्माना की कार्यवाही करें।

सार-संक्षेप

तीन दिन में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करायें लाभार्थी

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/परियोजना निदेशक डूडा त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी की स्वीकृत डी.पी.आर.(प्रोजेक्टर क्लोजर) में द्वितीय किश्त प्राप्त लाभार्थियों द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूर्ण न करने वाले उन लाभार्थियों की सूची 31 मई से 02 जून तक सम्बन्धित नगर पंचायत में चस्पा/उपलब्ध रहेगी। उन्होने कहा कि लाभार्थियों द्वारा 03 दिवस में आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो अपात्र करते हुये कर्टलमेन्ट व वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

झाड़फूंक के दौरान युवती की मौत

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़। अमृत विचार : बाघराय के झझवारा बिहार गांव की 22 वर्षीय आरती यादव पुत्री उदल यादव सात वर्षों से बीमार थी। गांव के ही एक व्यक्ति के यहां परिवार को लोग इसकी झाड़फूंक करा रहे थे। गुरुवार की रात करीब आठ बजे अचानक झाड़फूक के दौरान तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी बाघराय ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ निकेत भारद्वाज ने बताया कि प्राथमिक सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

विश्व तंबाकू दिवस पर बंदियों को किया जगारुक

विश्व तंबाकू दिवस पर नैनी जेल के बंदियों को किया गया जागरुक।

संवाददाता, नैनी। अमृत विचार : विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को केंद्रीय कारागार नैनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संतोष राय व दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रहे। कार्यक्रम में निरुद्ध महिला और पुरुष बंदियों को तंबाकू से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें नशा न करने के लिए प्रेरित किया। उक्त विषय में विधि संकाय के छात्र एवम छात्राओ द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बंदियों को नशा न करने व तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानियों को बताया गया। इस मौके पर कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर, चिकित्साधिकारी डा धीरज पाण्डेय, आलोक कुमार कारापाल, रामसिंह यादव कारापल, ओमप्रकाश कारापाल, कुंज बिहारी सिंह उप कारापाल, शिखर उप कारापाल सहित कारागार के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अस्पताल में भर्ती युवक ने कुएं में कूद कर दी जान

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : गंगानगर के नवाबगंज थाना क्षेत्र के स्थित रेलवे फाटक के पास एक अस्पताल में भर्ती युवक ने शुक्रवार को अचानक एक कुएं में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने युवक को गंभीर हालत में सीएचसी कौड़िहार भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा थाना क्षेत्र के मनगढ़ गांव निवासी शुभम पटेल (18) पुत्र रमाकांत मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। परिजन उसका उपचार प्रयागराज के एक चिकित्सक से करा रहे थे। पिछले कई दिनों से वह चैनी का पूरा स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। उसकी तबियत काफी खराब हो गई। रिश्तेदारों ने युवक को दुर्गागंज स्थित रेलवे फाटक के पास के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। युवक अस्पताल से अचानक निकला और पास के मनीलाल इनारा में छलांग लगा दी। युवक को कुआं में कूदता देख लोग बचाने दौड़ कर भागे। सूचना पाकर पुलिस वह मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकलवाया। इसके बाद गंभीर हालत में उसे उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शार्ट सर्किट से बंच वायर टूटकर गिरा, सफारी जली

शार्ट सर्किट से जली कार।

संवाददाता, नैनी। अमृत विचार : कोतवाली नैनी अंतर्गत महेवा पूरब पट्टी मे शुक्रवार सुबह बिजली का बंच वायर टूटकर गिर गया। उसकी चपेट में आकर सफारी कार जल गई। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। लोगों ने पहले बिजली विभाग को फोन कर बिजली कटवाया। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड नैनी की दमकल गाड़ी के कर्मचारियों ने पानी डालकर आग को बुझाया। बताया जाता है कि गाड़ी मडौका निवासी किसी व्यक्ति की थी जिसने मरमात के लिए महेवा पूरब पट्टी निवासी मिस्त्री को दी थी। मरम्मत के बाद शुक्रवार रात गाड़ी को मोहल्ले में सड़क की पटरी पर खड़ी कर अपने घर चला गया था। सुबह तकरीबन साढ़े आठ बजे बंच वायर टूटकर गाड़ी पर गिरने से आग लग गई। घटना स्थल के आसपास रात में काफी गाड़ियां खड़ी होती है। लोगों ने आनन फानन में अपनी गाड़ियों को वहा से हटा लिया। लोगों का आरोप था कि मोहल्ले में। काफी पुराने तार लगे हुए हैं जो अक्सर टूटकर गिरते रहते हैं। विद्युत विभाग के लोगों से शिकायत के बाद भी उसे बदला नहीं जाता।

नई पीढ़ी में नशे व तम्बाकू की लत चिंताजनक : एडीजे

रानीगंज में तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूक करते विधि छात्र।

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : डॉ.रामचंद्र शुक्ल विधि महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे सुमित पवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि जनमानस को तंबाकू सेवन से स्वयं व परिवार को बचाने के लिए जागरूक करने की जरूरत है। नई पीढ़ी में नशे व तम्बाकू की लत चिंताजनक है।इसके बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगो को प्रेरित किया। डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि नशे के कारण युवावस्था में ही लोग कैंसर लीवर फेफड़े की गंभीर बीमारी से ग्रसित होते जा रहे है। नायब तहसीलदार कृपाशंकर यादव ने नशे के दुष्प्रभाव और उसके बचाव के विषय में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगो को तंबाकू मुक्त राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूक किया। इस दौरान अमन त्रिपाठी, दिनेश मिश्र,सुरेंद्र सरोज,गिरीश पाण्डेय,विशाल त्रिपाठी,राम नारायण यादव, जुल्फिकार,लाल बहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।

मतगणना कार्य को गंभीरता पूर्वक संपन्न करायें : डीएम

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के ने मतगणना की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य को गंभीरता पूर्वक संपन्न कराये। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को अवश्य पढ़ लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतगणना के दिन समय से मतगणना स्थल पर पहुंचे। सभी अधिकारियों के बीच संवादहीनता नहीं होनी चाहिए, सभी लोग आपस मे समन्वय स्थापित करते हुए सकुशल निर्वाचन सम्पन्न कराए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशों से प्रत्याशी और मीडिया को पूर्व में अवगत करा दिया गया है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम एक्टिव रहे। इस दौरान उन्होंने सभी नायब तहसीलदार और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि एवं ईवीएम सीलिंग के संबंध में सभी निर्देश पढ़ लें। मतगणना स्थल पर स्टेशनरी, वीडियोग्राफी सहित विभिन्न उपकरण की जो भी आवश्यकताएं है। उन्हें पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, सभी एआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

एक नजर

दो मिनट का मौन रख मृतात्मा को दी श्रद्धांजलि

औरास। कस्बा स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रांगण में स्टाफ, प्रबंधक पांडे, उपाध्यक्ष शिवमोहन सिंह व कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल द्विवेदी ने कॉलेज के प्रबंध समिति के पूर्व उपाध्यक्ष, संस्कार भारती के संस्थापक व डीएसएन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे देवेंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शोकसभा कर दो मिनट का मौन रख उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामजी गुप्ता, प्रधानाचार्य राम शंकर अवस्थी, शिक्षक बृजेश त्रिपाठी, सुधीर, चारु चंद्र द्विवेदी, अभिषेक तिवारी, विनय मिश्रा, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

भंडारे का प्रसाद चखकर की बाबा की जयकार

औरास। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के समापन के पूर्व पूर्ण आहुति व भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का प्रसाद पाकर कन्याओं व भक्तों ने बाबा नागेश्वर के लगाए जयकारे। विकासखंड औरास के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन किनारे लोधाटीकुर गांव के सामने बाबा नागेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर पूर्ण आहुति व भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु और आने जाने वाले राहगीरों व कन्याओं ने प्रसाद लेकर बाबा नागेश्वर की जय जयकार की। इस भंडारे के आयोजन में सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

बाइक में अचानक लगी आग, मची अफरा-तफरी

औरास। थानाक्षेत्र के कुशल खेड़ा गांव के मजरा मिर्जापुर अजिगांव में इवेंट से वापस आए सिपाही संत कुमार व होमगार्ड राम नारायण थाने के पास पीआरवी बाइक से जनसेवा केंद्र के सामने पहुंचे और वहां स्थित दुकान में फोटोकापी कराने लगे। तभी उनकी बाइक में अचानक शार्टसर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख वहां मौजूद लोगों ने पानी व धूल डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कांस्टेबल संत कुमार में मदद करने वालों का आभार जताया।

गर्मी में गश खाकर गिरा युवक, मौत

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार को तेज धूप होने के कारण एक युवक फोरलेन से भातूफार्म जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी वह अचानक गश खाकर गिर गया। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे इलाज के लिये भर्ती कराया। शुक्रवार को एक युवक गायत्री नगर भातू फार्म को जाने वाले रास्ते से जा रहा था, तभी तेज धूप में वह अचानक गश खाकर गिर गया और बेहोश हो गया। काफी देर तक वह पड़ा रहा। यह देख आस पास के लोग दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद उसे इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद उसके घर में सूचना दी गई। गायत्री नगर निवासी आशा मिश्रा ने बताया कि रमेश को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

छह दिन से लापता छात्र दिल्ली के पहाड़पुर में मिला

पुरवा। नगर के मिर्री चौराहा निवासी शिवलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय पौत्र हर्षित कक्षा 7 का छात्र है। वह 25 मई की दोपहर घर से मिर्री चौराहा जाने की बात कहकर निकला था। हर्षित के घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित बाबा की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह ई-रिक्शा से उतरकर लोहिया बस से उन्नाव की ओर जाते दिखा। इसके बाद उसकी लोकेशन दिल्ली के पहाड़पुर में मिलने पर पुलिस ने उसे वहां से सकुशल खोज निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि लापता छात्र को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में गोली मारकर की थी हत्या, 30 जुलाई 2022 को घटना को दिया था अंजाम

किन्नर हत्याकांड में शामिल दो किन्नरों को अजीवन कारावास

33 हजार रुपये का कोर्ट ने दोषियों पर लगाया जुर्माना

01 नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत दो साल पहले हुए बहुचर्चित मुस्कान किन्नर हत्याकांड के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने इसमें शामिल दो किन्नरों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए। साथ ही इन पर 33-33 हजार का जुर्माना भी लगाया। वहीं हत्याकांड की मास्टर माइंड बताई गई रूबी किन्नर अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बबरअली खेड़ा मोहल्ला निवासी मुस्कान किन्नर की 30 जुलाई-2022 की रात गोली मारकर हत्या हुई थी। मुस्कान के साथ शिष्य बन कर रह रही मुरादाबाद जिला निवासी किन्नर रूबी, मथुरा की सलोनी व झांसी की अन्नू पर मथुरा के थाना चंद्रावली के यमुनापल्ली लक्ष्मीनगर निवासी उसके पति सोनू किन्नर ने तीनों के विरुद्ध पत्नी की हत्या और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद मुस्कान के घर की सघन तलाशी जांच की गई थी लेकिन, कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा था। इसी दौरान हत्यारों तक पहुंचने में जुटी पुलिस को सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस हुई थी। इस पर पुलिस टीमों ने अलग-अलग जिलों से नामजद किन्नर सलोनी उर्फ संदीप व किन्नर अन्नू उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लूटा गया सोना, चांदी व नगदी बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन एसएचओ सफीपुर अवनीश सिंह ने जांच के बाद दोनों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए एक नवम्बर-2022 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता आनंद गौड़ व मनोज पांडेय द्वारा पेश की गई दलील व पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर एडीजे शिप्रा आर्या ने सलोनी व अन्नू किन्नर को अजीवन कारावास का आदेश दिया। साथ ही पुलिस को फरार आरोपी को भी शीघ्र पकड़ने के आदेश दिए। बता दें कि लूट की रकम व जेवरात तीनों ने बराबर बांटे थे।

लूट के बाद हत्या के दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्त की मदद से अपनी मौसी की हत्या के बाद लूट करने वाले दो आरोपियों को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी करार दिया। अजीवन कारावास के साथ उन पर 55-55 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूरन नगर निवासी आलोक श्रीवास्तव ने 28 जनवरी-2014 को मां इंद्राणी श्रीवास्तव की हत्या की रिपोर्ट अज्ञात लोगों पर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 जनवरी को आयुर्वेदिक अस्पताल वार्डब्वाय उनके पिता प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव सुबह आठ बजे अपनी ड्यूटी चले गये थे। वह लोकनगर मोहल्ला स्थित अपनी मोबाइल गया था। घर पर उसकी मां थी। दोपहर दो बजे पड़ोसी मोनू नाई ने दुकान पहुंचकर मां की हत्या की जानकारी दी। मां के गले में मफलर कसा था और घर में खून फैला पड़ा था। सदर कोतवाली पुलिस ने जांच में जुटी थी। तभी 22 फरवरी-2014 को मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन घर में लूटपाट भी हुई थी।

उनके घर में नौबस्ता कानपुर निवासी साढ़ू का लड़का विनय श्रीवास्तव भी आता था। पुलिस ने उसकी सीडीआर निकालकर जांच शुरू की और शक के आधार पर उससे पूछताछ की। जिसमें वह टूट गया और गुनाह कबूल कर लिया था। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल विनय व उसके दोस्त पिंटू को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लूटा गया माल बरामद कर उन्हें जेल भेजा था।

तत्कालीन एसएचओ धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध 22 मई-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। लगभग 10 वर्षों से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अजय कुशवाहा की ओर से पेश की गई दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने विनय श्रीवास्तव व पिंटू सिंह को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए।

गैंगस्टर एक्ट में शातिर को दो साल की सजा

अमृत विचार उन्नाव। असोहा पुलिस ने क्षेत्र में गैंग बनाकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के साथ असलहों के बल पर आतंक कायम कर धन अर्जित करने वाले गैंग लीडर वारिश पुत्र मुंशी निवासी गांव महाचिक भीटा कोतवाली देहात हरदोई के विरुद्ध आठ अगस्त-2013 को गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। आईओ जितेंद्र बहादुर सिंह ने एक अप्रैल-2014 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को एडीजे-5 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वाश त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे जयवीर सिंह नागर ने वारिश को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और पांच हजार का जुर्माना लगाया है।

डीआरएम को सामने खड़े देख सकते में आया स्टाफ

सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण करते डीआरएम एसएन शर्मा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। डीआरएम लखनऊ मंडल एसएन शर्मा ने अजगैन रेलवे स्टेशन का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षित व सुरक्षित रेल परिचालन का जायजा लेते हुए ऑन ड्यूटी स्टाफ से संवाद करते हुए आवश्यक चीजों को समझा।

गर्मी के प्रतिकूल मौसम में पटरियों सहित अन्य उपकरणों में आने वाली खराबियों के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने मातहत अधिकारियों को स्टेशनों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसी क्रम में क्रास चेकिंग के लिए वे खुद भी रात्रि निरीक्षण पर निकल रहे हैं। इसके चलते बीती गुरुवार रात डीआरएम अजगैन रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम को अचानक स्टेशन पर देख वहां ड्यूटी पर तैनात एएसएम सहित अन्य स्टाफ सकते में आ गया। हालांकि, उच्चाधिकारी ने इसे रुटीन का हिस्सा बताते हुए कर्मियों से संरक्षा उपायों से संबंधी सवाल करने शुरू कर दिए। डीआरएम ने जहां विभिन्न संकेतकों से संबंधित सवाल किए वहीं रेल पटरियों व ओएचई लाइन के अनुरक्षण के सबंध में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना हर रेलकर्मी का दायित्व है। इसलिए सभी को अपने-अपने स्तर से सुरक्षित व संरक्षित यात्रा सुविधाओं पर तवज्जो देनी चाहिए।

पुलिस मुठभेड़ में हत्याकांड के आरोपी का सहयोगी घायल

हरदोई, अमृत विचार : पाली के युवराज हत्याकांड के आरोपियों के सहयोगी कामरान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। कामरान के के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान दो कांस्टेबिल भी ज़ख्मी हुए हैं। पुलिस का दावा है कि कामरान ने ही हत्यारोपियों तक तमंचा पहुंचाया था। गुरुवार को पाली कस्बे में युवराज सिंह उर्फ युवी सिंह की हत्या के बाद पाली का पारा और भी हाई हो गया था। गुरुवार की देर रात को इस मामले में तीन हत्यारोपियो ज़ुबैर, जुनैद और अदनान के खिलाफ 302 का केस दर्ज हुआ था। पुलिस जांच शुरु करती, लेकिन वहां फैले तनाव ने उसे चकरघिन्नी बना कर रख दिया था। उस पर आरोपियों का इनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की जा रही थी। उसी बीच शुक्रवार की शाम को बाबू खां के ईंट-भट्ठे के पास भागने की फिराक में छिपे आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, मौत

शाहाबाद, हरदोई। शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर जनपद के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष पुत्र मदन लाल अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। बाइक से वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया।

ट्रेन की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पत्नी ने सूदखोरों पर ट्रेन के आगे फेंकने का लगाया आरोप

अमृत विचार। कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर लोक नगर क्रासिंग के पास गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आए युवक की मौत हो गई। सूचना पर रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। उसकी पत्नी ने गांव के दो सूदखोरों पर मारपीट के बाद पति को ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी सिर की बायीं ओर की हड्डी टूटी मिलने के साथ एक ही तरफ सात चोटें भी मिली हैं। जो हादसे में मौत होने का इशारा कर रही हैं। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

दिलीप गौतम।

सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्तीनगर गांव निवासी दिलीप गौतम (27) पुत्र स्व. रामसेवक दुबई में नौकरी करता था। एक साल पहले वह घर लौट आया था फिर विदेश नहीं गया। यहां उसने एक ई-रिक्शा खरीदा और उसे चलाकर वह अपनी जीविका चलाता था। गुरुवार शाम करीब तीन बजे वह घर से बाइक लेकर निकला था। शाम सात बजे तक वापस न लौटने पर पत्नी मोनी ने उसे फोन किया। पत्नी ने बताया कि उसके पति ने उसे बताया कि गांव के दो युवक उसे मिल गए हैं। उन्होंने उसे शराब पिलाई है। ई-रिक्शा खरीदने के लिए ब्याज पर दिए रुपये लौटाने की बात कह रहे हैं। उन लोगों ने उसकी बाइक भी छीन ली है। इसके बाद पति का मोबाइल बंद हो गया। पत्नी व अन्य परिजन उसकी तलाश में निकले तभी रात 11 बजे दिलीप के फोन से काल आई जिसमे उसने पत्नी को बताया कि यह दोनों लोग उसे पीट रहे हैं। मोनी ने उससे जगह जानने की कोशिश की लेकिन, तब तक तो फोन कट गया। देररात करीब ढाई बजे उसे सूचना मिली कि पति का शव लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर लोकनगर क्रॉसिंग से 100 मीटर आगे नहर की ओर अप लाइन में पड़ा मिला है। परिजन वहां पहुंचे तो सदर कोतवाली पुलिस मौके पर थी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि दिलीप गोरखधाम एक्सप्रेस से टकरा गया है। ट्रेन के चालक ने सूचना दी थी। किसी ने फेंका नहीं है। लेकिन परिजन लगातार हत्या का आरोप लगाते रहे। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। उसमें ट्रेन में टकराने से मौत होने की पुष्टि हुई। वह चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां गुड्डी व अन्य परिजन बेहाल हैं। उसकी शादी को तीन साल हुए थे। उसके अभी कोई संतान नहीं थी। आरपीएफ दरोगा लालजी यादव ने बताया ट्रैक के पास बीयर के केन भी मिले है। वहीं युवक के आत्महत्या करने की भी चर्चा रही। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

आक्रोशित आशाओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

डीएम कार्यालय पहुंचीं आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। मानदेय का भुगतान न होने से और अधिक काम लिए जाने से नाराज आशाओं ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। आशाओं ने नाराजगी जताते कहा कि उनसे क्षमता से अधिक काम कराया जाता है। जिसका कोई पैसा भी नहीं दिया जा रहा है। समय पर भुगतान भी नहीं मिलता है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अपनी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को आधा सैकड़ा से अधिक आशाओं ने डीएम को प्रेषित प्रार्थनापत्र में बताया कि अधिकारियों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। वे सभी आभा आईडी और 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सर्वे करने, आयुष्मान कार्ड और पीएमवीवाई व एसीडी फॉर्म के अलावा अन्य जो काम आते हैं वो भी उनसे ही कराए जाते हैं। जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं दिया जाता। अधिकारी हर दिन डीएम का नाम लेकर धमकी देते रहते हैं कि नौकरी से निकलवा देंगे। अगर कोई आशा अपने घर के हालातों से मजबूर न होती तो ढाई से तीन हजार की नौकरी के लिए बच्चों और परिवार को छोड़कर धूप, गर्मी, जाड़ा व बारिश में दिनरात सड़कों पर न भटकती। डीएम गौरांग राठी ने प्रार्थनापत्र पर जांच कराने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वाली आशाओं में ममता पटेल, नीलम, गुड्डी देवी, शांति देवी, रचना आदि मौजूद थीं।

खिलाड़ियों का हुआ चयन

उन्नाव। डीसीए महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि ट्रायल में शामिल 17 खिलाड़ियों के नाम चयन समिति ने उपलब्ध कराए हैं। साथ ही पांच खिलाड़ियों कस स्टैंड बाई के तौर पर चयन हुआ है। इसमें नवरतन कुमार, अंश पटेल, शिवांक गुप्ता, प्रणव द्विवेदी, उज्ज्वल चौधरी, अंकित यादव, प्रियांशु रावत, आयुष, देवाशीष श्रीवास्तव, भावेश मिश्रा, आकाश राठौर, सुमित यादव, शिवम यादव, लोकेश, संदीप यादव, अनमोल पांडेय व सचिन पांडेय मुख्य रूप से शामिल हैं। जबकि दक्ष पटेल, दीपांशु मिश्रा, निखिल त्रिवेदी, निखिल निषाद व सचिन कुमार को स्टैंडबाई के तौर पर रखा गया है। चयनित खिलाड़ी अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता खेलने के लिए नौ जून को लखनऊ रवाना होंगे।

आटो चालक की हत्या के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तीन युवकों ने पूरे विवाद में की थी मारपीट

अमृत विचार। सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस की मदद से गदनखेड़ा चौराहा के पास पांच दिन पहले आटो चालक की पीट पीटकर हुई हत्या की घटना में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेजा गया।

बता दें कि डीह गांव के मजरा जवाहरखेड़ा निवासी आटो चालक सियाराम पाल (22) का 28 मई की रात गदनखेड़ा बाईपास के पास मोटर मार्केट में अज्ञात युवकों से विवाद हो गया था। इसके बाद युवकों ने उसे पीट दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पिता रामनरेश ने 29 मई को अज्ञात युवकों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी शिनाख्त की गई तो उसमें शहर के केवटा तालाब निवासी प्रभात सविता, आदर्श नगर मोहल्ले के आलोक रावत और वहीं के आकाश राठौर के नाम प्रकाश में आए। एसओजी की मदद से तीनों को पुलिस ने उठाया। पूछताक्ष में उन लोगों ने बताया कि 27 मई को रामलीला मैदान के पास सियाराम से पहले सवारियां बैठाने को लेकर विवाद हुआ था।

अलग-अलग जगह पड़े मिले दो अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले की पुरवा कोतवाली और सोहरामऊ थानाक्षेत्र में दो शव संदिग्ध हालात में पड़े मिले। पुलिस ने उनकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन, कामयाबी नहीं मिली। इस पर पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाकर उनकी पहचान के प्रयास तेज किये हैं।

केस-1 : असोहा थानाक्षेत्र के ओगरापुर गांव के पास गुरुवार शाम सड़क किनारे करीब (42) वर्षीय युवक को पड़ा देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन, वहां मौजूद लोग उसकी शिनाख्त नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया लेकिन, सफलता नहीं मिली। वह सफेद शर्ट और नीले रंग की जींस पहने है। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। एसओ रामऔतार ने बताया कि सड़क किनारे युवक पड़ा मिला था। अस्पताल ले जाते समय मौत हुई है। पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

केस-2 : पुरवा। कस्बा के मिर्री चौराहा के पास शीतलगंज मोहल्ला निवासी पप्पू के खाली पड़े प्लाट में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध अवस्था में 42 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। सीओ सोमेंद्र विश्वास ने भी जांच की। एसएचओ व फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव मर्चरी भेजा है। युवक लाल टीशर्ट व नीली जींस पहने है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हुई।

अत्यवस्था | भीषण गर्मी में उड़ती धूल से लोग हो रहे हैं बीमार, कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की मांग

निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर उड़ रही धूल, राहगीर परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

तेज धूप में एक्सप्रेस-वे पर उड़ती धूल। अमृत विचार

अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे पर निर्माण के दौरान इस भीषण गर्मी में उड़ती धूल लोगों को बीमार कर रही है। दम घुटने से परेशान लोगों ने कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई करने की मांग की है। जिले की चार तहसीलों से होकर निकल रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का इन दिनों निर्माण हो रहा है। इसका निर्माण करा रही कार्यदायी संस्था पहले मिट्टी भरान करा रही है। इसके लिए रोजाना सैकड़ों मिट्टी लदे डंपर क्षेत्र के गावों व कस्बा से होकर निकलते हैं। डंपरों में ऊपर तक भरी मिट्टी सड़क पर गिरती है। वहीं संस्था द्वारा मिट्टी जगह-जगह जमा भी की गई है। ऐसे में वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल लोगों का दम घोंट रही है। धूल के कारण राहगीरों व वाहन चालकों का सड़क पर चलना दूभर हो गया है। श्वांस के जरिए शरीर में जा रही धूल लोगों को बीमार कर रही है। हसनगंज, सदर, पुरवा व बीघापुर तहसील के 76 गावों के लोग धूल से बीमार हो रहे हैं।

गर्मी में एक भी दिन नहीं हुआ पानी का छिड़काव

ग्रामीणों के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था ने धूल से बचाने को एक भी दिन पानी का छिड़काव नहीं किया। ऐसे में जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल से पीछे से आ रहे वाहन चालकों को आगे कुछ दिखता ही नहीं है। इससे बीते दो माह में कई हादसे भी होते बचे हैं।

खांसी, दमा व श्वांस के साथ एलर्जी की भी बढ़ रही समस्या

एक्सप्रेस-वे के पास स्थित मार्गों से रोज राहगीरों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों का आवागमन होता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के निकलने से धूल का गुबार उठता है। आलम यह है कि मुंह पर कपड़ा बांधने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक व आंख से शरीर में चले जाते हैं। जो श्वसन तंत्र में जलन, खांसी, दमा, एलर्जी, खुजली व फेफड़ों के संक्रमण का कारण बनते हैं। वहीं इन कणों में मौजूद पराग कण व बीजाणु एलर्जी को ट्रिगर करते है। जिससे छींकने, आंख में पानी आने, खुजली व त्वचा पर चकत्ते पड़ने की समस्या हो रही है। इससे क्षेत्र की सीएचसी-पीएचसी में इन बीमारियों से ग्रसित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

परेशान ग्रामीणों ने डंपरों को रोककर लगाया जाम

उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र के गांव खम्भार खेड़ा के मजरे ओरहर से 200 मीटर दूर गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण जोरों पर है। एक्सप्रेस-वे पर एक सैकड़ा से अधिक डंपरों से आसपास के गावों से मिट्टी खोदकर बिना पानी का छिड़काव किये ले जाया जा रहा है। गुरुवार रात खम्भार खेड़ा के ग्रामीण एकजुट होकर एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे और वहां मिट्टी लदे डंपरों को रोककर जाम लगा दिया। ग्रामीणों में बच्चा सिंह, बाबू, श्याम यादव, रामचंद्र सिंह, राम औतार सहित आधा सैकड़ा लोग मौके पर जिम्मेदारों को बुलाने की मांग पर अड़ गये। उनका कहना था कि एक्सप्रेस-वे पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है।

कशिश को बचाने आगे आए समाजसेवी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : मौत और जिंदगी ऊपर वाले के हाथ में है। लेकिन अगर सच्चे मन से प्रार्थना की जाए तो ऊपर वाला भी रहमत देता है।

दिल्ली के एम्स में मौत और जिंदगी से लड़ रही हरदोई की 22 वर्षीय बेटी कशिश के लिए सच्चे मन से की गई लोगों की एक कोशिश उसे दोबारा जिंदगी दे सकती है। इसी कड़ी में उसकी मदद के लिए जिले के समाजसेवी आगे आए हैं। तमाम स्वयंसेवी संगठन और समाजसेवियों की कोशिश है एक बेटी की जान बचाना। कोयल बाग कॉलोनी की कशिश शर्मा का लीवर ट्रांसप्लांट होना है और उसके लिए तकरीबन 20 लाख रुपये का खर्च बताया गया है। इतनी मोटी रकम का बंदोबस्त करना उसके पिता हरिओम के बस में नहीं था। ऐसे में कशिश को बचाने के लिए सोशल मीडिया पर शुरू की गई मुहिम ने तेजी पकड़ ली है। गुरुवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ टीटू ने गल्ला मण्डी के व्यापारियों से इकट्ठा किए गए एक लाख 12 हज़ार 500 रुपये कशिश शर्मा के पिता के ऑनलाइन बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए। यही नहीं, समाजसेवी और व्यापारी ट्वीट कर इस बेटी के इलाज में सहायता करने की लोगों से अपील कर रहे हैं।

अस्पताल में भर्ती कशिश।

पीलिया से शुरू हुई थी बीमारी

बताते है कि कशिश शर्मा को पीलिया हुआ था। उसके पिता हरिओम ने हरदोई के बाद उसे लखनऊ के डाक्टरों को दिखाया। उसके बाद उसे दिल्ली के एम्स में दिखाया तो वहां के डाक्टरों ने कशिश की ज़िंदगी बचाने के लिए लीवर ट्रांसप्लांट करने की बात कही और कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर ऐसा नहीं होता है तो उसकी जिंदगी खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में अब हरिओम बेटी के इलाज के लिए राशि इकट्ठा करने में जुटे हैं।

कई समाजसेवियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आपका डोनेशन एक बेटी का जीवन बचा सकता है। इस बेटी को इलाज की जरूरत है, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोग इसका ट्वीट व व्हाट्सअप मैसेज लोगों में शेयर करें।

किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4.79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96.8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

100 करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

अमृत विचार । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस

- पाटिलपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा

- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद

- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी

- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

अमृत विचार। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।

- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

- सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,961.31	22,530.70
बढ़त	75.71	42.05
प्रतिशत में	0.10	0.19

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 1 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

6.2% रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक

उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई जबकि सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

राजकोषीय घाटा बीते वर्ष 2023-24 में सुधरकर जीडीपी के 5.63 प्रतिशत पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 44,42,542 करोड़ रुपये रहा है जिसमें से 34,94,036 करोड़ राजस्व खाते से और 9,48,506 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय किया गया है। कुल राजस्व व्यय में से 10,63,871 करोड़ ब्याज भुगतान में और 4,13,542 करोड़ प्रमुख सब्सिडी के तौर पर हुआ है।

टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सुमित मजूमदार उल्लंघन के समय कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक थे। इसके अलावा, तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी रमेश अग्रवाल और पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शिबादित्य घोष पर 25-25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज रेटिंग्स एजेंसी ने जताई है संभावना

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया।

मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आ सानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है, जो 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है। कहा-हम आम चुनाव के बाद बुनियादी ढांचे के वृद्धि पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद करते हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	94,650
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,200
गिन्नी (प्रति नग)	55,300-55,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,900
सोना जेवरात गिन्नी	71,900
चांदी पक्की	890 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	91,000।

विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

मुंबई। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़

रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय

देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा-इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

31 मई तक घटकर रही गई 5.864 बीसीएम क्षमता

सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

इंफाल। चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

एक नजर

अदालत ने नीरव माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

मुंबई। महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया,"व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

ईडी को सात जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सात जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए सात जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी। विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला

किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि

इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

दिल्ली सरकार ने अधिक पानी की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

फाइल फोटो

अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका

न्यूयॉर्क। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

हमें हालात को समझना होगा : रोहित

न्यूयॉर्क। नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे। रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

काठमांडू। नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन। निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

ग्रुप ए
- भारत
- पाकिस्तान
- आयरलैंड
- कनाडा
- यूएसए

ग्रुप बी
- इंग्लैंड
- ऑस्ट्रेलिया
- नामीबिया
- स्कॉटलैंड
- ओमान

ग्रुप सी
- न्यूजीलैंड
- वेस्टइंडीज
- अफगानिस्तान
- युगांडा
- पापुआ न्यू गिनी

ग्रुप डी
- दक्षिण अफ्रीका
- श्रीलंका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- नेपाल

टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

दिनांक	मुकाबले	शहर
1 जून	यूएसए बनाम कनाडा	डलास
2 जून	वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी	गुयाना
	नामीबिया बनाम ओमान	बारबाडोस
3 जून	श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	अफगानिस्तान बनाम युगांडा	गुयाना
4 जून	इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
	नीदरलैंड बनाम नेपाल	डलास
5 जून	**भारत बनाम आयरलैंड**	**न्यूयॉर्क**
	पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा	गुयाना
	ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान	बारबाडोस
6 जून	यूएसए बनाम पाकिस्तान	डलास
	नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
7 जून	कनाडा बनाम आयरलैंड	न्यूयॉर्क
	न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान	गुयाना
	श्रीलंका बनाम बांग्लादेश	डलास
8 जून	नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड	बारबाडोस
	वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा	गुयाना
9 जून	**भारत बनाम पाकिस्तान**	**न्यूयॉर्क**
	ओमान बनाम स्कॉटलैंड	एंटीगुआ
10 जून	दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश	न्यूयॉर्क
11 जून	पाकिस्तान बनाम कनाडा	न्यूयॉर्क
	श्रीलंका बनाम नेपाल	फ्लोरिडा
	ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया	एंटीगुआ
12 जून	**यूएसए बनाम भारत**	**न्यूयॉर्क**
	वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड	त्रिनिदाद
13 जून	इंग्लैंड बनाम ओमान	एंटीगुआ
	बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड	सेंट विंसेंट
	अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
14 जून	यूएसए बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा	त्रिनिदाद
15 जून	**भारत बनाम कनाडा**	**फ्लोरिडा**
	नामीबिया बनाम इंग्लैंड	एंटीगुआ
	ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड	सेंट लूसिया
16 जून	पाकिस्तान बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	बांग्लादेश बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	श्रीलंका बनाम नीदरलैंड	सेंट लूसिया
17 जून	न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
	वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान	सेंट लूसिया
19 जून	ए2 बनाम डी1	एंटीगुआ
	बी1 बनाम सी2	सेंट लूसिया
20 जून	सी1 बनाम ए1	बारबाडोस
	बी2 बनाम डी2	एंटीगुआ
21 जून	बी1 बनाम डी1	सेंट लूसिया
	ए2 बनाम सी2	बारबाडोस
22 जून	ए1 बनाम डी2	एंटीगुआ
	सी1 बनाम बी2	सेंट विंसेंट
23 जून	ए2 बनाम बी1	बारबाडोस
	सी2 बनाम डी1	एंटीगुआ
24 जून	बी2 बनाम ए1	सेंट लूसिया
	सी1 बनाम डी2	सेंट विंसेंट
26 जून	**सेमीफाइनल-1**	गुयाना
27 जून	**सेमीफाइनल-2**	त्रिनिदाद
29 जून	**फाइनल**	**बारबाडोस**

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया

ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

पेरिस, एजेंसी

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।

आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।

यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

खेल डायरी

नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)। मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

गांधीनगर। अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

सेमीफाइनल में पहुंची त्रिशा-गायत्री

सिंगापुर ओपन

कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

बैंकॉक, एजेंसी

- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले कर चुकीं टिकट पक्कता
- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने वासिल सेबोटारी को हराया

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारी अंकुशिता

बैंकॉक। अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी

- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।

कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी

वाशिंगटन। भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

बूंद-बूंद पानी को तरसा मानव कंठ

पेयजल की समस्या आज दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय है। स्वच्छ पेयजल तक पहुंच न होना कई देशों में स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का कारण बनता जा रहा है। यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है, लेकिन विकसित देशों में भी जल प्रदूषण और जल स्रोतों की कमी एक चिंता का विषय बना हुआ है... आईए जानते है इसके कारण और निवारण के विषय में...

मुख्य समस्याएं

- **जल की कमी :** शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की प्राकृतिक उपलब्धता कम होती है। जलवायु परिवर्तन से बारिश के क्रम में बदलाव आ रहा है, जिससे दबाव बढ़ रहा है।
- **जल प्रदूषण :** उद्योगों के अपशिष्ट, उर्वरक व कीटनाशकों का उपयोग और सीवेज का जल स्रोतों में मिलना मुख्य कारण है।
- **अपर्याप्त जल आपूर्ति :** कई स्थानों पर जल आपूर्ति की प्रणाली काफी पुरानी और खराब है। जल आपूर्ति और जल शोधन में निवेश की कमी से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** दूषित जल से हैजा, डायरिया, व टाइफॉइड जैसे रोग होते हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ रही है।

समाधान

- **जल संरक्षण :** हमें बारिश के पानी को तकनीक का प्रयोग कर संग्रहित करना चाहिए। ड्रिप इरिगेशन और अपशिष्ट जल का शोधन और पुन: उपयोग करना चाहिए।
- **प्रदूषण पर नियंत्रण :** उद्योगों के अपशिष्ट जल का शोधन, उचित सीवेज प्रणाली और संयंत्रों की स्थापना, कीटनाशकों का संयमित उपयोग कर जल बचाया जा सकता हैं।
- जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार : उन्नत तकनीक, जल आपूर्ति और शोधन प्रणालियों में निवेश और सख्त नीतियों से आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।
- जन जागरूकता : लोगों को जल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में शामिल करने से जल संरक्षण के कार्य में सुधार हो सकता है।

संकटग्रस्त क्षेत्र

- महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में अनियमित बारिश, और जल प्रबंधन की कमी से सूखा पड़ता है ।
- तमिलनाडु के चेन्नई में भूजल स्तर में गिरावट और जल निकायों का अपर्याप्त संरक्षण।
- राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क है, जहां प्राकृतिक जल स्रोतों की कमी, उच्च तापमान, और अपर्याप्त वर्षा से पानी की कमी।
- उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपर्याप्त बारिश, जल संचयन की कमी और भूजल के दोहन से जल संकट से परेशान है।
- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना व गुजरात भी भूजल में गिरावट से प्रभावित हैं।
- पंजाब-हरियाणा में अत्यधिक कृषि से भूजल स्तर में गिरावट आई है।
- भूजल स्तर में गिरावट और जल प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली भी पेयजल संकट से परेशान है।

एक नजर

मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

मिनियापोलिस (अमेरिका)। अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

ब्रातीस्लावा। स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

नोएडा के आवासीय सोसायटी के बाजार में लगी आग

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुक्रवार को एक बहुमंजिला आवासीय सोसायटी के बाजार की एक दुकान के बाहर आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली जोडिएक में लगी आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद बाजार के भूतल में एक किराने की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लग गई। इस घटना में कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।

ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

बर्लिन। जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह जाएंगे चीन

इस्लामाबाद/बीजिंग। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग से वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के लिए खाका तैयार करेंगे।

पुणे कार दुर्घटना

बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने एक नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। उसने तेज रफ्तार लग्जरी कार से मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों - अश्विनी कोष्ठा और अनीश अवधिया को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी। विशाल अग्रवाल (50) को 27 मई को देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके पिता सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग आरोपी की मां शिवानी वी. अग्रवाल भी अब अपने बेटे के खून की रिपोर्ट की अदला-बदली की जांच के सिलसिले में पुलिस की रडार पर आ गई हैं, जिसे जाहिर तौर पर गंभीर अपराध के आरोप से उसे बचाने के लिए बदला गया था।

पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जांच के लिए किशोर न्याय बोर्ड से अनुमति मांगी

पुणे। पुणे पुलिस ने रक्त नमूनों को लेकर आए नये मोड़ के बीच इस दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग के खिलाफ जांच की अनुमति लेने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त 'पोर्श' कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। आरोपी को पांच जून तक संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि हमने जेजेबी को पत्र लिखकर इस मामले में नाबालिग के खिलाफ जांच करने की अनुमति मांगी है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किया हमला

वाशिंगटन, एजेंसी

- यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों को किया गया ध्वस्त

लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर इस सैन्य अभियान की जानकारी दी। अमेरिका ने यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों में आठ मानवरहित हवाई यान पर भी हमला किया, जो अमेरिकी और उसकी साथी सेनाओं के लिए खतरा माने जा रहे थे। इस वर्ष 12 जनवरी के बाद से यह पांचवीं बार है जब अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया है। बहरहाल, अमेरिका विद्रोहियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए लगभग रोजाना हमले कर रहा है, जिसमें जहाजों को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमले को रोकना भी शामिल है।

हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले तेज किये हैं। विद्रोही इजराइल से गाजा में युद्ध की समाप्ति की मांग कर रहे हैं, जिसमें 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गये हैं।

दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

वाशिंगटन, एजेंसी

- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार किए अर्जित

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को हराया। फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाये। बृहत का चैम्पियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए। आयोजकों ने कहा कि बृहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन। अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है। बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया।

50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल



- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

अमृत विचार : प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।

समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यवारणविद्द चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

मुंबई। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।